- शिक्षार्थी भारत के गीत, नृत्य, पर्व और निश्चित मौसम में प्रमुख प्रकार के भोजन की पहचान, साथ ही क्या एक क्षेत्र की दूसरे क्षेत्र से कुछ समानता है? इसकी पहचान करें। शिक्षार्थी द्वारा अपने विद्यालय क्षेत्र के आस-पास की वनस्पति एवं पशु जगत से पदार्थों/सूचनाओं को एकत्र करना। इसमें उन प्रजातियों की सूची बनाना, जिनका अस्तित्व खतरे में है एवं उनको सुरक्षित करने से सम्बन्धित प्रयासों की सूचना सूचीबद्ध करना।

<u>पोस्टर</u>-

- नदी-प्रदूषण।
- वनों का क्षरण एवं पारिस्थितिकीय असंतुलन।

नोट- कोई समान गतिविधि भी चुनी जा सकती है।

<u>प्रोजेक्ट कार्य</u> -

- शिक्षक अपने विवेकानुसार पाठ्यक्रम से सबंधित कोई 3 प्रोजेक्ट प्रत्येक 5-5 अंक छात्र/छात्राओं को वितरित कर सकते हैं।

प्रोजेक्ट कार्य हेतु अंक वितरण :

1.	विषयवस्तु की मौलिकता एवं शुद्धता	-	1 अंक
2.	प्रस्तुतीकरण तथा रचनात्मकता	-	1 अंक
3.	प्रोजेक्ट पूरा करने की प्रक्रिया		

	- पहल करना, सहयोगिता, सहभागिता तथा समयबद्धता	-	1 अंक
4.	विषयवस्तु आत्मसात करने हेतु मौखिक अथवा लिखित परीक्षा	-	2 अंक

05-05 अंकों के तीन त्रैमासिक टेस्ट = 15 अंक
3 प्रोजेक्ट प्रत्येक 05 अंक के = 15 अंक
योग- 30 अंक

नोटः- प्रोजेक्ट कार्य का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

विषय– विज्ञान
(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

निर्धारित पाठ्य वस्तु–

इकाई–1

द्रव एवं व्यवहार–मोल संकल्पनाः मोल का कण के द्रव्यमान तथा संख्या से सम्बन्ध।

परमाणु की संरचना-सामान्य यौगिकों के रासायनिक सूत्र, समस्थानिक तथा समभारिक।

इकाई–2

स्वास्थ्य एवं रोग- स्वास्थ्य तथा इसका खराब होना, संक्रामक एवं असंक्रामक बीमारियाँ, कारण एवं लक्षण, सूक्ष्मजीव द्वारा उत्पन्न रोग (वाइरस, बैक्टीरिया एवं प्रोटोजोएन्स एवं उनकी रोकथाम, उपचार के नियम एवं रोकथाम, पल्सपोलियो कार्यक्रम।

इकाई–3- गति बल और कार्य-

गति- ग्राफीय विधि से गति के समीकरण की व्युत्पत्ति, एकसमान वृत्तीय गति की प्रारम्भिक धारणा।

बल एवं न्यूटन का नियम- संवेग संरक्षण की प्रारंभिक धारणा।

गुरूत्वाकर्षण- द्रव्यमान और भार, मुक्त पतन।

प्लवन- आपेक्षिक घनत्व की प्रारम्भिक धारणा।

कार्य, ऊर्जा एवं सामर्थ्य- ऊर्जा संरक्षण का नियम।

ध्वनि- प्रतिध्वनि, सोनार (SONAR), मानव कर्ण की संरचना (केवल श्रवण सम्बन्धी पक्ष)।

इकाई–4 : हमारा पर्यावरण-

प्राकृतिक संसाधन- वायु की गति- पवनें एवं भारत में वर्षा लाने में इनकी भूमिका।
जैव रासायनिक चक्र- कार्बन।

इकाई–5 : खाद्य उत्पादन-

पादप एवं जन्तु जनन एवं गुणवत्ता संवर्धन हेतु चयन एवं प्रबन्धन।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय-विज्ञान

कक्षा-9

इसमें 70 अंक की लिखित परीक्षा एवं 30 अंक का प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट कार्य होगा।

क्र0 सं0	इकाई	अंक
1.	द्रव्य-प्रकृति एवं व्यवहार	20
2.	सजीव जगत में संगठन	15
3.	गति, बल तथा कार्य	25
4.	हमारा पर्यावरण	06
5.	खाद्य उत्पादन	04
	योग	70
	प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट कार्य	30
	कुल योग	100

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा केवल प्रश्नपत्र की होगी तथा 30 अंकों का प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट कार्य होगा।

इकाई-1 द्रव्य एवं व्यवहार **20 अंक**

द्रव्य की परिभाषा, ठोस, द्रव तथा गैसीय अवस्था के लक्षण- आकार, आयतन, घनत्व, अवस्था में परिवर्तन-गलनांक (ऊष्मा का अवशोषण) हिमांक, क्वथनांक, वाष्पन (वाष्पीकरण के कारण शीतलता) संघनन, ऊर्ध्वपातन।

द्रव्य की प्रकृति–तत्व, यौगिक तथा मिश्रण, समांगी तथा विषमांगी मिश्रण, कोलाइड तथा निलम्बन।

कण प्रकृति, आधारभूत इकाइयाँ–परमाणु एवं अणु, रासायनिक संयोजन के नियम, स्थिर अनुपात का नियम, द्रव्यमान संरक्षण का नियम, परमाणु द्रव्यमान तथा आण्विक द्रव्यमान,

परमाणु की संरचना–इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन तथा न्यूट्रॉन/संयोजकता।

इकाई–2 सजीव जगत में संगठन **15 अंक**

(i) **कोशिका**–कोशिका जीवन की आधारभूत इकाई, प्रोकैरियोटिक एवं यूकैरियोटिक कोशिका, बहुकोशिकीय जीव, कोशिका कला एवं कोशिका भित्ति, कोशिकांग एवं कोशिकाद्रव्य, क्लोरोप्लास्ट, माइटोकान्ड्रिया, रिक्तिकाएं, एण्डोप्लाज्मिक रैटीक्युलम, गाल्जीकाय, केन्द्रक, क्रोमोसोम्स।

(ii) **ऊतक, अंग, अंगतन्त्र, जीव**–जंतु एवं वनस्पति ऊतक, संरचना और कार्य, (जन्तुओं में चार प्रकार के ऊतक- एपीथीलियम, संयोजी, पेशी एवं तंत्रिका), विभज्योतकी एवं स्थायी ऊतक (वनस्पतियों में)।

(iii) **जीवों में विविधता**–वनस्पतियों एवं जन्तुओं में विविधता, वर्गीकरण का आधार, श्रेणियों/समूहों की पदानुक्रमित संरचना- वनस्पतियों के प्रमुख समूह- बैक्टीरिया, थैलोफाइटा, ब्रायोफाइटा, टेरिडोफाइटा, जिम्नोस्पर्म एवं एंजियोस्पर्म (प्रमुख विशेषताएं), जन्तुओं के प्रमुख समूह (नानकार्डेटा संघ तक), (कार्डेटा वर्ग तक), प्रमुख विशेषताएँ।

इकाई–3 : गति, बल और कार्य **25 अंक**

गति–दूरी और विस्थापन, वेग; एक सरल रेखा में एकसमान और असमान गति; त्वरण, एकसमान गति एवं एकसमान त्वरित गति के लिए दूरी–समय तथा वेग–समय ग्राफ,

बल एवं न्यूटन का नियम–बल एवं गति, न्यूटन के गति का नियम, क्रिया एवं प्रतिक्रिया बल, वस्तु का जड़त्व, जड़त्व तथा द्रव्यमान, संवेग, बल एवं त्वरण।

गुरूत्वाकर्षण–गुरुत्वाकर्षण, गुरुत्वाकर्षण का सार्वत्रिक नियम, पृथ्वी का गुरुत्वीय बल (गुरुत्व), गुरुत्वीय त्वरण।

प्लवन –प्रणोद तथा दाब, आर्किमीडीज का सिद्धान्त, उत्प्लावनबल,

कार्य, ऊर्जा एवं सामर्थ्य–बल द्वारा किया गया कार्य, ऊर्जा, सामर्थ्य, गतिज एवं स्थितिज ऊर्जा।

ध्वनि–ध्वनि की प्रकृति और विभिन्न माध्यमों में इसका संचरण, ध्वनि की चाल, मनुष्यों में श्रव्यता का परिसर, पराध्वनि, ध्वनि का परावर्तन।

इकाई–4 : हमारा पर्यावरण **06 अंक**

प्राकृतिक संसाधन– वायु, जल, मृदा, वायु- श्वसन के लिये, दहन के लिये, तापमान नियंत्रण के लिये।

वायु, जल एवं मृदा प्रदूषण (सामान्य परिचय) ओजोन पर्त में छिद्र एवं सम्भावित अवक्षय।

जैव रासायनिक चक्र- जल, आक्सीजन एवं नाइट्रोजन।

इकाई–5 : खाद्य उत्पादन **04 अंक**

खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग, रोग एवं कीटों से बचाव, आर्गेनिक कृषि।

प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्याँकन विद्यालय स्तर पर आंतरिक होगा, प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् है:-

1–तीन प्रयोग	–	3×3	=	09 अंक
2–मौखिक कार्य	–		=	03 अंक
3–सत्रीय कार्य	–		=	03 अंक
		कुल अंक	=	**15 अंक**

प्रयोगात्मक कार्यों की सूची

1. निम्नांकित विलयन तैयार करना-
   (a) नमक, चीनी तथा फिटकरी का वास्तविक विलयन बनाना।
   (b) मिट्टी, खड़िया और महीन बालू का जल में निलम्बन तैयार करना।
   (c) जल में मण्ड और जल में अण्डे की सफेदी की कोलाइड का निम्न के आधार पर अन्तर स्पष्ट करना-
   (i) पारदर्शिता (ii) छानना (iii) स्थायित्व
2. निम्नांकित तैयार करना-
   (i) मिश्रण (ii) यौगिक

   निम्नांकित तथ्यों के आधार पर लौहचूर्ण तथा सल्फर पाउडर के मध्य अन्तर स्पष्ट करना-
   (i) दिखावट (समजातीयता तथा विषमजातीयता)
   (ii) चुम्बक के प्रति व्यवहार
   (iii) कार्बन डाईसल्फाइड विलायक के प्रति व्यवहार
   (iv) ऊष्मा का प्रभाव
3. बालू, नमक तथा अमोनियम क्लोराइड मिश्रण के घटकों को अलग करना।
4. निम्नलिखित अभिक्रियाएँ क्रियान्वित करना तथा उन्हें भौतिक और रासायनिक परिवर्तन में वर्गीकृत करना-
   (a) जल में लौह तथा कापर सल्फेट विलयन
   (b) मैग्नीशियम छीलन का वायु में दहन
   (c) जिंक तथा सल्फ्यूरिक अम्ल
   (d) कापर सल्फेट क्रिस्टल को गर्म करना
   (e) सोडियम सल्फेट तथा बेरियम क्लोराइड का जल में विलयन
5. प्याज की झिल्ली एवं मानव गाल की कोशिकाओं की अस्थायी अभिरंजित स्लाइड तैयार करना। निरीक्षण तथा रेखांकित चित्र बनाना।
6. पौधों में पेरेन्काइमा, कोलेनकाइमा एवं स्केलेरेन्काइमा ऊतकों की पहचान करना, जंतुओं में अरेखित, रेखित एवं कार्डियक पेशी, तंत्रिका कोशिका की तैयार स्लाइड्स का अध्ययन, पहचान एवं नामांकित चित्रण।
7. बर्फ का गलनांक एवं जल का क्वथनांक ज्ञात करना।
8. ध्वनि के परावर्तन के नियम का सत्यापन करना।
9. कमानीदार तराजू तथा मापक सिलिन्डर का उपयोग करके किसी ठोस (जल से अधिक घनत्व) का घनत्व ज्ञात करना।
10. किसी ठोस को निम्न में विसर्जित करने पर उसके भार में होने वाले हानि के मध्य सम्बन्ध स्थापित करना-
    (a) नल का जल
    (b) खारे पानी में किन्हीं दो विभिन्न ठोसों को डालने पर उनके द्वारा विस्थापित जल का भार
11. खिचे हुए धागे में कंपन संचरण (फैलाव/प्रसार) की गति ज्ञात करना।
12. स्पाइरोगाइरा/एगेरिकस, मॉस/फर्न, पाइनस (नर अथवा मादा कोन के साथ) तथा आवृतबीजी पौधे के गुणों का अध्ययन करना तथा इनके अन्तर्गत आने वाले समूह के किन्हीं दो लक्षणों सहित सचित्र वर्णन करना।
13. दिए गए चित्र/चार्ट/मॉडल की सहायता से केचुआ, तिलचट्टा, अस्थि मत्स्य तथा पक्षी का अवलोकन करना। प्रत्येक जन्तु का चित्र बनाकर अभिलेखित करना-
    (i) दिए गए जन्तु के जाति का विशेष लक्षण
    (ii) वास के संदर्भ में एक अनुकूलित लक्षण
14. रासायनिक क्रिया में द्रव्यमान के संरक्षण के नियम का सत्यापन करना।
15. एक बीजपत्री एवं द्विबीजपत्री पौधों के जड़, तना, पत्ती एवं पुष्प की बाह्य आकारिकी का अध्ययन करना।

टिप्पणी-प्रत्येक विद्यार्थी के पास विज्ञान की एक प्रयोगात्मक नोट बुक होगी जिसमें प्रयोगात्मक कार्य का दैनिक रिकॉर्ड दर्ज किया जायेगा, जिसकी सही ढंग से जाँच होनी चाहिये और इसे प्रयोगात्मक परीक्षा के समय प्रस्तुत किया जाय।

प्रोजेक्ट कार्य की सूची 15 अंक

नोटः- दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। प्रत्येक खण्डों (भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान) में से एक-एक प्रोजेक्ट कार्य व प्रोजेक्ट फाइल तैयार कराना अनिवार्य होगा। शिक्षक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। तीनों प्रोजेक्ट का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

1. दैनिक जीवन में रसायनों का महत्व-
   (रसोई, भोजन, दवा, वस्त्र, सौन्दर्य प्रसाधनों आदि में रसायन की भूमिका)।
2. विभिन्न स्रोतों (कुआँ, नल, तालाब, नदी) से जल के नमूने लेकर उनकी शुद्धता की जाँच करना तथा अशुद्ध पानी को पीने योग्य बनाने का एक प्रोजेक्ट तैयार करना।

3. दूध तथा घी के विभिन्न नमूने लेकर उसमें वनस्पति की मिलावट का पता लगाना– (हाइड्रोक्लोरिक अम्ल तथा चीनी द्वारा)।
4. विभिन्न पदार्थों (यूरिया, ग्लूकोस, सुक्रोस व नमक आदि) को घोलने पर पानी के क्वथनाँक पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करना।
5. अपने आस-पास प्रयोग होने वाले आदर्श श्याम पिण्डों को सूचीबद्ध कीजिए तथा दैनिक जीवन में विकिरण ऊर्जा के प्रभाव का सचित्र अध्ययन करना।
6. विभिन्न वाद्ययंत्रों की सूची बनाकर दर्शाइये कि उन वाद्य यंत्रों के कौन से भाग में कम्पन होता है।
7. तरंग मशीन का मॉडल तैयार करके जल की सतह पर उत्पन्न होने वाली तरंग का सचित्र अध्ययन करना।
8. अपने क्षेत्र में पाये जाने वाले पक्षियों की चित्रात्मक सूची तैयार करके इनके आवास एवं वास-स्थान की जानकारी प्राप्त करना।
9. (D.N.A.) (डी ऑक्सी राइबोन्यूक्लिक अम्ल) का मॉडल तैयार करना।
10. स्थानीय जल प्रदूषण के कारणों की जानकारी प्राप्त करना एवं प्रोटोजोएन्स, मछली, एल्गी पर जल प्रदूषण के प्रभाव का अध्ययन।
11. प्याज की झिल्ली की अभिरंजित स्लाइड बनाकर सूक्ष्मदर्शीय प्रेक्षण द्वारा कोशिका की संरचना का अध्ययन।
12. एक चार्ट पेपर पर विभिन्न प्रकार की गति का सचित्र व सोदाहरण अध्ययन करना।
13. वैश्विक-तपन का मानव जीवन पर प्रभाव का सचित्र अध्ययन करना।
14. पर्यावरण प्रदूषण व ओजोन परत अपक्षय में रसायनों की भूमिका।
15. आस-पास के खेतों का भ्रमण करें तथा किसानों से पता लगायें कि वह किस फसल के लिये कौन-कौन से उर्वरक का प्रयोग करते हैं। इन उर्वरकों की पोषक तत्वों की सूची बनाइये।

विषय– गणित

(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

इकाई–3 : निर्देशांक ज्यामिति –

कार्तीय तल, किसी बिन्दु के निर्देशांक, कार्तीय तल से सम्बन्धित नाम तथा पारिभाषिक शब्द (Term), संकेतन, तल पर बिन्दुओं को दर्शाना।

इकाई– 4 ज्यामिति

(1) **यूक्लिड की ज्यामिति का परिचय** –

भारत में ज्यामिति तथा यूक्लिड की ज्यामिति। इतिहास, यूक्लिड की परिभाषाएँ, अभिग्रहीत और अभिधारणाएँ। यूक्लिड के पाँच अभिधारणाएँ। पाँचवीं अभिधारणा का समान संस्करण। अभिधारणा और प्रमेय के बीच सम्बन्ध, उदाहरण

(अभिधारणा) 1. दिए हुए दो भिन्न बिन्दुओं से होकर एक अद्वितीय रेखा खींची जा सकती है।

(प्रमेय) 2. (सिद्ध करना) दो भिन्न रेखाओं में एक से अधिक बिन्दु उभयनिष्ठ नहीं हो सकते।

(2) **चतुर्भुज**–

(क) किसी समान्तर चतुर्भुज का एक विकर्ण उसे दो सर्वांगसम त्रिभुजों में विभाजित करता है।

(ख) एक समान्तर चतुर्भुज में सम्मुख भुजाएँ बराबर होती हैं और विपरीत भी सत्य है।

(ग) एक समान्तर चतुर्भुज में सम्मुख कोण बराबर होते हैं और विपरीत भी सत्य है।

(घ) यदि एक चतुर्भुज की सम्मुख भुजाओं का प्रत्येक युग्म समान्तर हो, तो वह एक समान्तर चतुर्भुज होता है।

(ड) समान्तर चतुर्भुज के विकर्ण एक दूसरे को (परस्पर) समद्विभाजित करते हैं और विपरीत भी सत्य है।

(च) एक त्रिभुज की किन्हीं दो भुजाओं के मध्य बिन्दुओं को मिलाने वाला रेखाखण्ड तीसरी भुजा के समान्तर होता है तथा विपरीत भी सत्य है।

(3) **क्षेत्रफल**–

क्षेत्रफल की अवधारणा तथा आयत के क्षेत्रफल का पुनः स्मरण

(क) एक ही आधार और एक ही समान्तर रेखाओं के बीच स्थित समान्तर चतुर्भुज क्षेत्रफल में बराबर होते हैं।

(ख) एक ही आधार (या बराबर आधारों) और एक ही समान्तर रेखाओं के बीच स्थित त्रिभुज का क्षेत्रफल बराबर होता है।

(4) **रचनाएँ**–

(क) रेखाखण्ड के लम्ब समद्विभाजक, कोण 60^0, 90^0, 45^0 इत्यादि के समद्विभाजक तथा समबाहु त्रिभुज की रचना करना।

(ख) दिये हुए आधार, एक आधार कोण तथा अन्य दो भुजाओं के योग/अन्तर से त्रिभुज की रचना करना।

(ग) एक त्रिभुज की रचना कीजिए जिसका परिमाप तथा दोनों आधार कोण दिये हों।

इकाई–6 : सांख्यिकी

1. **सांख्यिकी**–सांख्यिकी का परिचय, आंकड़ों का संग्रह, आंकड़ों का प्रस्तुतिकरण–सारणीकृत, अवर्गीकृत/वर्गीकृत, बारम्बारता ग्राफ, बारम्बारता बहुभुज, माध्य, माध्यिका तथा अवर्गीकृत आंकड़ों का बहुलक।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय– गणित

(कक्षा–9)

समय– 3 घंटा

इसमें 70 अंक की लिखित परीक्षा एवं 30 अंक का प्रोजेक्ट कार्य होगा।

इकाई	इकाई का नाम	अंक
I	संख्या पद्धति	12
II	बीजगणित	25
III	ज्यामिति	15
IV	मेन्सुरेशन	14
V	प्रायिकता	04
	योग- -	**70**

इकाई–1 : संख्या पद्धति **12 अंक**

1. वास्तविक संख्याएँ प्राकृतिक संख्याएँ, पूर्णांकों, परिमेय संख्याओं का संख्या रेखा पर निरूपण की समीक्षा। क्रमिक वृद्धि द्वारा सांत/असांत आवर्ती दशमलव का संख्या रेखा पर निरूपण। आवर्ती/सांत दशमलव के रूप में परिमेय संख्याएँ। वास्तविक संख्याओं पर संक्रियाएँ।

2. अनावर्ती/असांत दशमलव के उदाहरण। अपरिमेय संख्याओ जैसे $\sqrt{2}, \sqrt{3}$ का अस्तित्व और उनका संख्या रेखा पर निरूपण। प्रत्येक वास्तविक संख्या का संख्या रेखा पर एक विशिष्ट बिन्दु के रूप में निरूपण की व्याख्या करना और विपरीत भी सिद्ध करना, उदाहरण संख्या रेखा के प्रत्येक बिन्दु का एक विशिष्ट वास्तविक संख्या में निरूपण।

3. वास्तविक संख्या के n^{th} root की परिभाषा।

4. दिये गये वास्तविक संख्या x के लिए $\sqrt{x}$ का अस्तित्व और ज्यामितीय व्याख्या के साथ इसका संख्या रेखा पर निरूपण।

5. $\frac{1}{a+b\sqrt{x}}$ तथा $\frac{1}{\sqrt{x}+\sqrt{y}}$ तरह के वास्तविक संख्याओं का परिमेयीकरण (संक्षिप्त अर्थों में) जहाँ x और y प्राकृतिक संख्याएँ हैं और a और b पूर्णांक है।

6. पूर्ण घात वाले घातांकों के नियम का पुनः स्मरण (पुनरावलोकन) करना। धन वास्तविक आधार वाले परिमेय घातांक (विशेष स्थितियों में ही, सामान्य नियमों की जानकारी रखना)।

इकाई–2 : बीजगणित **25 अंक**

1. **बहुपद**–एक चर वाले बहुपदों की परिभाषा उदाहरण तथा प्रतिउदाहरण के साथ। बहुपद के गुणांक, बहुपद के पद और शून्य बहुपद। एकपदीय, द्विपदीय तथा त्रिपदीय। गुणनखण्ड और गुणक। बहुपद के गुणक। शेषफल प्रमेय का कथन उदाहरण सहित। गुणखण्डन प्रमेय का कथन और सत्यापन। ax^2+bx+c, $a\neq0$ का गुणनखण्ड जहां a, b और c वास्तविक संख्याएँ हैं और गुणनखण्ड प्रमेय द्वारा त्रिघात बहुपद का गुणनखण्ड।

बीजगणितीय व्यंजक और सर्वसमिकाओं का पुनः स्मरण। सर्वसमिकाओं का सत्यापन–

$(x+y+z)^2 = x^2+y^2+z^2 + 2xy + 2yz + 2zx$

$(x \pm y)^3 = x^3 \pm y^3 \pm 3\times y\,(x \pm y)$

$(x \pm y)^3 = (x \pm y)\,(x^2 \mp x\,y + y^2)$

$x^3 + y^3 + z^3 - 3xyz = (x+y+z)\,(x^2+y^2+z^2-xy-yz-zx)$

और बहुपद के गुणनखण्ड में इनका उपयोग।

2. **दो चर राशियों में रैखिक समीकरण –**

एक चर राशि में रैखिक समीकरण, दो चरों में रैखिक समीकरण की जानकारी। $ax + by + c = 0$ प्रकार के रैखिक समीकरण पर विशेष ध्यान। सिद्ध करना कि दो चर वाले रैखिक समीकरण के अनन्ततः अनेक हल होते हैं और उनके वास्तविक संख्याओं के क्रमिक युग्म में लिखे जाने की परख करना, उनका निरूपण तथा रेखा पर उनका अंकन। दो चर राशियों में रैखिक समीकरण का ग्राफ खींचना। वास्तविक जीवन से संबंधित उदाहरण तथा समस्या प्रश्न। अनुपात तथा समानुपात से संबंधित प्रश्न तथा इनका बीजगणितीय तथा ग्राफीकल हल।

इकाई–3 : ज्यामिति **15 अंक**

1. **रेखा और कोण–**

(क) यदि एक किरण एक रेखा पर खड़ी हो, तो इस प्रकार बने दोनों आसन्न कोणों का योग 180^0 होता है और विपरीत भी सत्य हो।

(ख) यदि दो रेखाएँ परस्पर प्रतिच्छेद करती हैं, तो शीर्षाभिमुख कोण बराबर होते हैं। (सिद्ध करना है)

(ग) जब दो समान्तर रेखाओं को एक तिर्यक रेखा काटती है तो संगत कोणों, एकान्तर कोणों तथा आन्तरिक कोणों पर आधारित परिणाम सिद्ध करना।

(घ) वे रेखाएँ जो एक ही रेखा के समान्तर हों, परस्पर समान्तर होती हैं।

(ड) एक त्रिभुज के तीनों अन्तःकोणों का योग 180^0 होता है।

(च) यदि एक त्रिभुज की एक भुजा बढ़ाई जाए, तो इस प्रकार बना बहिष्कोण दोनों अंतःअभिमुख (विपरीत) कोणों के योग के बराबर होता है।

2. **त्रिभुज–**

(क) दो त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं यदि एक त्रिभुज की दो भुजाएँ और उनके बीच का कोण, दूसरे त्रिभुज की दो भुजाएँ और उनके बीच के कोण के बराबर हों। (SAS सर्वांगसमता)

(ख) दो त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं, यदि एक त्रिभुज के दो कोण और उनकी अन्तर्गत भुजा दूसरे त्रिभुज के दो कोणों और उनकी अन्तर्गत भुजा के बराबर हों। (ASA सर्वांगसमता)

(ग) यदि एक त्रिभुज की तीनों भुजाएँ एक अन्य त्रिभुज की तीनों भुजाओं के बराबर हों, तो दोनों त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं। (SSS सर्वांगसमता)

(घ) यदि दो समकोण त्रिभुजों में, एक त्रिभुज का कर्ण और एक भुजा क्रमशः दूसरे त्रिभुज के कर्ण और एक भुजा के बराबर हों, तो दोनों त्रिभुज सर्वांगसम होते हैं। (RHS सर्वांगसमता)

(ड) किसी त्रिभुज की बराबर भुजाओं के सम्मुख कोण बराबर होते हैं।

(च) किसी त्रिभुज में समान कोणों के सामने की भुजाएँ बराबर होती हैं।

(छ) त्रिभुजों में असमता तथा त्रिभुज की भुजाओं और कोण के बीच असमता सम्बन्ध का अध्ययन।

3. **वृत्त**–

वृत्त की परिभाषा, निम्न अवधारणा उदाहरण सहित–त्रिज्या, परिधि, व्यास, जीवा, चाप, वृत्तखण्ड, त्रिज्यखंड, अन्तरित कोण।

(क) वृत्त की बराबर जीवाएँ केन्द्र पर बराबर कोण अंतरित करती है तथा विपरीत भी सत्य है।

(ख) एक वृत्त के केन्द्र से एक जीवा पर डाला गया लम्ब जीवा को समद्विभाजित करता है। वृत्त के केन्द्र से जीवा को समद्विभाजित करने के लिए खींची गयी रेखा जीवा पर लम्ब होती है।

(ग) तीन असंरेख बिन्दुओं से एक और केवल एक वृत्त खींचा जा सकता है।

(घ) एक वृत्त की (या सर्वांगसम वृत्तों की) बराबर जीवाएँ केन्द्र से (या केन्द्रों से) समान दूरी पर होती है। विपरीत भी सत्य है।

(ड) एक चाप द्वारा केन्द्र पर अंतरित कोण वृत्त के शेष भाग के किसी बिन्दु पर अंतरित कोण का दुगुना होता है।

(च) एक ही वृत्तखण्ड के कोण बराबर होते हैं।

(छ) यदि दो बिन्दुओं को मिलाने वाला रेखाखण्ड, उसको अंतर्विष्ट करने वाली रेखा के एक ही ओर स्थित दो अन्य बिन्दुओं पर समान कोण अंतरित करें, तो चारों बिन्दु एक वृत्त पर स्थित होते हैं। (अर्थात वे चक्रीय होते हैं)

(ज) चक्रीय चतुर्भुज के सम्मुख कोणों के प्रत्येक युग्म का योग 180^0 होता है। विपरीत भी सत्य है।

इकाई–4 : मेन्सुरेशन **14 अंक**

1. **क्षेत्रफल** – हीरोन के सूत्र का प्रयोग करके त्रिभुज का क्षेत्रफल निकालना (बिना सिद्ध किए) और इसका अनुपयोग चतुर्भुज का क्षेत्रफल निकालने के लिए।

2. **पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन** – घन, घनाभ, गोला (अर्द्धगोला सहित) और लम्ब वृत्तीय बेलन/शंकु का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन।

इकाई–5 : प्रायिकता **04 अंक**

1. **प्रायिकता –** इतिहास, प्रायिकता के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण का दुहराव तथा प्रेक्षित बारम्बारता। आनुभाविक प्रायिकता पर ध्यान केन्द्रित करना। (संकल्पना को प्रेरित करने के लिए समूह तथा व्यक्तिगत क्रिया–कलापों पर ज्यादा समय का समर्पण। परीक्षणों को वास्तविक जीवन से संबंधित तथा सांख्यिकी के अन्तर्गत दिए गए अध्याय के उदाहरणों से लिया जाय)

प्रोजेक्ट कार्य अंक विभाजन

(क) आंतरिक मूल्यांकन– **15 अंक**

(भारत का परम्परागत गणित ज्ञान नामक पुस्तिका से भी प्रश्न पूछें जाय)।

(ख) प्रोजेक्ट कार्य– **15 अंक**

कुल **30 अंक**

नोट–निम्नलिखित(बिन्दु 1 से 10 तक) में से कोई दो प्रोजेक्ट प्रत्येक छात्र से तैयार करायें। तथा एक प्रोजेक्ट बिन्दु–11 से अनिवार्य रूप से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट अपने स्तर से भी दे सकते हैं।

(1) विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों की वास्तुकला एवं निर्माण में भूमिका का अध्ययन करना।
(2) मध्यकाल के किसी एक भारतीय गणितज्ञ (आर्यभट्ट, श्रीधराचार्य, महावीराचार्य आदि) के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालना।
(3) π (पाई) की खोज।
(4) अपने घर के आय–व्यय का बजट बनाना।
(5) बीजगणितीय सर्वसमिकाओं जैसे $(a + b)^2 = a^2 + 2ab + b^2$, $(a - b)^2 = a^2 - 2ab + b^2$ का क्रियात्मक निरूपण करना।
(6) बैंक में खोले जाने वाले विभिन्न प्रकार के खातों एवं उनकी ब्याज दरों का अध्ययन करना।
(7) समतल या गत्ता काटकर विभिन्न ठोस आकृतियाँ बनाना एवं उनकी विशेषतायें लिखना।
(8) परिमेय संख्याओं का संख्या रेखा पर निरूपण।
(9) अपनी कक्षा के छात्रों की ऊँचाई और भार का सर्वे कीजिए तथा भार और ऊँचाई में सम्बन्ध बताइए।
(10) समाचार पत्र के माध्यम से किन्हीं तीन गल्ला मण्डियों के अनाज भाव का तुलनात्मक अध्ययन करना।
(11) संस्तुत पुस्तक भारत का पारम्परिक गणित ज्ञान के निम्नाकित तीन खण्डों में से सुविधानुसार कोई एक प्रोजेक्ट–

खण्ड–क–भारत में गणित की उज्जवल परम्परा।
खण्ड–ख–गणना की परम्परागत विधियां।
खण्ड–ग–भारत के प्रमुख गणिताचार्य

विषय– वाणिज्य
(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

1– भारतीय बही खाता प्रणाली, रोकड़ बही व जमा तथा नाम नकल बही।
2– प्रतिलिपिकरण।
3–भारत में मुद्रा प्रणाली का सामान्य परिचय।
4–आवश्यकताओं का वर्गीकरण एवं लक्षण।

प्रोजेक्ट कार्य एवं आंतरिक मूल्यांकन

1–भारतीय बही खाता प्रणाली–कच्ची रोकड़ बही।
2–भारतीय बही खाता प्रणाली–पक्की रोकड़ बही।
3–जमा व नाम नकल बही।
4–प्रतिलिपिकरण की प्रणालियाँ।
5–भारतीय मुद्रा प्रणाली का सामान्य परिचय।
6–अर्थशास्त्र के अध्ययन से विभिन्न वर्गों के लाभ।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय– वाणिज्य
कक्षा–9

इस विषय में एक प्रश्न-पत्र 70 अंकों का तथा समय तीन घंटे का होगा।

इस विषय में 70 अंक की लिखित परीक्षा तथा 30 अंक का प्रायोगिक व आन्तरिक मूल्यांकन होगा। प्रायोगिक आन्तरिक मूल्यांकन में 15 अंक का प्रोजेक्ट कार्य तथा 15 अंक को मासिक परीक्षा हेतु निर्धारित किया गया है। प्रोजेक्ट कार्य का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा। लिखित परीक्षा हेतु अंक विभाजन निम्नवत् है :–

1–दोहरा लेखा प्रणाली का तात्विक सिद्धान्त व व्यवहार, आधुनिक पाश्चात्य बही खाता प्रणाली के अनुसार प्रारम्भिक लेखे की पुस्तकें केवल रोजनामचा व रोकड़ बही, खतौनी व तलपट 20

2–व्यापारिक कार्यालय का संगठन व कार्य प्रणाली आने-जाने वाले पत्रों का लेखा, पूछताछ व आदेश सम्बन्धी पत्र-व्यवहार। 20

3–मुद्रा इतिहास, परिभाषा कार्य। 15

4–अर्थशास्त्र की परिभाषा, क्षेत्र, अर्थशास्त्र से सम्बन्धित शब्दावली जैसे उपयोगिता, धन कीमत मूल्य आदि। 15

निर्धारित पुस्तक–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य एवं आंतरिक मूल्यांकन 15+15=30

नोट :–दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। प्रत्येक खण्ड में से एक प्रोजेक्ट कराना अनिवार्य है। शिक्षक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 05 अंक का होगा। 15 अंकों का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर मासिक परीक्षण द्वारा होगा :

1–पुस्तकालय व लेखाकर्म।

2–दोहरा लेखा प्रणाली-परिचय/सिद्धान्त।

3–रोजनामचा आशय व लेखाकर्मों के नियम।

4–तलपट बनाने की विधियाँ।

5–व्यापारिक कार्यालय के कार्य।

6–व्यापारिक-पत्र के मुख्य अंग।

7–मुद्रा का जन्म व विकास।

8–मुद्रा के कार्य।

9–अर्थशास्त्र के विभाग।

विषय– चित्रकला

कक्षा–9

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

नोट– उपरोक्त पाठ्यक्रम में लिखित पाठ्यक्रम नहीं है , इसलिए पाठ्यक्रम कम करने का औचित्य नहीं है।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 100 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय– चित्रकला

कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घंटे का होगा।

प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा, जिसमें से किन्ही दो खण्डों के प्रश्न करने होंगे।

खण्ड–क (प्राविधिक) **45 अंक**

इस खण्ड में कुल पाँच प्रश्न होंगे, जिसमें से कुल तीन प्रश्न करने होंगे। 15 अंकों का अक्षर लेखन अनिवार्य होगा। शेष प्रश्न 10-10 अंकों के होंगे :–

1–रेखाओं तथा कोणों पर आधारित ज्यामितीय निर्देश।

2–अनुपात तथा समानुपात (रेखा तथा कोण)।

3–त्रिभुज (समद्विबाहु, समबाहु आदि)।

4–चतुर्भुज (वर्ग, आयत, पतंगाकार आदि)।

5–बहुभुज (पंचभुज आदि)।

6–अक्षर लेखन (बड़े अक्षर एवं तिरछे)।

खण्ड–ख (आलेखन) **45 अंक**

दिये गये वर्ग अथवा आयत में एक या दो आवृत्ति के किसी भारतीय पुष्प (कमल, सूरजमुखी, गुलाब, कनेर, जीनिया, डहेलिया आदि) पर आधारित मौलिक आलेखन वस्त्र पर छपाई (टेक्सटाइल डिजाइन) अथवा अल्पना के दृष्टिकोण से तैयार करना।

चित्र दो सपाट रंगों में पूर्ण किया जाये।

खण्ड–ग (मानव आकृति) **25 अंक**

साधारण पृष्ठ भूमि में सम्पूर्ण आकृति के एक वर्गीय (मोनोक्रोम) चित्रांकन, बालक, किशोर, युवा अथवा वृद्ध (स्त्री, पुरुष) का स्मृति से दिये गये विषय के अनुसार चित्र बनाया जाये। चित्र पेंसिल, क्रेयान अथवा काली स्याही (ब्लैक स्केच पेन) से लगभग पूरे पृष्ठ पर बनाया जाये। मानव शरीर एवं उसके विविध अंगों के अनुपात पर ध्यान दिया जाये।

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :–परियोजना कार्य तीन खण्डों में विभक्त होगा, जिसमें से किन्हीं दो खण्डों से तीन परियोजना कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। प्रत्येक परियोजना कार्य पाँच अंक का है। इसके अतिरिक्त 15 अंक मासिक परीक्षा के लिये निर्धारित है।

परियोजना कार्य सैद्धान्तिक, तकनीकी कौशल तथा माध्यम (जलरंग, पोस्टर रंग, पेंसल, चारकोल, क्रेयान, इंक आदि) के उपयुक्त प्रयोग पर आधारित होगा।

परियोजना कार्य में संयोजन, सौन्दर्य (आकर्षण) अनुपात, लय के सिद्धान्तों का ध्यान रखते हुये पूर्ण किया जाये।

खण्ड–क (प्राविधिक)

1–रेखाओं एवं कोणों पर आधारित किसी वास्तु (आर्कीटेक्चर) की परिकल्पना करें और उसके पार्श्व को ज्यामितीय आधार पर पूर्ण करें जिससे यह ज्ञात हो कि ज्यामितीय ज्ञान का व्यावहारिक उपयोग विद्यार्थी कर सकेगा।

2–त्रिभुज एवं उसके वैविध्य का ज्ञान पर बने हेतु सिटी स्केप, लैण्ड स्केप के ज्यामितीय आरेख बनाये जो पूर्णतः त्रिभुजाकार में हों।

3–वर्ग/आयत (चतुर्भुज) के क्षेत्रफल ज्ञात करने की विधि को उदाहरण सहित व्यक्त करें जिससे यह ज्ञात हो कि विद्यार्थी इसका व्यावहारिक उपयोग कर सकेगा।

4–बहुभुज की उपयोगिता को सिद्ध करने वाले कोई 10 उदाहरण दें और उसे सचित्र वर्णन करें।

5–विद्यार्थी के अक्षर लेखन (Calligraphy) के परख करने के लिये कम से कम बीस वाक्य लिखें जो कलात्मक, कोंणात्मक, तिरछा, अलंकारिक आदि प्रकार के हों।

खण्ड–ख (आलेखन)

6–आलेखन की उपयोगिता को रेखांकित करते हुये किसी वर्ग अथवा आयत में भारतीय पुष्पों के साथ एक मौलिक वस्त्र छपाई (टेक्सटाइल डिजाइन) की रचना करें।

7–कोई अल्पना या रंगोली की रचना करें जो चूर्णित, शुष्क एवं आर्द्र माध्यम के साथ पूर्ण किया जाय।

8–अलंकारिक एवं ज्यामितीय आलेखन की रचना करें, उसे जलरंग द्वारा पूर्ण करें।

9–पेंसिल एवं चारकोल द्वारा आलेखन तैयार करें जिसमें रंग का उपयोग न हो किन्तु आकर्षण एवं लय की स्थिति कायम रहे।

10–पोस्टर कलर अथवा वैक्स कलर के साथ अल्पना की रचना करें (वैक्स का टेक्चर यथावत् रखें उसे मिलाइये नहीं)।

खण्ड–ग (मानव आकृति)

11–एक वर्णीय (मोनोक्रोम) चित्रण पद्धति द्वारा बालक, किशोर, वृद्ध, पुरुष की मानव आकृति सृजित करें।

12–पेंसिल, चारकोल, वैक्स द्वारा बालिका, किशोरी एवं वृद्धा की आकृति सृजित करें।

13–पेंसिल अथवा पेन द्वारा कार्यरत मानव आकृति का शीघ्रता में रेखांकन किया जाय जिसमें गति का बोध हो।

14–स्त्री, पुरूष, बालक-बालिका के शरीरानुपात को ध्यान में रखते हुये जलरंगी चित्रण करें।

15–किसी स्त्री-पुरूष, बच्चा-बच्ची का वास्तविक चित्र अंकित करें तथा पुनः उसी को कार्टून में परिवर्तित करें।

विषय– रंजन कला

कक्षा–9

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

खण्ड ग (चित्रकला के मूलतत्व)

(3) तान (Tone)।
(4) पोत (Texture)।
(6) अन्तराल (Space)।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय– रंजन कला

कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घन्टे का होगा। प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा जिसमें से किन्हीं दो खण्डों के प्रश्न हल करने होंगे।

खण्ड–क (चित्र संशोधन) **45 अंक**

भारतीय चित्रण शैली अथवा स्वतन्त्र शैली में काल्पनिक चित्र जिसमें कम से कम एक मानव आकृति एवं पृष्ठ भूमि में साधारण दृश्य अंकित किये जायें। दिये जल रंग अथवा पोस्टर रंग में तैयार किया जाये। चित्र लगभग पूरे पृष्ठ पर बनाया जाय।

खण्ड–ख (वस्तु चित्रण) **25 अंक**

साधारण जीवन में दैनिक उपभोग की घरेलू वस्तुयें, पालतू जानवर, शाक-सब्जी और फल-फूल आदि किन्हीं दो वस्तुओं का स्मृति से चित्र, छाया प्रकाश दर्शाते हुये अंकित करना। चित्र एक वर्ण (मोनोक्रोम) पेंसिल, क्रेयान, काली स्याही में चित्रित किया जाये।

अथवा

खण्ड–ग (चित्रकला के मूलतत्व) **25 अंक**

इस खण्ड में पाँच प्रश्न होंगे, जिसमें से कुल तीन प्रश्न करने होंगे।

(1) रेखा (Line)।

(2) रंग या वर्ण (Colour)।

(5) आकृति (Form)।

(7) षडाँग (चित्रकला के 6 अंग)।

पुस्तकें :–कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन **30 अंक**

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अन्तर्गत 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये तथा 15 अंक मासिक परीक्षा के लिये निर्धारित है जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट कार्य की सूची

नोट :–निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का है।

निम्नलिखित कथनों के रंगीन पोस्टर बनाकर घर में एवं विद्यालय में लगायें :–

(1) जल ही जीवन है।

(2) अधिक अन्न उपजाओ।

(3) सच बोलो।

(4) प्रातः उठो।

(5) बड़ों का आदर करो।

एवं

(6) किसी भारतीय चित्रकार का चित्रकला में योगदान।

विषय– गृह विज्ञान

कक्षा–9

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2020–21 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

गृह प्रबन्ध – गृह विज्ञान के तत्व और क्षेत्र।

स्वास्थ्य रक्षा– स्वास्थ्य की परिभाषा, व्यक्तिगत स्वास्थ्य की देखरेख और रक्षा। व्यक्तिगत और सार्वजनिक स्वच्छता एवं भोजन

वस्त्र और सूत विज्ञान– कपड़ों के तन्तु, कपड़ों के प्रकार, जीवन में उनका प्रयोग।

भोजन तथा पोषण विज्ञान– निम्नलिखित खाद्य पदार्थों का संगठन, वर्गीकरण, उनके कार्य, अनाज, दालों और मेवे, सब्जी और फल, दूध और दूध से बने पदार्थ, वसा और तेल, मॉस, मछली अंडे जंक फूड।

प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या (1) सामान्य घरेलू दुर्घटनायें और उनसे बचाव।

(2) तिकोनी एवं लम्बी पट्टियाँ और उनका प्रयोग।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय–गृह विज्ञान

कक्षा–9

(केवल बालिकाओं के लिये)

इस विषय में एक प्रश्न–पत्र 70 अंकों का तथा समय तीन घण्टे का होगा।

क्रम संख्या	इकाई	अंक
1	गृह प्रबन्ध	15
2	स्वास्थ्य रक्षा	15
3	वस्त्र और सूत विज्ञान	10
4	भोजन तथा पोषण विज्ञान	15
5	प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या	15

कुल योग–70 अंक

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन– 30 अंक

योग–100 अंक

1–गृह प्रबन्ध 15

(1) व्यवस्था की परिभाषा गृह और परिवार के सम्बन्ध में।

(2) कार्य व्यवस्था, प्रभाव डालने वाले कारक, साधन, पारिवारिक आय, परिवार–कल्याण, परिवार के सदस्यों की संख्या और उनका व्यवहार एवं अभिरुचि।

(3) अर्थ व्यवस्था–परिवार की मूलभूत आवश्यकतायें।

2–स्वास्थ्य रक्षा 15

(1) स्थानीय स्वास्थ्य संस्थाओं का प्रशासन और सेवायें, उनसे सहायता प्राप्त करना।

(2) वायु–शुद्ध वायु का महत्व तथा संचालन, पर्यावरण एवं प्रदूषण का जनजीवन पर प्रभाव।

(3) अशुद्ध वायु से होने वाले रोग।

3–वस्त्र और सूत विज्ञान 10

(1) व्यक्तिगत सज्जा–उचित वेषभूषा (मौसम और अवसर के अनुकूल), व्यक्तिगत वेश–भूषा।

4–भोजन तथा पोषण विज्ञान 15

(1) संतुलित आहार–कुपोषण एवं कुपोषण जनित व्याधियों–एनीमिया, क्वाषरकोर, मेरेस्मस, सूखा रोग, रतौंधी स्कर्वी आदि कम खाना (एनारैक्सिया नरवोसा) और अतिसार (बुलिमिया नरवोसा)

5–प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या 15

(1) प्राथमिक चिकित्सा के मुख्य सिद्धान्त।

(2) सामान्य घरेलू देशज औषधियाँ।

(3) गृह परिचर्या की परिभाषादृपरिचारिका के गुण।

(4) रोगी का कमरादृचुनाव तैयारी, सफाई और प्रकाश का प्रबन्ध।

(5) बिस्तर, बिस्तर लगाना, चादर बदलना।

प्रयोगात्मक 15

प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आंतरिक होगा।

खण्ड (क) वस्त्र और सूत विज्ञान

1–कपड़ों के पाँच विभिन्न प्रकार के नमूनों की पहचान एवं संग्रह।

2–किन्हीं छः विभिन्न फैन्सी टांकों से किसी एक वस्तु की कढ़ाई करना।

3–बची खुची एवं निष्प्रयोज्य सामग्री द्वारा सजावट की कोई एक वस्तु तैयार करना।

खण्ड (ख) भोजन तथा पोषण विज्ञान

1–पाचन अंगों का चित्रांकन।

2–प्रत्येक खाद्य तत्वों का संकलन चार्ट द्वारा।

3–छात्रा (किशोरी) के एक दिन के संतुलित आहार की तालिका बनाना चार्ट द्वारा।

खण्ड (ग) (प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या)

1–तिकोनी पट्टी का प्रयोग (सिर, हथेली, कोहनी, एड़ी एवं घुटने की पट्टी) खपच्चियों का प्रयोग।

2–बिस्तर लगाना और चादर बदलना।

निर्धारित पाठ्यपुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यार्थियों के प्रधान विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्यों की सूची **पूर्णांक–15**

नोट :–दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से करायें। प्रोजेक्ट कार्यों की फाइल तैयार कराना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रोजेक्ट पाँच अंक का है।

शिक्षक पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रोजेक्ट कार्य का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा।

1–गृह विज्ञान में समावेश होने वाले विषयों की सूची बनाइये।

2–स्वास्थ्य कार्यों में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं की भूमिका।

3–वायु प्रदूषण–प्रदूषण के कारण, प्रभाव तथा रोकथाम के उपाय में आपकी भूमिका।

4–दर्जी से कपड़े एकत्र करना एवं वानस्पतिक तन्तु, जान्तव तन्तु एवं कृत्रिम तन्तु को तालिकाबद्ध करना।

5–किशोरावस्था (13 से 18 वर्ष) के लिये एक दिन का संतुलित आहार का चार्ट तैयार करना।

6–एक चार्ट पेपर पर पाचन तंत्र का नामांकित चित्र बनाना।

7–वाटर फिल्टर एवं एक्वागार्ड का उपयोग।

8–प्राथमिक उपचार बॉक्स तैयार करना।

9–एक चार्ट पेपर पर तन्तुओं के वर्गीकरण को दर्शाना एवं पाठ्यक्रमानुसार तन्तुओं को चिपकाना।

10–बच्चों से उनके एक दिन के आहार की सूची तैयार करना एवं उसमें विद्यमान पोषक तत्वों को सूचीबद्ध करना।

11–दूध एक पूर्ण आहार है, चार्ट द्वारा प्रस्तुत करना।

12–गृह परिचारिका के गुणों की सूची बनाना।

विषय– गृह विज्ञान

कक्षा–9

(बालकों के लिए तथा उन बालिकाओं के लिए जिन्होंने इसे अनिवार्य विषय के रूप में नहीं लिया हैं)

पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकों की स्थिति वही रहेगी जो इस विवरण पत्रिका में गृहविज्ञान (केवल बालिकाओं के लिए)

विषय– मानव विज्ञान

(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

इकाई–2 **पृथ्वी पर हिमयुग**

(ख) हिमयुग के घटित होने के प्रमाण–
(1) हिमनद।
(2) मोरेन।
(3) नदी सोपान।

इकाई–3

(क) होमोसील (अतिनूतन काल) की पर्यावरणीय विशेषतायें।
(ख) उपकरण तथा अन्य प्रमुख सांस्कृतिक उपलब्धियाँ।
(ग) ऐतिहासिक कालावधि के अन्तर्गत मध्यपाषाण, नवपाषाण।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

मानव विज्ञान

इस विषय में एक प्रश्न-पत्र 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घंटे का होगा।

(पुरातात्विक मानव विज्ञान)

पूर्णांक : 70 अंक

इकाई–1

(क) पृथ्वी पर मानव जीवन का आरम्भ एवं भारतीय उपमहाद्वीप में मानव जीवन की कालावधि। 15
(ख) आरम्भिक प्रति नूतन काल में मानव जीवन की विद्यमानता के प्रमाण– 20
(1) मानव जीवाश्म अवशेष।
(2) मानव निर्मित उपकरण।

इकाई–2

पृथ्वी पर हिमयुग

(क) काल, अवधि, क्षेत्र, जलवायु परिवर्तन क्रम एवं संख्या, प्राणी जीवन एवं वनस्पतियाँ। 17
(ग) पर्यावरणीय विषमता और मानव अस्तित्व, आवास, भोजन संग्रहण, घुमन्तु जीवन, वृन्द समूह, आत्मभिव्यक्ति हेतु कला का आरम्भ। 18

पाठ्य पुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित एवं संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान/विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य

इस विषय में 30 अंक का प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन होगा जिसमें 15 अंक मासिक परीक्षा एवं 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य हेतु निर्धारित है। विषय अध्यापक दिये गये प्रोजेक्ट में से तीन प्रोजेक्ट अवश्य तैयार करायें। विषय अध्यापक छात्र हित में अपने स्तर पर कोई अन्य प्रोजेक्ट भी करा सकते हैं–

(1) पर्यावरणीय विषमता और मानव अस्तित्व।
(2) प्राणी जीवन एवं वनस्पतियाँ।
(3) मानव जीवाश्म अवशेष।
(4) होमोसील की पर्यावरणीय विशेषतायें।
(5) हिमनद एवं हिमयुग।
(6) मानव निर्मित उपकरण का वर्गीकरण।
(7) घुमन्तु जीवन।

विषय– कश्मीरी

कक्षा–9

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

1–व्याकरण–
(1) काल
(3) समानार्थक एवं विपरीतार्थक

2–गद्य–
(1) काशीर तालमी

3– पद्य
(1) काशीर जुबान
(2) इसान कम
(3) रूबाई (जी0आर0 नजस्की)

4– (क) पाठ्य पुस्तक से दिये गये पाठ्यांश का उर्दू में अनुवाद
(ख) गद्य पाठ का संक्षिप्तीकरण

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय– कश्मीरी
(कक्षा–9)
केवल प्रश्न–पत्र

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न.पत्र तीन घण्टे का होगा।

भाग (अ) **35 अंक**

1–व्याकरण–
निम्नलिखित का अध्ययन किया जाना है–
(1) वचन 7
(2) लिंग 7
(3)पाठ्य पुस्तक में वर्णित शब्दों का प्रयोग 6

2–पैराग्राफ लेखन– 10
दिये हुए तीन विषयों पर 50 शब्दों का पैराग्राफ लेखन

3–लिपि एवं वर्तनी– 05
दिये हुए लगभग 30 शब्दों के पाठ्यांश में उल्लिखित विशिष्ट चिन्हों वाले शब्दों तथा वर्तनी को शुद्ध करना–

भाग (ब) **35 अंक**

1–गद्य–
निम्नलिखित पाठ पढ़ने होंगे–
(1) काशीर
(2) काशीर–जुबान व अदब
(3) बादशाह
निम्न प्रकार से प्रश्न पूँछे जाये–
(क) पाठ्य पुस्तक से दिये गये पाठ्यांश का अंग्रेजी/उर्दू/हिन्दी में अनुवाद 10
(ख) पाठ्य पुस्तक से प्रश्न 10

2–पद्य–

निम्नलिखित पद्यों का अध्ययन किया जाय–

(1) बख–त–सुरकी

(2) पम्पेरीनामा

(3) बाहर आओ

निम्न प्रकार से प्रश्न पूँछे जायेगे–

(अ) दिये गये पद्यांश को गद्यांश में बदलना। 10

(ब) पद्य का संक्षिप्तीकरण 5

निर्धारित पाठ्य पुस्तक–

(1) कशूर निषाद (कक्षा–09 तथा 10 के लिए)

प्रकाशक–जे ऐण्ड के स्टेट बोर्ड आफ हाईस्कूल एण्ड इण्टरमीडिएट बोर्ड

विषय–संगीत (गायन)

(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

1–पाठ्यक्रम के रागों की विशेषता, स्वर, विस्तार एवं अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त।

2–रागों के आलाप तान लिखने की योग्यता।

3–गीतों का सरल आलाप, तान सहित लिपिबद्ध करने की योग्यता।

4–खमाज रागों का विस्तृत अध्ययन, प्रत्येक में एक-एक गीत के साथ तीन-तीन आलाप।

5- राग विलावल- अविस्तृत राग

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय–संगीत (गायन)

कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घंटे का होगा।

शास्त्रीय शब्दावली की परिभाषा एवं व्याख्या, संगीत स्वर, सप्तक, शुद्ध और विकृत स्वर, अलंकार, आलाप, विवादी, पकड़, राग, जाति, औड़व, षाडव, सम्पूर्ण, ताल, मात्रा, लय, पाठ्यक्रम के रागों का परिचय।

1–संगीत का इतिहास एवं रागों का अध्ययन।

2–तालों का ताल कहरवा, तीनताल, झापताल परिचय लिखने की तथा ठाह, दुगुन, लय में लिखने की योग्यता होनी चाहिये।

3–स्वर समूहों के छोटे-छोटे टुकड़ों के आधार पर राग पहचानने की योग्यता।

4–अमीर खुसरो एवं भातखण्डे की जीवनी।

5–राग यमन विस्तृत अध्ययन, एवं चार-चार तान तालबद्ध करके गाने की योग्यता।

6–भूपाली, आसावरी, रागों का परिचय एवं प्रत्येक का गीत स्वर लिपि सहित लिखने एवं गाने की योग्यता।

7–प्रत्येक राग का सरगम गीत तथा लक्षण गीत सिखाया जाना चाहिये।

8–प्रत्येक रागों का आरोह-अवरोह पकड़ गाना आना चाहिये।

नोट :–उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों पर आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा ली जायेगी जो 15 अंकों की होगी तथा 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये निर्धारित है जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :–निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1–सप्तक के तीन प्रकार, प्रत्येक सप्तक के स्वर चिन्ह तथा एक सप्तक की दूसरे सप्तक से ऊँचाई अथवा निचाई को स्वरों की आन्दोलन संख्याओं के माध्यम से प्रदर्शित कीजिये।

2–हिन्दुस्तानी संगीत के दस थाटों के नाम तथा प्रत्येक थाट के स्वरों को तालिकाबद्ध कीजिये।

3–चार प्राचीन संगीत वाद्यों के चित्र एकत्र कीजिये तथा उनके नामों का उल्लेख करते हुये उन्हें अपनी स्क्रैप बुक में चिपकाइये।

4–चार आधुनिक वाद्य यन्त्रों के विषय में लिखिये तथा उनके चित्र भी चिपकाइये।

5–एक चार्ट पेपर पर तानपुरे का चित्रण कीजिये तथा उनके अंगों के नाम लिखिये।

6–श्री विष्णु नारायण भातखण्डे द्वारा रचित संगीत पुस्तकों की एक सूची तैयार कीजिये।

7–स्वरों के शुद्ध एवं विकृत प्रकारों को चार्ट पेपर पर अंकित कीजिये।

8–चार प्रमुख भारतीय नृत्य शैलियों के नाम, चित्र एवं उनसे सम्बन्धित शीर्ष कलाकारों के नाम स्क्रैप बुक में अंकित कीजिये।

9–एक चार्ट पेपर पर तबले का चित्र बनाइये तथा अंगों के नाम दर्शाइये।

10–गायन से सम्बन्धित कुछ नवीन कलाकारों के नाम एकत्र कीजिये

विषय– संगीत (वादन)

(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

शास्त्रीय शब्दों की परिभाषा एवं व्याख्या- थाट, पकड़, गत, जमजमा, भारीटेक, ताल, परन

संगीत का इतिहास एवं रागों का अध्ययन– तालों के टुकड़े, परन आदि बजाने की योग्यता अथवा सरल स्वर विस्तार एवं तोड़ो के साथ गाने लिपिबद्ध करके बजाने की योग्यता।

2–स्वर समूह के छोटे-छोटे टुकड़ों के आधार पर रागों को पहचानने की योग्यता अथवा ठेके के कुछ बोलों के आधार पर तालों को पहचानने की योग्यता।

3–तबला और पखावज–(अपने वाद्यों के अंगों का सचित्र वर्णन तथा मिलाने की विधि का ज्ञान)–

(1) झपताल में से दो कायदा, दो टुकड़े और दो तिहाइयाँ लिखने तथा बजाने की योग्यता।

(2) सूलफाक तालों के साधारण ठेके तथा उनकी दुगुन में ताली देकर बोलने का अभ्यास।

अन्य वाद्य लेने वाले :

1–भूपाली राग में आरोह-अवरोह एवं पकड़ लिखने की योग्यता/क्षमता।

2–झपताल से परिचित होना चाहिये।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय–संगीत (वादन)

कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घंटे का होगा।

शास्त्रीय शब्दों की परिभाषा एवं व्याख्या–संगीत स्वर (शुद्ध एवं विकृत), आलाप, राग, आरोह, अवरोह, वादी संवादी, तोड़ा, मात्रा, लय, खाली, सम, तिहाई, टुकड़ा,।

संगीत का इतिहास एवं रागों का अध्ययन–

1–वादन पाठ्यक्रम के रागों की विशेषतायें–स्वर विस्तार एवं अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त।

2–तालों के टुकड़े, परन आदि लिखने की योग्यता अथवा सरल स्वर विस्तार एवं तोड़ो के साथ गाने लिपिबद्ध करके लिखने की योग्यता।

3–अमीर खुशरू एवं भातखण्डे की जीवनी, तबला पखावज या मृदंग, वीणा, सितार, सरोद, सारंगी, इसराज या दिलरूबा गिटार, वायलिन और बांसुरी में से कोई एक वाद्य ले सकता है।

4–तबला और पखावज–(अपने वाद्यों के अंगों का सचित्र वर्णन तथा मिलाने की विधि का ज्ञान)–

(1) तीनताल, एकताल में से प्रत्येक में दो कायदा, दो टुकड़े और दो तिहाइयाँ लिखने तथा बजाने की योग्यता।

(2) दादरा एवं रूपक तालों के साधारण ठेके तथा उनकी दुगुन में ताली देकर बोलने का अभ्यास।

अन्य वाद्य लेने वाले :

1–राग यमन एवं खमाज रागों में से प्रत्येक में एक-एक राग जिसकी विस्तृत जानकारी आवश्यक है।

2–राग बिलावल एवं आसावरी रागों में आरोह-अवरोह एवं पकड़ लिखने की योग्यता/क्षमता।

3–तीनताल, दादरा, एकताल से परिचित होना चाहिये।

4–भारतीय वाद्यों का वर्गीकरण।

नोट :–उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों की आन्तरिक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसके लिये 15 अंक निर्धारित किये गये हैं तथा 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये है। इनका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :–किन्हीं तीन का चयन कर प्रोजेक्ट तैयार कीजिये।

1–अपने वाद्य को सचित्र चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिये।

2–हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के किसी प्रसिद्ध संगीतज्ञ के सगीत में दिये योगदान को वर्णित कीजिये।

3–खुले बोल व बन्द बोलों की तालों को उदाहरण सहित अपनी अभ्यास पुस्तिका में लिखिये।

4–वाद्यों के वर्गीकरण को समझाते हुये प्रत्येक प्रकारों के कुछ चित्र एकत्रित कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में चिपकाइये।

5–अपने वाद्य की परम्परा को बताते हुये किसी प्रसिद्ध घराने की चर्चा कीजिये।

6–उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत के कुछ प्रसिद्ध कलाकारों की सूची बनाकर उनको दिये जाने वाले पुरस्कार व क्षेत्र को बताइये।

7–किसी महान संगीतज्ञ का चित्र बनाकर संक्षिप्त जीवन परिचय चार्ट के माध्यम से दीजिये।

8–किसी संगीत समारोह का आँखों देखा हाल अपने शब्दों में वर्णित कीजिये।

9–संगीत के किसी एक वाद्य का मॉडल बनाइये।

10–शास्त्रीय संगीत के कुछ प्रसिद्ध वाद्यों के चित्र एकत्रित कर उन्हें बजाने वाले कलाकारों के नाम चित्र सहित सम्मुख लगाइये।

11–चल ठाठ व अचल ठाठ के सितार को समझाइये।

विषय–सिलाई

(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

1–प्रदूषण क्या है ? उनके विभिन्न प्रकार का प्रभाव।

2–पर्यावरण सुरक्षा–अर्थ, स्वरूप तथा पर्यावरण और सिलाई का सम्बन्ध।

3–नाप लेने की प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष प्रणाली।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय-सिलाई

कक्षा 9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घंटे का होगा। 70

1–विभिन्न प्रकार के कपड़े (सूती, ऊनी, रेशमी, सिन्थेटिक) का ज्ञान तथा उनके सिकुड़ने की प्रवृत्ति का ज्ञान।

2–सूती, ऊनी, रेशमी, सिन्थेटिक कपड़ों पर लोहा (प्रेस) करने की विधि।

3–सिलाई में प्रयोग होने वाली सामग्री का ज्ञान।

4–तागे का ज्ञान।

5–सिलाई क्रिया के समय प्रदूषण के अवसर।

6–मनुष्य और शरीर का गठन।

7–सादा पायजामा, पेटीकोट, बंगला कुर्ता, फ्रॉक परिधानों की नाप लिखना, रेखाचित्र बनाना तथा पेपर कटिंग करना।

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम 15

(प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा)

1–पेपर कटिंग–सादा पायजामा, पेटीकोट, बंगला कुर्ता, फ्रॉक सम्बन्धित यंत्रों के नापों की जानकारी एवं ड्राफ्ट बनाने का अभ्यास।

2–पेटीकोट, फ्रॉक, पायजामा, प्रेसिंग उपकरणों की जानकारी एवं उपयोगिता। वस्त्रों की सिलाई सम्बन्धी परिधानों को हाथ सिलाई, काज, बटन एवं पूर्णरूपेण फिनिशिंग का ज्ञान एवं अभ्यास करना।

प्रोजेक्ट कार्यों की सूची **15**

नोट :–दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से करायें। प्रोजेक्ट कार्यों की फाइल तैयार करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रोजेक्ट पाँच अंकों का होगा।

1–विभिन्न प्रकार के वस्त्र (ऊनी, सूती, रेशमी, नायलॉन) पर जल, साबुन एवं धोने की विधि का प्रभाव।

2–सिलाई एक कला।

3–सिलाई किट।

4–धागों का वर्गीकरण।

5–पर्यावरण और सिलाई।

6–सिलाई एवं सजावटी टाँके।

7–सिलाई एवं सजावटी सामान।

8–वस्त्रों का नवीनीकरण।

9–एक फाइल तैयार करें जिसमें पाठ्यक्रमानुसार सभी वस्त्रों की नाप एवं पेपर कटिंग लगायें।

10–एक फाइल तैयार करें (जिसमें) पाठ्यक्रमानुसार सभी वस्त्रों की नाप लिखें एवं छोटे-छोटे वस्त्र सिल कर लगायें।

विषय– कम्प्यूटर
(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

1–कम्प्यूटर फन्डामेन्टल्स–
- कम्प्यूटर नेटवर्क।
- इन्टरनेट।

3-A–ऑपरेटिंग सिस्टम–
- लाइनेक्स एवं डॉस में अन्तर।
- लाइनेक्स एवं विन्डोज में अन्तर।

3– B–ऑपरेटिंग सिस्टम (लाइनेक्स)–
- वाइल्ड कॉर्ड अक्षर एवं उनका उपयोग।
- त्रुटियों की सूचना (एरर मैसेज)।

4–ऑफिस (लाइनेक्स के परिप्रेक्ष्य में) से परिचय–
- प्रेजेन्टेशन सॉफ्टवेयर की मल्टीमीडिया क्षमतायें।

5–प्रोग्रामिंग तकनीक–
- मॉड्यूलर डिज़ाइन।

6–सी लैंग्वेज में मौलिक प्रोग्रामिंग (बेसिक प्रोग्रामिंग इन सी)–
- For & Whil loop and Case.

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय– कम्प्यूटर
(कक्षा–9)

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घंटे का होगा।

1–कम्प्यूटर फन्डामेन्टल्स– 15
- कम्प्यूटर परिचय।
- कम्प्यूटर के विकास का इतिहास।
- कम्प्यूटर के प्रकार।
- कम्प्यूटर का रेखा-चित्र।
- कम्प्यूटर के भाग।
- हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर एवं उनके प्रकार।

2–कम्प्यूटर प्रणाली– 05
- डिजिटल (डिस्क्रीट) और एनालॉग (कॉन्टीन्यूअस) ऑपरेशन्स।
- बाइनरी डाटा।
- बाइनरी नम्बर सिस्टम–
  - दशमलव (डेसिमल)।
  - ओक्टल।
  - हेक्साडेसिमल प्रणाली।
  - बाइनरी एवं डेसिमल में परस्पर सामान्य रूपान्तरण (फ्रैक्शनल कन्वर्जन सहित)।

3-A–ऑपरेटिंग सिस्टम– 05
- ऑपरेटिंग सिस्टम का परिचय।
- ऑपरेटिंग सिस्टम के कार्य एवं उनके प्रकार तथा अवयव।

3– B ऑपरेटिंग सिस्टम (लाइनेक्स)– 10
- लाइनेक्स का इतिहास।
- लाइनेक्स के मौलिक गुण एवं विशेषतायें।
- लाइनेक्स का जी0यू0आई0 स्वरूप।
- लाइनेक्स का प्रारम्भ एवं उससे बाहर निकलने की विधि (शटडाउन)।
- लाइनेक्स में माउस का प्रयोग करने की विधि।
- किसी भी एप्लीकेशन सॉफ्टवेयर को प्रारम्भ एवं बन्द करने की विधि तथा दो सॉफ्टवेयर्स के मध्य आवागमन।
- कम्प्यूटर फाइल्स और उनके प्रकार।
- डायरेक्टरी।
- सब-डायरेक्टरी।

बेसिक कमॉण्ड्स (फाइल बनाना, देखना, कॉपी करना, सेव करना आदि तथा डाइरेक्टरी बनाना, देखना, कॉपी करना, सेव करना आदि)

एडवान्स कमॉण्ड्स (फॉरमेट करना, बैकअप लेना, प्रिन्ट करना आदि)।

4–ऑफिस (लाइनेक्स के परिप्रेक्ष्य में) से परिचय– 10

ऑफिस के मूल तत्व एवं उनके द्वारा सम्पन्न होने वाले कार्यों का परिचय।

वर्ड प्रोसेसिंग के तत्व।

वर्ड प्रोसेसिंग की विधि।

कम्प्यूटराइज वर्ड प्रोसेसिंग के लाभ।

महत्वपूर्ण प्राथमिक कमाण्ड्स उदाहरण स्वरूप–किसी दस्तावेज की एन्टरिंग, फॉर्मेटिंग, एडिटिंग, सजावट, प्रिटिंग आदि।

प्रेजेन्टेशन सॉफ्टवेयर के तत्व।

प्रेजेन्टेशन एवं स्लाइडों का निर्माण।

स्लाइड शो का निर्माण एवं उसे क्रियाशील करना।

स्प्रेडशीट के तत्व।

वर्कशीट में डाटा एन्टर करना एवं संशोधन।

स्प्रेडशीट में चार्ट बनाना।

5–प्रोग्रामिंग तकनीक– 05

प्रोग्रामिंग क्या है ?

एल्गोरिथम।

फ्लो चार्ट।

ब्राचिंग।

लूपिंग।

6–सी लैंग्वेज में मौलिक प्रोग्रामिंग (बेसिक प्रोग्रामिंग इन सी)– 15

सी लैंग्वेज से परिचय।

सी लैंग्वेज का महत्व।

कम्प्यूटर पर सी लैंग्वेज में कार्य करना।

करेक्टर सैट।

कॉन्सन्टैंस एवं वेरिएबिल्स।

सी में एक्सप्रेशन्स लिखना।

सी में कन्सोल इनपुट/आउटपुट।

फॉरमेटेड इनपुट/आउटपुट।

जम्पिंग एवं ब्रान्चिंग स्टेटमेन्ट्स।

स्टेटमेन्ट्स से परिचय।

If Then एवं If-Then-Else स्टेटमेन्ट्स।

7–कम्प्यूटर एप्लीकेशन एवं उनके लाभ– 05

स्कूल, वाचनालय, छपाई बैंकिंग, परिवहन, जनसंख्या, पर्यावरण आदि।

प्रयोगात्मक कार्य

उक्त प्रस्तर–3, 4, 5 तथा 6 पर आधारित माड्यूल्स के प्रयोगात्मक कार्य कराये जायेंगे। प्रयोगात्मक परीक्षा हेतु 15 अंक निर्धारित किये गये हैं इसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

पाठ्य पुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य

प्रोजेक्ट कार्य 15 अंक का होगा। दिये गये प्रोजेक्ट की सूची में से तीन प्रोजेक्ट अवश्य तैयार कराये जाये। शिक्षक इसके अतिरिक्त विषय से सम्बन्धित प्रोजेक्ट तैयार करा सकते हैं। प्रोजेक्ट का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

1–Hardware & Software (हार्डवेयर तथा साफ्टवेयर)।

2–लाइनेक्स कमाण्ड (cat, more, Is, mkdir, etc.)।

3–ऑपरेटिंग सिस्टम (प्रकार, अवयव, आइकन)।

4–लाइनेक्स ऑफिस (stra, calc, Impress, writer)।

5–प्रोग्रामिंग अवधारणा/तकनीक–

(फ्लोचार्ट, स्यूडोकोड, एलगोरिथम)।

6–सी प्रोग्रामिंग (साधारण प्रोग्राम)।

7–ब्रांचिंग।

8–लूपिंग/जम्पिंग।

9–फंक्शन (कन्सोल इनपुट/आउटपुट)।

10–फाइल ऑपरेशन।

विषय–कृषि
(कक्षा–9)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

जलवायु विज्ञान भारत तथा कृषि क्रियाओं

मृदायें- मृदा विन्यास, रंध्रावकाश, सुघट्यता, घनत्व, संसजन और असंजन,

खाद तथा उर्वरक–पौधों के आवश्यक पोषक तत्व और उनके स्रोत, खलियाँ आदि।

कर्षण– जुताई की विधियाँ।

कृषि यन्त्र– (क) विभिन्न प्रकार के हल जैसे-देशी।

(ग)–खूँटीदार, कमानीदार, तिकोनिया।

(ङ) हाथ के औजार–हो तथा रैक।

फसलों का वर्गीकरण–दियारा खेती, मिश्रित खेती।

निम्न फसलों की खेती–ज्वार, कपास, सोयाबीन तथा जौ।

पशुपालन– भेड।

लेखपाल के कागजात– जोत-बही तथा उसकी उपयोगिता।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय–कृषि
कक्षा–9

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घंटे का होगा।

1. जलवायु विज्ञान– उत्तर प्रदेश में मौसम और ऋतुएँ। फसलों पर अनुकूल तथा प्रतिकूल मौसम का प्रभाव। वर्षा, उसमें वार्षिक तथा ऋतुगत परिवर्तन, उसके वितरण का फसलों पर प्रभाव। 2

2. **मृदायें**–मृदा निर्माण, मृदा संगठन, मिट्टी के भौतिक गुण–मृदा गठन, भूमि ताप, मृदा जल उ0प्र0 के मृदाओं का संक्षिप्त विवरण। 10

3. सिंचाई और जल निकास–(क) पौधों को जल की आवश्यकता, नमी संरक्षण, अत्यधिक जल से हानियाँ, जल-निकास की सामान्य विधियाँ।

(ख) उत्थापक के प्रकार, उनके नाम, वाशर रहट तथा शक्ति चलित पम्प का विशेष ज्ञान। 10

4. खाद तथा उर्वरक– जैविक खाद, गोबर की खाद, कम्पोस्ट खाद, हरी खाद आदि। 10

5. कर्षण–जुताई के उद्देश्य और विधि। 03

11--धुलाई, रफू, बखिया।
12--रंगाई और छपाई।
13--सिलाई।
14--मूर्ति कला।
15--मत्स्य पालन।
16--मुधमक्खी पालन।
17--मुर्गी पालन।
18--साग-सब्जी का उत्पादन।
19--फल संरक्षण।
20--रेशम तथा टसर काम।
21--सुतली तथा टाट-पट्टी का निर्माण।
22--हाथ से कागज बनाना।
23--फोटो ग्राफी।
24--रेडियो मरम्मत।
25--घड़ी मरम्मत।

26--चाक तथा मोमबत्ती बनाना।

27--कालीन व दरी का निर्माण।

28--फूलों, फलों तथा सब्जियों के पौधे तैयार करना।

29--लकड़ी, मिट्टी आदि के खिलौने का निर्माण।

30--बेकरी और कन्फेक्शनरी का काम।

31--उपर्युक्त की सुविधा न होने पर कोई स्थानीय प्रचलित कार्य।

उपर्युक्त कार्यों के लिए निर्धारित पाठ्यक्रम--

(एक) विद्यालय की कृषि भूमि पर आधारित ऋतु अनुसार फूल-पत्तियों का लगाना एवं सब्जिया बोना

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि ऋतु फूल-पत्तियों के लगाने तथा सब्जियों को बोने से जहाँ एक और आस-पास की वायु शुद्ध होती है, प्रदूषण दूर होता है, वहीं दूसरी ओर ताजी सब्जियां खाने को मिलती हैं, जिससे शरीर के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक विटामिन तथा खनिज लवणों की आपूर्ति होती है।

(2) छात्रों में ऋतु के अनुसार फूल-पत्तियों तथा सब्जियों का चयन कर उन्हें लगाने तथा उनकी खेती करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) स्थानीय परिवेश एवं जलवायु को दृष्टिगत रखते हुए विद्यालय की भूमि पर ऋतु के अनुसार फूल-पत्तियों तथा सब्जियों का चयन कर उनकी पौध तैयार करना।

(2) पौध लगाने के लिए उचित भूमि (क्यारियों) को तैयार करना, उसमें अपेक्षित कम्पोस्ट खाद तथा रसायनिक उर्वरक उचित मात्रा में डालना।

(3) बीजों को बोने के पूर्व उनका आवश्यकतानुसर शोधन करना।

(4) वर्षाकाल में लौकी, तरोई, गोभी, बैंगन, टमाटर, मिर्चा, गुलमेंहदी, जीनिया, गेंदा आदि के पौध लगाना।

(दो) विद्यालय में घास की लान तैयार करना

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि मैदान में घास लगाने से विद्यालय के सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ भूमि का कटाव नहीं होता, भूमि में फिसलन नहीं होती, लान की हरी-हरी घास नेत्रों को रोशनी के लिए लाभदायक होती है तथा घास के बढ़ने पर उसे पशुओं के लिये चारा भी उपलब्ध हो सकता है।

(2) छात्रों में विद्यालय तथा घर के आस-पास की रिक्त भूमि पर घासों के लान तैयार करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) भूमि तैयार करने तथा घास लगाने के लिए आवश्यक औजारों तथा सामग्रियों की जानकारी, प्रयोग विधि, सावधानियां तथा सुरक्षा के उद्देश्यों की जानकारी।

(2) लान (मैदान) से कंकड़, पत्थर साफ कर भूमि को खोदकर भुरभुरी बनाना।

(3) मिट्टी में कम्पोस्ट खाद तथा अपेक्षित उर्वरक डालना। घास लगाने के लिए तैयार करना।

(4) भूमि में आवश्यक सिंचाई कर मिट्टी में नमी पैदा करना तथा पुनः भूमि की गुड़ाई कर पटेला लगाना तथा भूमि को समतल बनाना।

(तीन) गमलों में दीर्घ जीवी, शोभायुक्त पौधे लगाना

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि घर के आस-पास भूमि की कमी या अभाव होने पर भी गमलों में दीर्घ-जीवी शोभायुक्त पौधे लगाये जा सकते हैं जिनसे पर्यावरणीय प्रदूषण कम किया जा सकता है।

(2) छात्रों में सुरुचि एवं सौन्दर्य भावना जागृत करने के लिए गमलों में दीर्घजीवी शोभायुक्त पौधे लगाने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) गमलों में दीर्घजीवी शोभायुक्त पौधे लगाने के लिए आवश्यक उपकरणों, सामग्रियों, मिट्टी तथा उर्वरकों की जानकारी।

(2) गमलों मे कम्पोस्ट खाद (गोबर की सड़ी खाद) युक्त मिट्टी भरने का अभ्यास।

(3) जुलाई से सितम्बर के मध्य गमलों में फर्न (विभिन्न प्रकार के घास, क्रोटन, विभिन्न प्रकार के कैक्टस, युफार्विया) आदि लगाना।

(4) नियमित रूप से गमलों में सिंचाई करना।

(चार) विद्यालय की बाउण्ड्री पर हेज लगाना, लतायें लगाना

उद्देश्य--

(1) विद्यालय को बोध कराना कि विद्यालय की शोभा इसकी बाउण्ड्री पर हेज तथा लतायें लगाने से बढ़ती हैं साथ ही इससे पर्यावरणीय प्रदूषण कम होता है तथा मिट्टी का क्षरण रुकता है।

(2) छात्रों में विद्यालय (साथ ही घर) की बाउण्ड्री पर हेज अथवा लतायें लगाने का शौक तथा कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) हेज तथा लतायें लगाने के लिए आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की जानकारी, उपविधियां तथा सुरक्षा के उपाय।

(2) हेज लगाने हेतु मेंहदी, नीलकांटा (डयूरेटा) सुदर्शन, जस्तीशिया, बस्तशिया छोटी, हेज, चांदनी आदि में से किसी उपयुक्त तथा मन पसन्द हेज का चुनाव करना, वर्षा ऋतु में उसे लगाना।

(पाँच) वृक्षारोपण

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना है कि वृक्ष मानव जाति के अस्तित्व के लिये आवश्यक है, इससे पर्यावरण प्रदूषित होने बचता है, भूमि का कटाव रुकता है, समय पर उपयुक्त वर्षा होती है, भोज्य पदार्थ, औषधियां, इमारती तथा ईंधन की लकड़ियां प्राप्त होती हैं। वृक्ष वास्तविक अर्थ में मानव के सच्चे मित्र एवं रक्षक हैं।

(2) छात्रों में वृक्षारोपण का शौक तथा कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) वृक्षारोपण हेतु आवश्यक औजारों तथा सामग्रियों की जानकारी, उनकी प्रयोग विधि, सावधानियां तथा सुरक्षा के उपायों की जानकारी प्राप्त करना।

(2) वृक्षारोपण हेतु उपयोगी वृक्षों की पौध तथा कलम तैयार करना।

(3) वृक्षारोपण के लिए गड्ढ़े खोदकर उसमें कम्पोस्ट तथा आवश्यक उर्वरक डालना।

(4) तैयार गड्ढ़ों में वर्षा ऋतु में वृक्षों के पौध लगाना।

(छः) कताई-बुनाई

उद्देश्य--

(1) छात्रों को सूत, खजूर की पत्ती, नाइलोन का धागा तथा सुतली से बुनाई करने का बोध कराना।

(2) आसनी बनाना, चटाई बुनना तथा टाट-पट्टी बुनने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) विभिन्न प्रकार की तकली व रूई के प्रकार की जानकारी प्राप्त करना।

(2) कताई में काम आने वाले विभिन्न उपकरणों एवं औजारों की जानकारी।

(3) कताई-बुनाई में आवश्यक सावधानियों एवं सुरक्षा नियमों का ज्ञान प्राप्त करना।

(4) रूई बुनाई तथा पूनी बनाने का अभ्यास।

(5) तकली तथा चरखे पर सूत कातने तथा अटेरन पर सूत लपेटने और गुण्डियां तैयार करने का अभ्यास।

(सात) काष्ठ-शिल्प

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि भव्य इमारतों तथा फर्नीचरों के निर्माण तथा सजावट की वस्तुयें तैयार करने में काष्ट शिल्प का ज्ञान नितान्त आवश्यक है।

(2) इस कला द्वारा छात्रों के हाथ, नेत्र और मस्तिष्क में सामंजस्य स्थापित होता है।

पाठ्यक्रम--

(1) काष्ठ शिल्प में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों एवं औजारों की जानकारी, उनके प्रयोग की सावधानियां तथा सुरक्षा के उपाय।

(2) यंत्र प्रयोग एवं कार्य करने का विधिवत् अभ्यास।

(आठ) ग्रन्थ शिल्प

उद्देश्य--

(1) छात्रों को पुस्तकों एवं अभ्यास पुस्तिकाओं को दीर्घकाल तक सुरक्षित रखने का बोध कराना।

(2) छात्रों में पुस्तकों को सिलने तथा उनकी जिल्दसाजी का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) ग्रन्थशिल्प में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों तथा औजारों की जानकारी, उसके विधिवत् प्रयोग करने का अभ्यास, सावधानियां एवं सुरक्षा के उपाय, यंत्रों के रख-रखाव की जानकारी।

(2) साधारण पुस्तकों और नोट-बुकों के पन्ने मोडना़, उनकी सिलाई करना (जुजबन्दी तथा सादी दोनों प्रकार की) किनारे काटना, पीठ गोल करना, रक्षक कागज लगाना, आवरण चढ़ाना तथा उनकी सुसज्जा करना।

(3) पुस्तक आवरण का लेखन तैयार कर उनकी सुरक्षा करना।

(नौ) चर्म शिल्प

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि दैनिक जीवन में चर्म से बनी वस्तुयें कितनी उपयोगी हैं।

(2) छात्रों में चर्म से विभिन्न प्रकार की दैनिक जीवनोपयोगी वस्तुओं के निर्माण का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) चर्म शिल्प में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों, औजारों तथा सामग्री की जानकारी, उनके विधिवत् प्रयोग करने का अभ्यास सावधानियां तथा सुरक्षा के उपाय।

(2) चर्म से तैयार की गयी वस्तुओं में बटन लगाने का अभ्यास।

(3) कागज से विभिन्न प्रकार के माडल बनाना, औजारों से सही ढंग से काटना, चिपकाना, चमड़े की पट्टी लगाने का अभ्यास।

(दस) धातु-शिल्प

उद्देश्य--

(1) छात्रों को धातु-अधातु में अन्तर तथा धातु के महत्व का बोध कराना।

(2) छात्रों में धातुओं से बनी दैनिक जीवन में उपयोग आने वाली वस्तुओं के मामूली टूट-फूट की मरम्मत करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) धातु-शिल्प में प्रयोग होने वाले उपकरणों एवं औजारों तथा सामग्रियों की जानकारी, उनके प्रयोग विधि का अभ्यास, सावधानियां तथा सुरक्षा के उपाय।

(2) यंत्रों के उचित ढंग से रख-रखाव की जानकारी।

(3) लोहा, टीन, तांबा, एल्युमीनियम, शीशा, जस्ता आदि धातुओं की जानकारी तथा उनसे बनने वाली वस्तुओं की जानकारी तथा उनके मामूली टूट-फूट की मरम्मत करने का अभ्यास।

(ग्यारह) धुलाई, रफू तथा बखिया

उद्देश्य--

छात्रों को बोध कराना है कि धुलाई-रफू तथा बखिया द्वारा प्रत्येक परिवार में प्रयोग होने वाले वस्त्रों को अधिक समय तक पूर्ण चमक-दमक के साथ चलाया जा सकता है तथा इस प्रकार आर्थिक बचत की जा सकती है।

पाठ्यक्रम--

(1) धुलाई, रफू तथा बखिया के उपकरणों, साज-सज्जा तथा सामग्रियों की जानकारी, सही प्रयोग सावधानियां रख-रखाव सुरक्षा के उपाय।

(2) विभिन्न देशों के बने वस्त्रों की जानकारी।

(3) प्रक्षालन के विभिन्न प्रकारों की जानकारी तथा अभ्यास।

(4) विभिन्न प्रकार के धब्बे हटाने की जानकारी तथा अभ्यास।

(बारह) रंगाई तथा छपाई

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि हर प्रकार के वस्त्रों की किस प्रकार रंगाई तथा छपाई कर उन्हें नयनाभिराम तथा आकर्षक बनाया जा सकता है।

(2) छात्रों में सूती, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों की रंगाई के कौशल का विकास कराना।

पाठ्यक्रम--

(1) रंगाई तथा छपाई हेतु प्रयुक्त होने वाले उपकरणों, साज-सज्जा तथा सामग्रियों की जानकारी, सही प्रयोग विधि का अभ्यास, सावधानियां तथा उनका रख-रखाव।

(2) विभिन्न प्रकार के टेक्सटाइल रेशों की पहचान का अभ्यास।

(3) कोरी वस्तुओं की अशुद्धियों को निकाल कर उन्हें रंगाने योग्य बनाने का अभ्यास।

(4) सूती, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों पर नमक के रंगों की विधि का अभ्यास।

(तेरह) सिलाई

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि सिलाई कला के अभ्यास से पर्याप्त धन की बचत की जा सकती है।

(2) छात्रों में सूती, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों की सिलाई के कौशल का विकास करना।

पाठ्यक्रम--

(1) सिलाई के उपकरणों, साज-सज्जा तथा सामग्रियों की जानकारी उनके सही प्रयोग विधि का अभ्यास सावधानियां तथा रख-रखाव की जानकारी।

(2) विभिन्न प्रकार के कपड़ों के सिकुड़ने आदि की प्रवृत्ति की जानकारी।

(3) सूती, ऊनी तथा रेशमी कपड़ों पर लोहा करने की विधि का अभ्यास।

(4) सूती, ऊनी तथा रेशमी की सिलाई हेतु सही धागों के चुनाव का अभ्यास।

(चौदह) मूर्ति कला

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि मूर्ति-कला का जीवन से कितना गहरा सम्बन्ध है। यह विगत स्मृतियों को जीवित रखने का एक मुखर साधन है।

(2) छात्रों में मूर्ति-कला के कौशल का विकास करना।

पाठ्यक्रम--

(1) मूर्ति-कला में प्रयोग होने वाले औजारों तथा अन्य सामग्रियों की जानकारी, उनकी प्रयोग विधि का ज्ञान, सावधानियां, रख-रखाव तथा सुरक्षा के उपाय।

(2) मिट्टी व अन्य रद्दी वस्तुओं, प्लास्टर आफ पेरिस, कागज की लुग्दी को कार्योपयोगी बनाने की विधि का अभ्यास।

(3) अच्छी मिट्टी व कागज की लुगदी की पहचान का अभ्यास।

(4) भट्ठियां बनाने की कला की जानकारी।

(5) टूटे बर्तनों व मूर्तियों को जोड़ने की कला की जानकारी।

(पन्द्रह) मत्स्य पालन

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि मत्स्य पालन से पौष्टिक आहार प्राप्त होता है, मत्स्योत्पादन एक लाभकारी उद्योग है।

(2) छात्रों को मत्स्य पालन हेतु प्रेरित करना तथा सही विधि से मत्स्य पालन करना सिखाना।

पाठ्यक्रम--

(1) मत्स्य पालन के काम आने वाली सामग्रियों की जानकारी।

(2) मत्स्य पकड़ने के उपकरणों जैसे बंसी, जाल, नाव तथा जहाज की जानकारी तथा छात्र द्वारा मत्स्य पकड़ने का अभ्यास।

(3) मत्स्य पालन के सामान्य सिद्धान्त, प्रजनन एवं पोषण की जानकारी।

(4) मत्स्य की सुरक्षा, जीवाणु सम्बन्धी खराबी, इसके कारण तथा सुरक्षा के उपायों की जानकारी।

(सोलह) मधुमक्खी पालन

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि मधु एकत्र करने के लिए मधु मक्खियों को पाला जा सकता है।

(2) छात्रों को बोध कराना कि मधु अनेक दशाओं में प्रयुक्त होती है तथा अत्यन्त स्वास्थबर्द्धक भोज्य पदार्थ है।

(3) छात्रों में मधुमक्खियों को मौन गृह में रखना तथा उनके रख-रखाव और शहद निकालने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) मधुमक्खी पालन तथा शहद निकालने के लिये आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की जानकारी।

(2) मौन गृह की व्यवस्था करना।

(3) मधुमक्खियों को बक्से में रखने के दोनों प्रकारों की जानकारी (1) मौनवंश में धनछट होने पर इन्हें ड्रम या कनस्टर छोड़कर, धूल उड़ाकर या पानी की बौछार कर रोक लेने की जानकारी तथा अभ्यास, स्वामीबैग से पकड़कर इन्हें बक्से में डालकर क्वानगट लाने की जानकारी, (2) मौनवंश को जाले से अथवा पेड़ की खोखल से स्थानान्तरित कर मौन गृह में लाना।

(4) मधुमक्खियों द्वारा छत्ता बनाने के लिये रात के समय चीनी का घोल प्याले में रख कर उसमें दूध या सूखी घास डालकर ऊपरी व भीतरी ढक्कन के बीच में रखने की जानकारी।

(5) धुआँ देकर मधुमक्खियों को भगाकर छत्तें को काटकर मौन गृह में फ्रेमों में फिट करना तथा रानी मक्खी को पकड़कर बक्से में डालना जिससे सभी मधुमक्खियां उस बक्से में आने लगें।

(6) बक्सों को ऐसे स्थान पर रखना जहाँ सभी मधुमक्खियों के आवागमन में किसी प्रकार का रुकावट न हो।

(सत्रह) मुर्गी पालन

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि प्रोटीन भोजन का एक मुख्य अवयव है। प्रोटीन का सरलता से उपलब्ध होने वाला प्रमुख साधन अण्डा है, जिसे मुर्गी पालन से प्राप्त किया जा सकता है।

(2) छात्रों में मुर्गी के आवास-व्यवस्था, रख-रखाव व रोग तथा उसके उपचार, मुर्गी फार्म के हिसाब से रख-रखाव का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) मुर्गी के आवास-व्यवस्था का प्रबन्ध करना।

(2) मुर्गियों के साधारण रख-रखाव की जानकारी प्राप्त करना।

(3) मुर्गी से विभिन्न रोगों की जानकारी, उसके उपचार एवं रोकथाम के उपायों की जानकारी।

(4) मुर्गी पालन प्रारम्भ करने के लिये उचित नस्ल की जानकारी तथा चुनाव।

(5) स्थानीय मांग के अनुसार यदि अंडों की खपत अधिक है तो अण्डे देने वली नस्ल की मुर्गियों का पालन करना तथा यदि बाजार में मांस की अधिक खपत है तो मांस के लिये पाली जाने वाली नस्लों का चयन कर मुर्गियों को पालना।

(अट्ठारह) शाक-सब्जी का उत्पादन

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि हमारे संतुलित आहार में शाक-सब्जी का कितना महत्वपूर्ण स्थान है तथा ये सब प्रकार के विटामिन्स, खनिजों एवं लवणों की आपूर्ति कर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं तथा रोगों से लड़ने की क्षमता उत्पन्न करते हैं।

(2) छात्रों में मौसम के अनुसार शाक-सब्जी को पैदा करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) शाक-सब्जी उत्पन्न कराने के लिये अच्छी मिट्टी की जानकारी, भूमि तैयार करना, सही मात्रा में आवश्यक खाद एवं उर्वरकों का प्रयोग करना।

(2) शाक-सब्जी की खेती में प्रयोग आने वाली कृषि उपकरणों तथा औजारों की जानकारी, उनके प्रयोग की विधि, सावधानियां एवं उनका रख-रखाव।

(3) अधिक उपज देने वाले बीजों की जानकारी एवं उनका चुनाव।

(4) बीज-शोधन प्रक्रिया की जानकारी तथा अभ्यास।

(5) शाक-सब्जी बोने के पूर्व भूमि में उचित मात्रा में नमी बनाये रखने की जानकारी, सिंचाई के समय तथा सही मात्रा की जानकारी तथा अभ्यास।

(6) मौसम के अनुसार शाक-सब्जी की खेती करने का अभ्यास, जिसमें कम लागत में अच्छी उपज प्राप्त हो सके।

(उन्नीस) फल संरक्षण

उद्देश्य--

(1) फलों के नष्ट होने की प्रक्रिया का छात्रों को बोध कराना।

(2) विभिन्न प्रकार के फलों के संरक्षण का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) फल संरक्षण हेतु आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की जानकारी।

(2) जेली, जैम, आचार, मुरब्बा, सास, कैचप तथा स्क्वैश की सामान्य जानकारी, उनमें परस्पर अन्तर की जानकारी तथा यह जानना कि कौन सा फल किस वस्तु के लिये तैयार करने में प्रयोग में लाया जाता है।

(3) प्रत्येक प्रकार की वस्तु (जैसे जेली, जैम, अचार आदि) तैयार करने के लिये उनमें प्रयुक्त होने वाले कच्चे माल (जैसे फल, चीनी, नमक, तेल, घी, मसाले आदि) की सही मात्रा (अनुपात) की जानकारी।

(4) अमरूद की जेली बनाने का अभ्यास।

(5) पपीते का जैम बनाने का अभ्यास।

(6) आम, मिर्चा, कटहल का अचार बनाने का अभ्यास।

(7) गाजर, मूली, शलजम, गोभी, सिंघाड़ा आदि का मिश्रित अचार बनाने का अभ्यास।

(8) आवंले का मुरब्बा बनाने का अभ्यास।

(बीस) रेशम तथा टसर का काम

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि रेशम के कीटों का पालन कर रेशम का धागा प्राप्त किया जा सकता है।

(2) छात्रों में शहतूत के पौधों का उत्पादन करना, शहतूत के पौधों पर रेशम के कीटों का पालन करना, प्यूपा (कोया) एकत्र कर उनसे रेशम का धागा प्राप्त करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) रेशम कीट पालन हेतु आवश्यक उपकरण एवं सामग्रियों की जानकारी सावधानियां एवं सुरक्षा के उपाय।

(2) शहतूत की पत्ती का उत्पादन।

(3) रेशम कीट पालन एवं कोया उत्पादन।

(4) कोये सुखाना एवं कोये की रोलिंग पर धागों (रेशम सूत) का उत्पादन करना।

(5) पत्तियों को ट्रे में धीरे-धीरे डालने का अभ्यास करना जिसमें कोयो को चोट न पहुंचे।

(6) पुरानी पत्तियों को समय से तत्परतापूर्वक ट्रे से हटाते रहना।

(इक्कीस) सुतली तथा टाट-पट्टी का निर्माण

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि सुतली तथा टाट-पट्टी कुटीर उद्योग है जिसमें ग्रामीण अर्थ-व्यवस्था सुधारने में सहायता मिल सकती है तथा कम पूंजी में इसे प्रारम्भ किया जा सकता है एवं इसके लिए कच्चा माल सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है।

(2) छात्रों में सुतली तथा टाट-पट्टी के निर्माण का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) सुतली एवं टाट-पट्टी के निर्माण के लिये आवश्यक उपकरणों, औजारों एवं सामग्रियों की जानकारी सावधानियां एवं सुरक्षा के उपाय।

(2) अच्छे रेशमों की जांच पड़ताल करना तथा रेशों के विभिन्न प्रकारों की जानकारी प्राप्त करना एवं पहचानने का अभ्यास करना।

(3) सुतली कातने तथा उसके 2 प्लाई, 3 प्लाई तथा 4 प्लाई धागों का निर्माण करना।

(4) कच्चे माल को एकत्र करने में बरतने योग्य सावधानियों की जानकारी प्राप्त करना तथा उनका अभ्यास करना।

(बाइस) हाथ से कागज बनाना

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि आधुनिक युग में ज्ञान के विकास तथा उसे सुरक्षित रखने में कागज का महान योगदान है।

(2) छात्रों में हाथ से कागज बनाने के कौशल का विकास करना।

पाठ्यक्रम--

(1) हाथ से कागज बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों तथा कच्चे माल की जानकारी, (क) प्रकृति के पदार्थों से मिलने वाला कच्चा माल, (ख) रद्दी कागज का उपयोग।

(2) कच्चे माल को गलाने तथा साफ करने की विधियों की जानकारी तथा अभ्यास (प्रकृति से प्राप्त होने वाले वस्तुओं को छोटे टुकड़ों में काटना, रासायनिक पदार्थों द्वारा गलाना, उबालना, कुटाई करना, कुंटी हुई लुग्दी में सफेदी लाने का अभ्यास, लुग्दी तथा रासायनिक पदार्थों को अलग करने की विधि)।

(3) तैयार लुग्दी की पहचान का अभ्यास।

(4) तैयार लुग्दी से कागज उठाना।

(5) हाथ से कागज उठाने की विधियां।

(तेइस) फोटाग्राफी

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि विगत स्मृतियों को साकार रूप से सुरक्षित रखने के लिये फोटोग्राफी एक सशक्त माध्यम है।

(2) छात्रों को फोटो खींचने, उसका डेवलपमेन्ट करने, प्रिटिंग तथा एनलार्जमेन्ट करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) निगेटिव फिल्मों को तैयार करने की प्रक्रिया की जानकारी।

(2) फोटोग्राफी के लिए आवश्यक उपकरणों, साज-सज्जा सामग्रियों की जानकारी उसका रख-रखाव तथा आवश्यक सावधानियों की जानकारी, सुरक्षा के नियमों को जानना।

(3) साधारण कैमरा, बाक्स कैमरा, डबल कैमरा, टिबल लेन्स कैमरा की जानकारी, फोल्डिंग कैमरा आदि का प्रयोग करना तथा रख-रखाव, सावधानियों की जानकारी।

(4) कैमरा के मुख्य पुर्जे की जानकारी, उनका प्रयोग तथा सावधानियां।

(5) डार्क रूम की जानकारी, फोटोग्राफी में प्रकाश का महत्व।

(6) फोटो खींचने का अभ्यास, फोटोग्राफी हेतु आकर्षक पोज की स्थिति समझाने की जानकरी तथा अभ्यास (आउट डोर तथा इन्डोर फोटोग्राफी का अभ्यास)।

(7) कैमरे में रील भरने तथा फोटो खींचने के बाद जब भर जाये तो उसे बाहर निकालने के अभ्यास तथा सावधानियां।

(8) कैमरा द्वारा लाइट के अनुरूप इक्सपोजर देने तथा टाइपिंग का अभ्यास।

(9) निगेटिव फिल्म तैयार करने का अभ्यास।

(10) विभिन्न रसायनों से डेवलपर तैयार करना तथा फिल्म को डेवलेप करने का अभ्यास।

(चौबीस) रेडियो मरम्मत

उद्देश्य--

(1) छात्रों को रेडियो, ट्रान्जिस्टर, टेपरिकार्डर तथा टू-इन-वन के बारे में बोध करना।

(2) रेडियो तथा ट्रान्जिस्टर को असेम्बली एवं रिपेयरिंग का कौशल विकसित करना।

(3) टेप रिकार्डर तथा टू-इन-वन की मरम्मत करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) रेडियो तथा इलेक्ट्रानिक का साधारण ज्ञान प्राप्त करना।

(2) विद्युत की सामान्य जानकारी।

(3) रेडियो तथा ट्रान्जिस्टर के प्रकारों की जानकारी।

(4) रेडियो तथा ट्रान्जिस्टर के विभिन्न पार्ट्स तथा उनके कार्यों की जानकारी।

(5) ट्रान्जिस्टर रिसीवर पार्ट्स की जानकारी।

(6) रेडियो तथा ट्रान्जिस्टर के दोषों को ढूढ़ना तथा उनको ठीक करने का अभ्यास।

(पच्चीस) घड़ी मरम्मत

उद्देश्य--

(1) छात्रों में कम लागत में घड़ियों की मरम्मत तथा रख-रखाव की क्षमता का विकास करना।

(2) मैकेनिकल तथा इलेक्ट्रिकल प्रकार की कलाई घड़ी, टेबुल घड़ी तथा दीवार घड़ी की मरम्मत सर्विसिंग और संयोजन (असेम्बली) का कौशल विकसित करना।

(3) छोटे-छोटे कल-पुर्जों को लेकर किये जाने वाले कार्यों में बरतने योग्य सावधानियों का अभ्यास करना।

पाठ्यक्रम--

(1) घड़ीसाजों के औजारों की पहचान एवं उनके उपयोग करने की विधियों का अभ्यास तथा सावधानियां।

(2) विभिन्न प्रकार की मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल घड़ियों का अध्ययन।

(3) घड़ी के कल-पुर्जों की बनावट एवं कार्य प्रणाली का अध्ययन।

(4) घड़ियों की खुलाई, सफाई, आयलिंग एवं बधाई।

(5) पुर्जों की मरम्मत एवं जांच तथा सही ढंग से नये पार्ट्स की फिटिंग करना।

(6) हेयर स्प्रिंग, टाइम सेटिंग का अभ्यास।

(छब्बीस) चाक एवं मोमबत्ती बनाना

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि कम लागत की पूंजी में चाक एवं मोमबत्ती बनाने का लघु कुटीर उद्योग प्रारम्भ किया जा सकता है जिसकी खपत आस-पास के परिवेश में हो सकती है।

(2) छात्रों में चाक एवं मोमबत्ती बनाने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

चाक एवं मोमबत्ती बनाने के लिये आवश्यक उपकरणों एवं सामग्रियों की जानकारी, सावधानियां एवं सुरक्षा के उपाय।

चाक बनाने हेतु--

(1) चाक बनाने के सांचे (गनमेटल तथा एल्यूमिनियम) की जानकारी, सांचों के कसने के लिये पेच की जानकारी, उनके प्रयोग का अभ्यास।

(2) कच्चे माल (प्लास्टर आफ पेरिस तथा चीनी मिट्टी) की जानकारी तथा प्रयोग विधि की जानकारी एवं अभ्यास।

(3) 10:1 के अनुपात में प्लास्टर आफ पेरिस तथा चीनी मिट्टी मिलाकर आवश्यकतानुसार पानी मिला कर लकड़ी के पतले तख्ते से संमिश्रण को खोदने का अभ्यास करना जिससे वह गाढ़ा लेई सदृश्य तैयार हो जाय।

(4) उपर्युक्त समिश्रण को मोबिल आयल लगे सांचे के छिद्रों में भरना तथा सांचे में 10-15 मिनट तक प्लास्टर आफ पेरिस के सूख जाने पर सांचे को खोलकर चाक को बाहर निकाल कर सुखा लेना।

(5) सूखे हुये चाकों को पैकिंग कर बाजार में विक्रय हेतु तैयार करना।

मोमबत्ती बनाने हेतु--

(1) मोमबत्ती बनाने के लिये एल्यूमिनियम से बने सांचे की जानकारी तथा प्रयोग का अभ्यास।

(2) मोमबत्ती हेतु कच्चे माल-पैराफीन, मोम सूत तथा आयल रंग की जानकारी एवं प्रयोग विधि की जानकारी।

(3) सांचे के पलड़ों को खोलकर रूई की सहायता से अन्दर आयलिंग करना, सांचे में धागा लगाने के स्थान पर धागा लगाना तथा सांचे के पलड़ों को मिलाकर सांचे को बन्द करना।

(4) पैराफीन, मोम को किसी पात्र में आग पर पिघलाकर सांचे के छिद्रों में घोलना तथा सांचे की पूरी तरह से पिघली मोम से भर जाने पर सांचे को ठंडे पानी के टब में डुबाना।

(सत्ताइस) कालीन तथा दरी का निर्माण

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि अवसरों पर बिछाने तथा ड्राइंग रूम को सजाने में कालीन तथा दरी का भारी उपयोग होता है।

(2) छात्रों में कालीन तथा दरी बनाने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) कालीन तथा दरी के निर्माण में प्रयोग होने वाले उपकरण तथा कच्चे माल की जानकारी।

(2) सूत छांटना तथा सूत खोलना।

(3) सूत की कटाई।

(4) तागा लगाना।

(5) दरी बुनाई की तकनीकी की जानकारी व बुनाई का अभ्यास।

(अट्ठाइस) फलों तथा सब्जियों का पौध तैयार करना

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि अच्छी प्रजाति के पौध तैयार कर उनके सही रोपण द्वारा पौधे शीघ्र बढ़ते हैं तथा उनसे उत्पादन भी अधिक होता है।

(2) छात्रों में मौसम के अनुसार सब्जियों तथा फूलों का चयन कर उसकी पौध तैयार करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) पौधों का चयन स्थानीय आवश्यकता एवं सुविधा को रखते हुए मौसम के अनुसार उगाई जाने वाली सब्जियों, फलों तथा फूलों की सूची तैयार करना।

(2) वर्षा काल में लौकी, गोभी, बैंगन, टमाटर, मिर्चा, गुल मेंहदी, जीनिया, गेंदा, पपीता इत्यादि की पौध तैयार करना।

(3) शीतकाल में फूलगोभी, पातगोभी, गांठगोभी, प्याज, कलेण्डुला, डहेलिया, नैस्ट्रोशियन, गुलदावदी, सूरजमुखी इत्यादि की पौध तैयार करना।

(4) ग्रीष्मकाल में कना, कोचिव, पोटूलाका वरगीनिया इत्यादि की पौध तैयार करना।

(5) अक्टूबर, नवम्बर में गुलाब की पौधे तैयार करना।

(उन्तीस) लकड़ी तथा मिट्टी के खिलौने का निर्माण

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना कि लकड़ी तथा मिट्टी के खिलौने बच्चों के लिये आकर्षण के केन्द्र तथा घर पर तथा ड्राइंग रूम सजाने के लिये सुन्दर साधन होते हैं।

(2) छात्रों में लकड़ी तथा मिट्टी के खिलौने के निर्माण का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) लकड़ी के खिलौने बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों/औजारों तथा कच्चे माल की जानकारी।

(2) औजारों का प्रयोग करने का अभ्यास एवं सावधानियां।

(3) विभिन्न प्रकार के डिजाइनों के अनुसार वन पीस तथा मेनी पीस में लकड़ी के खिलौने तैयार करने का अभ्यास।

(4) लकड़ी के खिलौने पर फिनिशिंग टच देना तथा पालिश करने का अभ्यास।

(5) मिट्टी के खिलौने बनाने के लिये उपयुक्त मिट्टी की जानकारी, चुनाव उसे तैयार करना।

(6) खिलौने के सांचों की प्रयोग की विधि की जानकारी।

(7) सांचे के खिलौने को निकालने, सुखाने तथा भट्टी में उपयुक्त आंच में पकाने की कला जानकारी तथा अभ्यास।

(तीस) बेकरी तथा कन्फेक्शनरी का काम

उद्देश्य--

(1) छात्रों को बोध कराना है कि सामान्यतः नाश्ते में प्रयोग किये जाने वाले बिस्कुट तथा केक आदि सरलता से घर में बनाये जा सकते हैं।

(2) छात्रों को बिस्कुट, केक, पेस्ट्री तथा पावरोटी बनाने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम--

(1) बेकरी तथा कन्फेक्शनरी के काम में उपयोग में आने वाले आवश्यक उपकरणों/औजारों तथा ओवन की जानकारी।

(2) बिस्कुट, केक, पेस्ट्री तथा पावरोटी में प्रयुक्त होने वाली सामग्री तथा उनकी सही मात्रा के अनुपात की जानकारी।

(3) पावरोटी, बनाने की विधियां--स्टेट की विधि, (ख) साल्ट डिलाइट विधि, (ग) नो टाइप की विधि, (घ) स्पेजडी विधि का ज्ञान प्राप्त करना।

(4) ब्रेड बनाने की प्रक्रिया--(1) फ्लाई परमेन्ट, (2) मिक्सिंग, (3) नोडिंग, (4) प्रथम फर्मा, (5) इण्टरमीडिएट प्रूफ, (6) मीलिंग एवं पैडिंग, (7) प्रूफिंग, (8) बेकिंग, (9) कलिंग, (10) स्लाई सिंग तथा (11) रैपिंग।

सामाजिक सेवा

(1) सामान्य व्यवहार की बातें, जैसे--सड़कों पर चलने, वाहन चलाने एवं सार्वजनिक स्थानों पर व्यवहार के नियम।

(2) कक्षा सजावट।

(3) नशाबन्दी एवं धूम्रपान आदि व्यसनों के कुप्रभाव से अवगत कराना।

सामान्य निर्देश

(1) विद्यालय का प्रारम्भ सामूहिक प्रार्थना एवं दैनिक प्रतिज्ञा से होना चाहिए।

(2) प्रार्थना स्थल पर सप्ताह में दो बार प्राधानाचार्य, शिक्षकों, विशेष अतिथियों एवं छात्रों द्वारा नैतिक मूल्यों को जगाने वाले दो मिनट के प्रवचन कराये जायें।

(3) विद्यालय में समय-समय पर अभिनव, लेख, कहानी, सूक्ति, कविता पाइ, अन्त्याक्षरी आदि को प्रतियोगिताओं, महापुरुषों के जन्म दिनों तथा वार्षिकोत्सव एवं राष्ट्रीय पर्वों का आयोजन किया जाय।

(4) छात्रों को प्रतिदिन निर्धारित व्यायाम एवं योगदान करने के लिये प्रेरित किया जाय।

(5) सामूहिक व्यायाम एवं खेलों का आयोजन किया जाय।

(6) समाज सेवा के कार्य के अन्तर्गत विद्यालय प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यालय की सफाई, मरम्मत एवं सजावट तथा पुस्तकालय सेवा जैसे रचनात्मक कार्य भी कराये जाये।

3--मूल्यांकन--

1--उपर्युक्त पाठ्यक्रम का मूल्यांकन पूर्णतया आन्तरिक होगा।

2--प्रत्येक छात्र को एक डायरी रखनी होगी, जिसमें उसके द्वारा दिये गये कार्य नैतिक सत् प्रयास शारीरिक शिक्षा अन्तर्गत किये गये अभ्यासों, कृत समाजोपयोगी, उत्पादक कार्यों एवं सामाजिक के रूप में किये गये प्रयत्नों तथा कार्यों का मासिक विवरण सम्बन्धित अध्यापक द्वारा अंकित हो तथा प्रत्येक माह के अन्त में यह विवरण मूल्यांकन हेतु कक्षाध्यापक के माध्यम से प्रधानाचार्य के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

3--मूल्यांकन के आधार पर इसमें तीन श्रेणियां ए, बी, सी प्रदान की जायेगी। जिन छात्रों ने कार्य न पूरा किया हो तो उन्हें तब तक सामान्य परीक्षा में उत्तीर्ण घोषित नहीं किया जायेगा, जब तक कि निर्धारित कार्य पूरा न कर लें जो छात्र उपर्युक्त तीनों श्रेणियों में से किसी भी श्रेणी के योग्य नहीं पाये जायेंगे, उनकी विवरण पुस्तिका (डायरी) में तद्नुसार प्रविष्टि कर दी जायेगी तथा ऐसा छात्र मुख्य परीक्षा में बैठने के लिए अर्ह न होगा।

निर्धारित पुस्तकें--

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान सम्बन्धित विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपर्युक्त पुस्तक का चयन कर लें।

पूर्व व्यावसायिक का पाठ्यक्रम

कक्षा–9

(1) ट्रेड--टेक्सटाइल डिजाइन

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--(ख) लघु उद्योग एवं स्वरोजगार--लघु उद्योग की परिभाषा, सीमाएं तथा लाभ राष्ट्रीय औद्योगिक नीति में लघु उद्योग का महत्व, लघु उद्योग में सहायक सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों के नाम एवं कार्य, लघु उद्योग की स्थापना, प्रक्रिया एवं औपचारिकताओ का संक्षिप्त परिचय, बाजार सर्वेक्षण एवं कारोबार के संचालन का ज्ञान, विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं का परिचय।

इकाई 3--छपाई, रंगाई व पेंटिग में प्रयोग कर सकते हैं।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

पूर्व व्यावसायिक का पाठ्यक्रम

(1) ट्रेड--टेक्सटाइल डिजाइन

पाठ्यक्रम

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(क) उद्यमिता बोध--उद्यम एवं उद्यमिता की परिभाषा एवं व्याख्या, वर्तमान परिस्थितियों में स्वरोजगार का महत्व एवं सम्भावनाओं उद्यमिता मूल्य एवं उद्यमिता गुणों की व्याख्या एवं उद्यमिता विकास प्रक्रिया।

इकाई 2--

(क) टेक्सटइल परिचय--रेश, धागा, कपड़े का सामान्य ज्ञान।

(ख) टेक्सटाइल से सम्बन्धित डिजाइन का अध्ययन--बुनाई, रंगाई, छपाई, वाश, पेंटिग का साधारण नमूना तैयार करना।

इकाई 3--

(क) डिजाइन तैयार करने के मूलभूत सिद्धान्त तथा प्रारम्भिक डिजाइन का प्रमुख नमूना तैयार करना।

(ख) डिजाइन में रंगों एवं रंग योजना प्रयोग। विभिन्न प्रकार के डिजाइन अवधारणा का निर्माण करना।

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम

प्रयोगात्मक क्रिया-कलाप

(1) रेशों की पहचान--सूती, ऊनी, रेशमी। परीक्षण विधि--मौलिक, जलाकर।

(2) कपड़े/धागे की रंगाई, छपाई के लिए तैयार करना। उबालना, विरंजन करना--मारकीन और कच्चा सूत।

(3) नमक के रंगों से छपाई करना--रूमाल या दुपट्टा कपड़ा--सूती कपड़ा/धागा।

(4) नप्थोल रंग से रंगाई करना--तीन गहरे रंग का प्रयोग, इन रंगों का प्रयोग पर्दे इत्यादि पर किया जा सकता है।

(5) ठप्पे (कपड़ों के) द्वारा छपाई--मेजपोश, रूमाल, तकिया का गिलाफ। कपड़ा--सूती।

पुस्तकों की सूची

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक
1	2	3	4
1	वस्त्र विज्ञान के मूल सिद्धान्त	जे0 पी0 शैरी	विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा।
2	वस्त्र विज्ञान एवं परिवार (तृतीय संस्करण)	प्रो0 प्रमिला वर्मा	यूनिवर्सल बुक डिपो, लखनऊ।
3	हाउस होल्ड टेक्सटाइल	दुर्गादत्त	बुक कम्पनी, नई दिल्ली।
4	टेक्सटाइल केयर एण्ड डिजाइन	एन0 सी0 ई0 आर0 टी0 एक्सप्लेनर, इन्स्ट्रक्शनल, मैटेरियल फार क्लासेज, दिल्ली IX-X	एस0 सी0 ई0 आर0 टी0, नई दिल्ली।

कक्षा–9

(2) ट्रेड--पुस्तकालय विज्ञान

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

सैद्धान्तिक--

(ख) लघु उद्योग एवं स्वरोजगार--लघु उद्योगों की परिभाषा, सीमायें तथा लाभ। राष्ट्रीय औद्योगिक नीति में लघु उद्योग का महत्व, लघु उद्योग सहायक सरकारी तथा गैर सरकारी एजेन्सियों के नाम एवं कार्य, लघु उद्योग की स्थापना प्रक्रिया एवं औपचारिकताओं का संक्षिप्त परिचय, बाजार सर्वेक्षण एवं कारोबार संचालन का ज्ञान, विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं का परिचय।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

(2) ट्रेड--पुस्तकालय विज्ञान

सैद्धान्तिक (लिखित परीक्षा)

1--(क) उद्यमिता बोध--उद्यम, उद्यमती एवं उद्यमिता की परिभाषा एवं व्याख्या। वर्तमान परिस्थितियों में स्वरोजगार का महत्व एवं सम्भावनायें। उद्यमिता मूल्य एवं उद्यमिता के गुणों की व्याख्या एवं उद्यमिता विकास प्रक्रिया।

2--पुस्तकालय का परिचय, परिभाषा, उद्देश्य, आवश्यकता एवं महत्व, पुस्तकालयों के विभिन्न प्रकार (रूप) पुस्तकालय विज्ञान के पांच सिद्धान्तों की अवधारणा।

3--पुस्तकालय उपकरण उपस्कर एवं साज-सज्जा।

4--पुस्तकालय अध्ययन--सामग्री की अवाप्ति प्रक्रिया, उनके उपयोग हेतु सुनियोजन, फलक व्यवस्था तथा प्रदायक सेवा। प्रतिकाओं का अभिलेख एवं रख-रखाव।

प्रयोगात्मक

(1) लघु प्रयोगः

पुस्तकालयों के निम्नलिखित उपकरणों का प्रारूप तैयार करना--

बुक-प्लेट, बुक-लेबिल, तिथि-पत्रों, पुस्तक-पत्र, पुस्तक-पाकेट, पुस्तकालय-पत्रक, सूची-पत्रक, सूचना निर्देशक-पत्र, तिथि निर्देशक, बुक सपोर्टर।

(2) दीर्घ प्रयोगः

(क) पुस्ताकलय के निम्नलिखित उपस्करों एवं उपकरणों का प्रारूप (डिजाइन तैयार करना)--

परिग्रहण-पंजिका, समाचार-पत्र तथा पत्रिका-पंजिका, निर्गम पंजिका, कैटलाग, कैबिनेट चार्जिंग ट्रे, डिसप्ले, रेक, एटलस, स्टैण्ड, शब्दकोष स्टैण्ड।

पुस्तकों की मरम्मत, जुजबन्दी एवं सादी सिलाई द्वारा जिल्दबन्दी करना।

(ख) वर्गीकरण एवं सूचीकरण प्रायोगिक का मूल्यांकन, सत्रीय कार्य के अन्तर्गत (आगे उल्लिखित क्रम संख्या 4 एवं 5 पर आधारित कार्य करना)।

(1) सत्रीय कार्य--

छात्र कक्षा 9 में निम्नलिखित कार्य करेंगे और उनका अभिलेख तैयार कर सत्रीय कार्य के मूल्यांकन हेतु सुरक्षित रखेंगे :

1--पचास पुस्तकों की परिग्रहण पंजिका में प्रविष्टि।

2--पांच पुस्तकों का उपयोग हेतु सुनियोजन।

3--पत्र-पत्रिका से पांच समाचार-पत्र तथा दस पत्रिकाओं की प्रविष्टि।

4--सौ पुस्तकों का ड्यूई दशमलव वर्गीकरण पद्धति से तीन अंकों तक का वर्गांक बनाना।

5--पचीस पुस्तकों के मुख्य, अतिरिक्त एवं अन्तर्देशी संलेख को पत्रक स्वरूप सूचीकरण ए0ए0सी0आर0-2 के अनुसार बनाना।

(2) व्यावहारिक अध्ययन--

1--छात्र द्वारा किन्ही दो पुस्तकालयों की कार्य-प्रणाली का ज्ञान प्राप्त कर दस पृष्ठों की आख्या प्रस्तुत करना।

2--किसी जिल्दसाज की दुकान पर भौतिक ग्रन्थ विज्ञान एवं जिल्दसाजी का व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करना एवं किये गये कार्य का विवरण प्रस्तुत करना।

3--ड्यूई दशमलव वर्गीकरण पद्धति के तृतीय सारांश में प्रयुक्त पदो ंके हिन्दी समानार्थी शब्दों का ज्ञान।

निर्धारित पुस्तकें--

कोई भी पुस्तक निर्धारित एवं संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के सम्बन्धित विषय के अध्यापक पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तकों का चयन कर लें।

कक्षा–9

(3) ट्रेड--पाकशास्त्र (कुकरी)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(ख) लघु उद्योग एवं रोजगार--लघु उद्योग की परिभाषा, सीमाएं तथा लाभ राष्ट्रीय औद्योगिक नीति में लघु उद्योग का महत्व, लघु उद्योग में सहायक सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों के नाम एवं कार्य, लघु उद्योग की स्थापना, प्रक्रिया एवं औपचारिकताओं का संक्षिप्त परिचय, बाजार सर्वेक्षण एवं कारोबार संचालन का ज्ञान, विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं का परिचय।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

(3) ट्रेड--पाकशास्त्र (कुकरी)

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(क) उद्यमिता बोध--उद्यम एवं उद्यमिता की परिभाषा एवं व्याख्या वर्तमान परिस्थितियों में स्वरोजगार का महत्व एवं सम्भावना में उद्यमिता मूल्य एवं उद्यमिता गुणों की व्याख्या एवं उद्यमिता विकास प्रक्रिया।

इकाई 2--

(1) पाक कला की परिभाषा, उत्पत्ति एवं उद्देश्य।

(2) पाकशास्त्र की शब्दावली--

एरोमेट्स	म्लीचिंग	रिशेफ
वैटर	कांगूलेट	शटनिंग
वोटिंग	क्रोटोस	विपिंग
फैरामेल	डो	जूलियन
कुजीन	ग्लूटेन	रेजिंग एजेन्ट्स
गार्निज	आदव	रु0
आग्रटिन	मिन्स	सांटे

इकाई 3--

1--कच्ची खाद्य सामग्रियों का परिचय एवं उनको खरीदते समय ध्यान देने योग्य मानक--नमक, द्रव तेल एवं वसा, रेजिंग एजेन्ट्स, मिठास देने वाले पदार्थ, गाढ़ापन देने वाले पदार्थ, अण्डा, अनाज, दालें, सब्जियां, मांस, मछली।

2--भोजन पकाने की विधियां--उबालना, पोचिंग, ब्रेजिंग, भाप द्वारा पकाना, स्ट्यूइंग, फ्राइंग, रोप्टिस, ग्रिलिंग या बालिंग, बेंकिग या ग्रिडलिंग।

प्रयोगात्मक

(1) भारतीय व्यंजन (खाद्य उत्पाद)--

1--चावल--वेजिटेबिल पुलाव, प्लेन फ्राइड राइस, कोकोनट मली राइस, बिरयानी।

2--रोटी--मिस्सी रोटी, भरवी पराठा, नान, कचौड़ी।

3--दाल--दाल मक्खनी, सूखी मसाला दाल।

4--सब्जी--बेजिटेविल कोफ्ता, वेजिटेबिल कोरमा, भरवा शिमला मिर्च या टमाटर, पनीर पंसादीबा, सूखी सब्जी।

5--मांस--कोरमा, शामी कबाव, रोगनजोश, मटर कीमा, मटर चिकन।
6--रायता--बूंदी, खीरा, टमाटर, आलू।
7--सलाद--सलाद काटना, सजाना।
8--मीठा--गुलाब जामुन, रसगुल्ले, बर्फी, फिरनी।
9--स्नैक्स--समोसा कटलेट्स, वेजिटेबल रोल्स, वेजिटेबल कबाव।
10--पेय पदार्थ--चाय, काफी, कोल्ड काफी, लस्सी।
11--अण्डा--एगकरी, आमलेट, स्क्रैम्बल्ड एग, पोच एग।

(2) पाश्चात्य व्यंजन--

1--सूप--क्रीम आफ टोमैटो सूप, धुली मसूर की दाल का सूप, मिक्सड वेजिटेबल सूप।
2--वेजिटेबल--बैक्ड वेजिटेबल, बैक्ड पोर्ट टी, साटे पोज, क्रीम्ड कैरट्स।
3--मीट एवं मछली--आइरिस स्ट्यू, वैक्ट फिश, फिशफिंगर्स।
4--चायनीज--चाऊमीन, चायनीज फ्राइज्ड राइस।
5--पुडिंग्स--ब्रेड बटर पुडिंग, कैरेमल कस्टर्ड फ्रूट क्रीम।

(3) प्रान्तीय--

उत्तर भारतीय--छोले भटूरे, फिश लाई ढोकला।
दक्षिण भारतीय--इडली, ढोसा, सांभर, नारियल चटनी।

पुस्तकों की सूची

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम व पता
1	2	3	4
1	भारतीय एवं पाश्चात्य पाकशास्त्र के सिद्धान्त एवं व्यंजन विधियां	सुश्री अनुपम चौहान	हिन्दी प्रचारक संस्थान, पो0 बा0 नं0-1106 पिशाच मोचन, वाराणसी।
2	आहार एवं पोषण विज्ञान	श्रीमती ऊषा टंडन	स्वास्तिक प्रकाशन एवं पुस्तक विक्रेता, अस्पताल मार्ग, आगरा।

कक्षा–9

(4) टेड्र--छाया चित्रण (फोटाग्राफी)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

सैद्धान्तिक--

2(क) लेन्सों में दोष--वर्णीय (क्रोमेटिक) एंव गोलीय, दोषों का निवारण : नार्मल वाइड एंगिल तथा टेलीफोटो लेन्स।
(ख) अपरचर या द्वाराक--कार्य, विभिन्न प्रकार, रचना, संख्या।
(ग) शट या कपाट--कार्य, विभिन्न प्रकार जैसे, लीफ/ब्लेड शटर फोकल प्लेन आदि उनकी रचना।
(3) धीमा स्लो (धीमा), मध्यम (मीडियम) तथा तेज (फास्ट) फिल्में।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

(4) टेड्र--छाया चित्रण (फोटाग्राफी)

सैद्धान्तिक--

(1) [क] उद्यमिता बोध--उद्यम, उद्यमी एवं उद्यमता की परिभाषा एवं व्याख्या, वर्तमान परिस्थितियों में स्वरोजगार का महत्व एवं संभावनाएं। उद्यमिता मूल्य एवं उद्यमिता गुणों की व्याख्या एवं उद्यमिता विकास प्रक्रिया।

[ख] लघु उद्योग एवं स्वरोजगार--लघु उद्योग की परिभाषा, सीमाएं तथा लाभ, राष्ट्रीय औद्योगिक नीति में लघु उद्योग का महत्व, लघु उद्योग में सहायक सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों के नाम एवं कार्य, लघु उद्योग की स्थापना, रक्त प्रक्रिया एवं औपचारिकताओं को संक्षिप्त परिचय, बाजार सर्वेक्षण एवं कारोबार संचालन का ज्ञान। विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं का परिचय।

(2) फोटोग्राफी--परिचय, संक्षिप्त इतिहास उपयोगिता--

1--कैमरों के प्रकार, पिन, होल, घुक्स, फोल्डिंग, रिफ्लैक्स, फील्ड कैमरा, मिनिएचर (लघु) तथा सब मिनिएचर (अति लघु)।
2--कैमरा के विभिन्न अंग--

(क) लेन्स--विभिन्न प्रकार के लेन्स, फोकल बिन्दु, फोकल दूरी, साधारण लेन्सों द्वारा वस्तु के बिम्ब का बनाना। क्षेत्र की गहनता रेखाचित्र द्वारा समझना।

(घ) दृश्यदर्शी (Veiw find), सीधा दृश्यदर्शी, दर्पण ग्राउन्ड ग्लास (घिसा हुआ कांच) तथा दर्पण पटा प्रिज्म दृश्यदर्शी।

(ङ) फिल्म प्रकोष्ठ (Film chamber) रचना, फिल्म की हाथ द्वारा (मैनुअल) तथा आटोमेटिक बाइंडिंग।

(3) फोटोग्राफिक फिल्म तथा पेपर, प्रकाशन संवेदनशील पदार्थ, फोटोग्राफिक फिल्म तथा पेपर की संरचना तथा उनके प्रकार। फिल्मों की गति व्यक्त करने के लिए ए0एस0ए0 तथा डिम (Dim) पद्धति। पैक्रोमेटिक तथा आर्थोक्रोमेटिक फिल्में तथा पेपर। पेपर के विभिन्न ग्रेड एवं वेट, विभिन्न प्रकार की फिल्में।

प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक लघु--

1--कैमरे (बाक्स) की संरचना का अध्ययन कीजिए एवं चित्र खीचिंए (सभी भागों का नाम लिखिए)।

2--कैमरे (बाक्स) का संचालन सीखना।

3--कैमरे के साथ उपयोग होने वाले फ्लेश, एक्सपोजर, मोटर ट्राइपाड स्ट्रेन्ड इत्यादि का अध्ययन।

4--किसी निगेटिव का कान्ट्रेक्ट प्रिन्ट बनाना।

5--किसी निगेटिव का एनलार्जमेन्ट बनाना।

6--किसी प्रिन्ट की टूनिंग तथा ग्लेजिंग तथा पेस्टिंग करना।

7--पीले फिल्टर का प्रयोग कर फोटो लेना।

8--बनाने के बाद प्रिन्ट के defect (त्रुटियों) का अध्ययन तथा साधारण त्रुटियों को दूर करना।

प्रयोगात्मक दीर्घ--

1--कैमरे के शटर स्पीड एवं एपन्चर का उद्भासन (एक्सपेजर) समय पर प्रभाव का अध्ययन, फोटो खींच कर करना।

2--फोटो खींचकर या रेफ्लेक्स कैमरे द्वारा Aperture का फोकस की गहनता, depth तथा Sharpness पर प्रकाश का अध्ययन करना।

3--एनलारजर की रचना एवं संचालन का अध्ययन करना, सही उद्भासन समय निकालना एवं लीवर/अन्डर एक्सपोजर का अध्ययन।

4--निगेटिव के ग्रेड का अध्ययन तथा प्रिन्ट के लिए विभिन्न पेपर ग्रेड के भाव का अध्ययन।

5--उद्भासन समय पर फिल्म की गति के प्रभाव का अध्ययन।

6--चित्र के कम्पोजीशन का अध्ययन करना।

7--बच्चे, महिला एवं वृद्ध के पोर्ट्रेट खींचना।

8--लैण्ड स्केप फोटो खींचना।

9--डार्क रूम के साज सामान तथा ले-आउट का अध्ययन करना।

10--डेवलपमेन्ट टाइप का चित्र पर प्रभाव एवं ओवर/अन्डर डेवलपमेन्ट का अध्ययन।

11--बाक्स कैमरे द्वारा कम से कम एक कलर फोटो लेना तथा अध्ययन करना।

12--किसी विषय पर प्रोजेक्ट Project करना, जैसे पोर्ट्रेट, लैण्ड स्कैप।

पुस्तकों की सूची

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम व पता
1	2	3	4
1	डायमण्ड कम्पलीट फोटोग्राफी	श्रीकृष्ण श्रीवास्तव	डायमण्ड पाकेट बुक्स, दिल्ली वितरक--विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
2	फोटोग्राफी सहज पार्ट	अशोक डे	इण्डियन क्टिोरियल, पब्लिशर्स, कलकत्ता। वितरक--विश्वविद्यालय प्रकाशन, वाराणसी।
3	ट्रिक फोटोग्राफी एण्ड कलर प्रासेसिंग	ए0 एच0 हाशमी	युनिवर्सल बुक सेन्टर, लखनऊ।
4	प्रैक्टिकल फोटोग्राफी	ए0 एच0 हाशमी	तदैव
5	गुड फोटोग्राफी	कोडक	यूनिवर्सल बुकसेलर, लखनऊ।
6	फोटोग्राफी स्पोट्र्स	कोडक	तदेव
7	मोविमेकर एच0 बी0	कोडक	यूनिवर्सल बुकसेलर, लखनऊ।
8	दी होम वीडियो पिक्चर	कोडक	तदेव
9	फोकल गाइड टू ट्रेडिंग	कोडक	तदेव
10	फोकल गाइड मूवी मेकिंग	कोडक	तदेव
11	दी फोकल गाइड टू साइड टेंड	कोडक	तदेव
12	दी फोकल गाइड टू एक्शन फोटोग्राफी	कोडक	तदेव
13	दी पाकेट गाइड टू फोटोग्राफी	कोडक	तदेव
14	गाइड टू परफेक्ट पिक्चर	कोडक	तदेव
15	वे आफ प्रैक्टिकल फोटोग्राफी	कोडक	तदेव

कक्षा–9

(5) ट्रेड-बेकिंग एवं कनफेक्शनरी

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(2) लघु उद्योग एवं स्वरोजगार--

लघु उद्योग की परिभाषा, सीमाएं तथा लाभ। राष्ट्रीय औद्योगिक नीति में लघु उद्योग का महत्व, लघु उद्योग में सहायक सरकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों के नाम एवं कार्य, लघु उद्योग की स्थापना, प्रक्रिया एवं औपचारिकताओं का संक्षिप्त परिचय, बाजार सर्वेक्षण एवं कारोबार के संचालन का ज्ञान। विभिन्न स्वरोजगर की योजनाओं का परिचय।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

(5) ट्रेड-बेकिंग एवं कनफेक्शनरी

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(1) उद्यमिता बोध--

उद्यम, उद्यमी एवं उद्यमिता की परिभाषा एवं व्याख्या, वर्तमान परिस्थितियों में स्वरोजगार का महत्व एवं सम्भावनाएं, उद्यमिता मूल्य एवं उद्यमिता गुणों की व्याख्या एवं उद्यमिता विकास प्रक्रिया।

इकाई 2--

(1) बेकरी विज्ञान का ज्ञान, महत्व एवं उद्देश्य।
(2) बेकरी उपकरणों का संक्षिप्त ज्ञान, बेकरी ओवन एवं भट्ठी।
(3) बेकरी तकनीकी शब्दावली।
(4) [क] ब्रेड बनाने की विधियों के नाम,
[ख] स्ट्रेट डी विधि से ब्रेड बनाने का विस्तृत तरीका,
[ग] ब्रेड बनाने की विभिन्न प्रक्रियाओं का संक्षिप्त ज्ञान,
[घ] ब्रेड की बीमारियों के नाम व बचाव।

इकाई 3--

बेकरी व कन्फेक्शनरी में प्रयुक्त होने वाले कच्ची सामग्री का संक्षिप्त ज्ञान (मैदा, चीनी, घी, अण्डा, ईष्ता नमक, पानी, दूध, बेकिंग पाउडर, सुगन्ध, रंग, कोको एवं चाकलेट, सोयाबीन, आटा (मक्का आटा))।

प्रयोगात्मक--

लघु प्रयोग--

1--कोकोनट कुकीज
2--कैश्यूनट कुकीज
3--कैश्यूनट बिस्कुट
4--जीरा बिस्कुट
5--बटर स्पंज केक
6--स्वीस रोल
7--डैकोरेटिव पेस्ट्री
8--रायल नाइसिंग, क्रीम आइसिंग
9--गम पेस्ट
10--मिल्क टाफी

दीर्घ प्रयोग--

1--ब्रेड स्टेट डी विधि से
2--फ्रूट बन्स
3--स्वीट बन्स
4--ब्रेड रोल
5--फ्रूट केक
6--वेजीटेबिल पैटीज
7--हाटक्रास बन्स
8--पाइन एपिल पेस्ट्री
9--बर्थडे केक (विव आइसिंग)

पुस्तकों की सूची

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक का नाम	मूल्य
1	2	3	4	5
				रुपया
1	अप-टू-डेट कन्फेक्शनरी इण्डस्ट्रीज	. .	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	30.00
2	दी सुगम बुक आफ बेकिंग	. .	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	20.00
3	बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी सिद्धान्त एवं विधियां	सुश्री अति उत्तमा चौहान	हिन्दी प्रचारक संस्थान, मी0 21/20, पिशाचमोचन, वाराणसी-221010, पो0 बा0-1106, पिशाचमोचन, वाराणसी	50.00
4	किचन गाइड	. .	यूनिवर्सल बुक सेलर, लखनऊ	70.00
5	बेकिंग	बी0 एन0 अग्निहोत्री	कृषि साहित्य प्रकाशक, नरही, लखनऊ	50.00
6	बेकिंग तथा कन्फेक्शनरी	राम किशोर अग्रवाल	भारत प्रकाशन मन्दिर, मेरठ 142, विजय नगर, वेस्ट कचहरी रोड, मेरठ	85.00

कक्षा–9

(6) ट्रेड--मधुमक्खी पालन

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(ख) लघु उद्योग एवं स्वरोजगार--लघु उद्योग की परिभाषा, सीमाएं तथा लाभ, राष्ट्रीय औद्योगिक नीति में लघु उद्योग का महत्व, तथा लघु उद्योग में सहायक सहकारी एवं गैर सरकारी एजेसियों के नाम एवं कार्य, लघु उद्योग की स्थापना, प्रक्रिया एवं औपचारिकताओं का संक्षिप्त परिचय, बाजार सर्वेक्षण एवं कारोबार के संचालन का ज्ञान, विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं का परिचय।

इकाई 3--

2-मौन प्रबन्ध (हनी बी मैनेजमेन्ट) की परिभाषा, साधारण एवं ऋतु के अनुसार मौन प्रबन्ध की देख-रेख, प्राकृतिक मधुमक्खी परिवार को मौन गृह में बसाना। बगछूट, घर छूट, लूटपाट, कर्मठ मौन की पहचान, नियंत्रण के उपाय।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

(6) ट्रेड--मधुमक्खी पालन

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(क) उद्यमिता शोध--उद्यमी एवं उद्यमिता की परिभाषा एवं व्याख्या, वर्तमान परिस्थितियों में स्वरोजगार का महत्व एवं सम्भावनाएं उद्यमिता मूल्य एवं उद्यमिता गुणों की व्याख्या एवं उद्यमिता विकास प्रक्रिया।

इकाई 2--

मौन पालन की परिभाषा, व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र के लिए महत्व तथा भारत वर्ष में एवं इस प्रदेश में मधुमक्खी पालन का इतिहास एवं विकास की सम्भावनाएं।

जन्तु जगत में मौन (मधुमक्खी) का जैविक स्थान। देश में पायी जाने वाली मधुमक्खी की जातियों की पहचान, स्वभाव, सामान्य व्यवहार, तुलनात्मक अध्ययन एवं उपयोगिता।

इकाई 3--

(1) मधुमक्खी की शरीर की वाह्य रचना, सिर, धड़ एवं उदर तथा प्रत्येक खण्ड में पाये जाने वाले अंग जैसे मुखांग, स्पर्शन्द्रिय, (एन्टिना) आंख, पंख, मौन ग्रन्थियां, पेट तथा डंक की पहचान एवं उपयोगिता।

1-मधुमक्खी का विकास, मौन का जीवन चक्र, मौन परिवार का संगठन, कमेरी, नर एवं नारी की पहचान तथा उनके छत्तों की पहचान एवं उनके कार्य।

प्रयोगात्मक

(क) दीर्घ प्रयोग--

1--विभिन्न मधुमक्खी की जातियों की पहचान कराना और अभ्यास पुस्तिका पर उनका चित्र बनाना।

2--मौन की जीवन-चक्र (अण्डा, लार्वा, प्यूपा एवं वयस्क) की पहचान कराना।

3--मधुमक्खी के वाह्य शरीर का चित्र बनाना और उसके प्रत्येक अंगों की प्रयोगात्मक कार्य कराना।

4--मौन परिवार में प्रत्येक सदस्य (कमेरी, नर और नारी) की पहचान कराना।

5--भारतीय एवं इटैलियन मौन गृह निर्माण के सिद्धान्त (सीमान्तर) आकार को बताना।

6--मधु निष्कासन यन्त्र का चित्र बनवाना तथा शहद निकालने की विधि का प्रयोगात्मक कार्य कराना।

7--मौसमवार फूलों का सर्वे कराना तथा इसकी पर-परागण क्रियाओं में मौनों का योगदान को बताना एवं पुष्प संग्रह कराना।

(ख) लघु प्रयोग--

1--रानी, कमेरी एवं नर के छत्तों की पहचान कराना।

2--तलपट, शिशु खंड, मधु खण्ड, डमी, इनर कवर, ऊपर ढक्कन, फ्रेम की पहचान कराना।

3--मधुमक्खी के शत्रु बर्रे, मोमी पतंगा, छिपकली, चीटें, हानिकारक पक्षियों की पहचान कराना।

4--क्वीन केच, न्यूक्लियस, मौन वाहक पिंजड़ा, हाइव टूल, मुहरक्षक, जाली, दस्ताने, प्यालियां, क्वीन गेट इत्यादि उपकरणों की पहचान कराना।

5--विभिन्न प्रकार के शहद जैसे सरसों, यूक्लिपट्स, शहजन, नीबू प्रजाति, सूरजमुखी, बेर, लीची, नीम एवं मिश्रित फलों की शहद की पहचान कराना।

पुस्तकों की सूची

1--प्रारम्भिक मौन पालन	ले0 योगेश्वर सिंह
2--प्राइमारी लेशन आफ बी कीपिंग	. .
3--बी कीपिंग आफ इण्डिया	डा0 सरदार सिंह
4--सफल मौन पालन	श्री बच्ची सिंह राव
5--रोचक मौन पालन	. .
6--मौन पालन प्रश्नोत्तरी	. .
7--मधु मक्खी की मनोहारी बाजार	डा0 विष्ठ (आई0 सी0 आई0 प्रकाशन)
8--रोगों के अचूक दवा शहद	डा0 हीरा लाल

कक्षा–9

(7) ट्रेड--पौधशाला

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(ख) लघु उद्योग एवं स्वरोजगार--लघु उद्योग की परिभाषा, सीमाएं तथा लाभ, राष्ट्रीय औद्योगिक नीति में लघु उद्योग का महत्व, लघु उद्योग में सहायक सहकारी एवं गैर सरकारी एजेंसियों के नाम एवं कार्य, लघु उद्योग की स्थापना, प्रक्रिया एवं औपचारिकताओं का संक्षिप्त परिचय, बाजार सर्वेक्षण एवं कारोबार के संचालन का ज्ञान, विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं का परिचय।

इकाई 3-- 3--वानिकी की सामान्य जानकारी तथा वानिकी वृक्षों की पौध तैयार करना।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

(7) ट्रेड--पौधशाला

सैद्धान्तिक--

इकाई 1--

(क) उद्यमिता बोध--उद्यम, उद्यमी एवं उद्यमिता की परिभाषायें एवं व्याख्या, वर्तमान परिस्थितियों में स्वरोजगार का महत्व एवं सम्भावनाएं उद्यमिता मूल्य एवं उद्यमिता गुणों की व्याख्या एवं उद्यमिता विकास प्रक्रिया।

इकाई 2--

पौधशाला--परिचय, परिभाषा, महत्व, वर्तमान दशा एवं भविष्य। पौधशाला के लिए स्थान का चुनाव, भूमि की तैयारी तथा रेखांकन एवं उनके विभिन्न अंगों तथा मातृ, वृक्ष, क्षेत्र, गमला क्षेत्र, प्रतिरोपण क्षेत्रों तथा प्रवर्धन क्षेत्र का ज्ञान।

1--पौधशाला के दैनिक कार्य उपकरण एवं आवश्यक सामग्री की जानकारी।

2--भूमि, खाद, भू-परिष्करण की सामान्य जानकारी।

इकाई 3--

1--बीज शैय्या--परिचय, लाभ, हानि, बीज शैय्या तैयार करने की विधि, आकार, निर्धारण, मिट्टी की भूमि शोधन, खाद, सिंचाई, जल निकास एवं देखभाल।

2--एक वर्षीय, बहुवर्षीय सब्जियों तथा शोभाकार पौधों की पौध तैयार करने की विधि का अध्ययन।

4--पौधों की सिंचाई, जल निकास, निराई-गुड़ाई एवं फसल सुरक्षा की विधियों की जानकारी।

प्रयोगात्मक

(अ) लघु प्रयोग--

1--गमला मापन।
2--गमला भरना।
3--बीजों की पहचान।
4--बीजों की शुद्धता की जांच।
5--उपकरणों की पहचान।
6--पौधों (सब्जी, फलदार, फूल, शोभकार तथा छायादार) एवं वानिकी पौधों की पहचान।
7--खाद एवं उर्वरकों की पहचान।
8--मिट्टी की पहचान।

(ब) दीर्घ प्रयोग--

1--आदर्श नमूना बरसदी का रेखांकन।
2--बीज शैय्या बनाना।
3--ऋतुवार बीज शैय्या बनाना।
4--ऋतुवार गमला मिश्रण तैयार करना।
5--तना, कलम तैयार करना।
6--बूटी लगाना।
7--कलिकायन से पौधे तैयार करना।
8--भेड़ कलम से पौधे तैयार करना।
9--पौध रोपण।
10--गमले एवं क्यारी से पौधे निकालना।
11--पौधबन्दी (पैकिंग करना)
12--पौधशाला भ्रमण।
13--अभिलेख तथा आय-व्यय तैयार करना।

पुस्तकों की सूची

क्रमांक	पुस्तक का नाम	लेखक का नाम	प्रकाशक
1	2	3	4
1	भारत में फलों की खेती	डा0 एम0 एल0 लावनिया	सिंघल बुक डिपो, बड़ौत, मेरठ।
2	सब्जियां एवं पुष्प उत्पादन	डा0 के0 एन0 दुबे	भारती भण्डार, बड़ौत, मेरठ।
3	पौधशाला प्रौद्योगिकी	डा0 ओमपाल सिंह	अलंकार पुस्तक भवन, बड़ौत, मेरठ।
4	पौधशाला व्यवसाय	श्री कोठारी एवं श्री ए0 बी0 श्रीवास्तव	रंजना प्रकाशन मन्दिर, आगरा।
5	नर्सरी मैनुअल	डा0 गौरी शंकर	इलाहाबाद।
6	फल विज्ञान	डा0 रामनाथ सिंह	भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली।
7	उद्यान विज्ञान	श्री गंगा महेश मिश्र	राम नारायन लाल, इलाहाबाद।

(कक्षा–9)

8–आटोमोबाइल

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

इकाई–2 भारत में स्थापित विभिन्न आटोमोबाइल उद्योग एवं उनके उत्पाद।

इकाई–3 नियंत्रण प्रणाली, बाडी, दरवाजे, सीट, डिक्की, कार्य एवं उपयोग।

विभिन्न प्रकार के आटोमोबाइल का परिचय–कार, जीप, ट्रैक्टर, बस, ट्रक, आटोरिक्शा/टैम्पों, स्कूटर, मोटर साइकिल, मोपेड आदि, ट्रेड नाम, मेक, क्षमता एवं निर्माता, विशिष्टियां तथा तकनीकी डाटा।

इकाई–4 पेट्रोल, डीजल एवं गैस इंजन, कम्प्रेशन रेशियो का महत्व एवं दक्षता।

इकाई–5 प्रणाली (कार्बोयूरेटर एवं इन्जक्टर) इग्नीशन प्रणाली,, स्टार्टिंग प्रणाली, शक्ति संचालन प्रणाली, स्टीयरिंग प्रणाली, कार्य एवं पहचान।

इकाई–6 मरम्मत कार्य के दौरान सुरक्षा,

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–9

8–आटोमोबाइल

सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम

पूर्णांक 50 अंक

इकाई–1 **07 अंक**

उद्यम, उद्यमी एवं उद्यमिता की परिभाषा एवं व्याख्या, उद्यमी के गुण एवं विकास, स्वरोजगार का महत्व एवं सम्भावनायें।

लघु उद्योग की परिभाषा, महत्व तथा विशेषताएं, लघु उद्योग लगाने के पद, सहायक सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के नाम एवं कार्य, विभिन्न स्वरोजगार की योजनाओं का परिचय।

इकाई–2 **07 अंक**

आटोमोबाइल का इतिहास एवं क्रमिक विकास, विभिन्न प्रकार के आटोमोबाइल का वर्गीकरण।

इकाई–3 **12 अंक**

आटोमोबाइल के मुख्य भाग–फ्रेम, सस्पेंशन, धुरी, पहिया, चेचिस, टायर, इंजन, पारेषण प्रणाली, आदि की पहचान

इकाई–4 **08 अंक**

आटोमोबाइल में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के इंजन–कार्य सिद्धान्त,

इकाई–5 **12 अंक**

आटोमोबाइल की विभिन्न प्रणालियों की जानकारी–ईंधन सप्लाई शीतलन प्रणाली, ब्रेक प्रणाली आदि का सामान्य परिचय

इकाई–6 **04 अंक**

सुरक्षा की सामान्य बातें तथा व्यक्तिगत सुरक्षा।

प्रोजेक्ट कार्य **पूर्णांक 50 अंक**

प्रत्येक त्रैमासिक में कोई एक प्रोजेक्ट (कुल 3 प्रोजेक्ट)

(1) कार/बस/स्कूटर/ट्रक मोटरसाईकल एवं मोपेड का अध्ययन करना।
(2) शोरूम एवं गैराज का भ्रमण कराना एवं उनके चित्र बनाना।
(3) मरम्मत करने वाले औजारों की सूची एवं उनके चित्र बनाना।
(4) इंजन में स्नेहन एवं सफाई का अध्ययन करना।
(5) अन्तर्दहन इंजन के मॉडल का अध्ययन (डीजल/पेट्रोल)।
(6) विभिन्न आटो व्हीकिल्स के चेचिस का अध्ययन करना तथा उनके रेखा चित्र खींचना।
(7) इंजन को स्टार्ट एवं बन्द करने का अध्ययन करना।
(8) बाडी व्यवस्था का अध्ययन करना।
(9) शाक एब्जार्बर का अध्ययन करना।
(10) बाजार से सामग्री क्रय करने का अभ्यास करना।

संस्तुत पुस्तकें

(1) आटोमोबाइल इंजीनियरिंग	कृष्णानन्द शर्मा
(2) आटोमोबाइल इंजीनियरिंग	सी0बी0 गुप्ता
(3) आटोमोबाइल इंजीनियरिंग	धनपत राय एण्ड शुक्ला
(4) बेसिक आटोमोबाइल	सी0पी0 बक्स

कक्षा–9

(9) ट्रेड--धुलाई रंगाई

2. भारतीय राष्ट्रीय आन्दोलन के महत्वपूर्ण केन्द्र (असहयोग आन्दोलन और सविनय अवज्ञा आन्दोलन)
   (i) चम्पारण (बिहार)– नील की खेती करने वाले किसानों का आन्दोलन।
   (ii) खेड़ा (गुजरात) –किसान सत्याग्रह।
   (iii) अहमदाबाद (गुजरात)– सूती मिल श्रमिकों का सत्याग्रह।
   (iv) अमृतसर (पंजाब) – जालियांवाला बाग कांड।
   (v) चौरी–चौरा (उत्तर प्रदेश)– असहयोग आन्दोलन का उद्घोष।
   (vi) डांडी (गुजरात) – सविनय अवज्ञा आन्दोलन।

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु मानचित्र कार्य से संबंधित पाँच प्रश्न पूँछे जायेंगे।

इकाई–2 : समकालीन भारत–2 (भूगोल) **20 अंक**

इकाई–1 **09 अंक**

1. **संसाधन एवं विकास–** प्रकार– प्राकृतिक एवं मानवीय संसाधनों का विकास, संसाधन नियोजन की आवश्यकता; प्राकृतिक संसाधन, एक संसाधन के रूप में भूमि, मिट्टी के प्रकार तथा वितरण; भू–उपयोग के प्रारूप में परिवर्तन; भू–क्षरण (निम्नीकरण) तथा संरक्षण के उपाय।
2. **वन एवं वन्य जीव संसाधन–** भारत में वनस्पतिजगत् एवं प्राणिजगत्; भारत में वन और वन्य जीवन का संरक्षण; समुदाय और वन संरक्षण
3. **जल संसाधन–** संसाधन, वितरण, उपयोग, बहुउद्देशीय परियोजनाएं, जल दुर्लभता, संरक्षण एवं प्रबंधन की आवश्यकता; वर्षा जल संचयन (एक केस स्टडी के साथ)

निर्देश– अध्याय– वन एवं जीव संसाधन एवं जल संसाधन से बोर्ड परीक्षा में प्रश्न नहीं आयेगे। परन्तु मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न एवं प्रोजेक्ट से सम्बन्धी कार्य कराये जायेगे।

4. **कृषि–** कृषि के प्रकार; मुख्य फसले, शस्य प्रारूप, तकनीक तथा संस्थागत सुधार; उनका प्रभाव; कृषि का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था, रोजगार और उत्पादन में योगदान

इकाई–2 **06 अंक**

5 **खनिज तथा ऊर्जा संसाधन–** खनिज क्या है?, खनिजों के प्रकार, वितरण (केवल मानचित्र पर), खनिजों के उपयोग तथा आर्थिक महत्व, संरक्षण, ऊर्जा संसाधनों के प्रकार; परम्परागत तथा गैर–परंपरागत, वितरण तथा उपयोग एवं संरक्षण।

7 **राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ–** संचार एवं परिवहन के साधनों का महत्व, व्यापार तथा पर्यटन।

1. **मानचित्र कार्य–** **05 अंक**

भूगोल : भारत का रूपरेखा राजनीतिक मानचित्र

अध्याय–1 : संसाधन और विकास

मृदाओं के प्रमुख प्रकारों की पहचान।

अध्याय–3 : जल संसाधन दर्शाना एवं नामांकन –

बांध–

1. सलाल
2. भाखड़ा नांगल
3. टेहरी
4. राणा प्रताप सागर
5. सरदार सरोवर
6. हीराकुंड
7. नागार्जुन सागर
8. तुंगभद्रा : (नदियों के साथ)

अध्याय–4 : कृषि

केवल पहचान–

(क) चावल एवं गेहूँ के प्रमुख क्षेत्र

(ख) प्रमुख/सबसे बड़े उत्पादक राज्य : गन्ना, चाय, काफी, रबड़, कपास और जूट।

दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों हेतु मानचित्र कार्य से संबंधित पाँच प्रश्न पूँछे जायेंगे।

इकाई–3 : <u>लोकतांत्रिक राजनीति–2</u> **15 अंक**

(नागरिक शास्त्र)

इकाई–1 **08 अंक**

अध्याय–1 एवं 2

सत्ता की साझेदारी एवं संघवाद– लोकतांत्रिक देशों में सत्ता की साझेदारी क्यूँ और कैसे? कैसे शक्ति का संघीय विभाजन राष्ट्रीय एकता में सहायक रहा है? किस सीमा तक विक्रेन्द्रीकरण ने इस उद्देश्य की पूर्ति की है? लोकतंत्र किस प्रकार से विभिन्न सामाजिक समूहों को समायोजित करता है?

अध्याय–3 – लोकतंत्र और विविधता

क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था में विभाजन निहित है? जाति का राजनीति और राजनीति का जाति पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? किस प्रकार से लैंगिक भिन्नता भेद ने राजनीति को प्रभावित किया है? किस प्रकार साम्प्रदायिक विभाजन लोकतंत्र को प्रभावित करता है?

इकाई–2 **07 अंक**

अध्याय–5

1. **लोकप्रिय संघर्ष और आंदोलन**

जाति, धर्म और लैंगिक मसले–

क्या लोकतांत्रिक व्यवस्था में विभाजन निहित है? जाति का राजनीति और राजनीति का जाति पर क्या प्रभाव पड़ रहा है? किस प्रकार से लैंगिक भिन्नता भेद ने राजनीति को प्रभावित किया है? किस प्रकार साम्प्रदायिक विभाजन लोकतंत्र को प्रभावित करता है?

(उपर्युक्त अध्याय प्रोजेक्ट कार्य के रूप में किया जाना है)

2. **अध्याय–6**

लोकतंत्र के परिणाम–

क्या लोकतंत्र को उसके परिणामों से आँकलित किया (परखा) जा सकता है या किया जाना चाहिए?

कोई भी व्यक्ति लोकतंत्र से क्या तार्किक अपेक्षाएँ कर सकता है? क्या भारतीय लोकतंत्र इन अपेक्षाओं की पूर्ति करता है?

क्या लोकतंत्र लोगों के विकास, सुरक्षा और गरिमा को बनाये रखने की ओर अग्रसर रहा है?

भारत के लोकतंत्र को किसने जीवित रखा है? (अथवा किसने भारतीय लोकतंत्र को बनाये रखा है?)

4. **अध्याय–8**

लोकतंत्र की चुनौतियाँ–

क्या लोकतंत्र की विचारधारा संकुचित होती जा रही है? भारतीय लोकतन्त्र के समक्ष प्रमुख चुनौतियाँ क्या हैं? लोकतंत्र को कैसे सुधारा और सुदृढ़ बनाया जा सकता है? लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने में एक साधारण नागरिक क्या भूमिका निभा सकता है?

<u>इकाई–4 : आर्थिक विकास की समझ</u> (अर्थशास्त्र) **15 अंक**

इकाई–1 **09 अंक**

1. **<u>विकास</u>** : विकास की पारम्परिक अवधारणा; राष्ट्रीय आय तथा प्रति व्यक्ति आय। आय और अन्य लक्ष्य, औसत आय, आय और अन्य मापदण्ड, शिशु मृत्यु दर, विकास की धारणीयता।

2. **भारतीय अर्थव्यवस्था के कार्य क्षेत्र–** आर्थिक क्रियाओं के क्षेत्र; क्षेत्रों में ऐतिहासिक परिवर्तन; तृतीयक क्षेत्र का बढ़ता महत्व; रोजगार सृजन; कार्यक्षेत्रों का विभाजन– संगठित तथा असंगठित, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के संरक्षण के उपाय।

इकाई–2 **06 अंक**

4. **भूमंडलीकरण तथा भारतीय अर्थव्यवस्था (वैश्वीकरण)–** विभिन्न देशों में उत्पादन, विदेशी व्यापार तथा विभिन्न बाजारों का आपस में जुड़ना, वैश्वीकरण क्या है? कारक, विश्व व्यापार संगठन (WTO), प्रभाव, न्यायसंगत वैश्वीकरण।

5. **उपभोक्ता अधिकार** – उपभोक्ता का शोषण कैसे होता है (एक या दो साधारण केस अध्ययन), उपभोक्ताओं के शोषण के कारण; उपभोक्ता जागरूकता का उदय; बाजार में उपभोक्ता को कैसा होना चाहिए ? उपभोक्ता संरक्षण में सरकार की भूमिका।

प्रोजेक्ट कार्य/गतिविधि

- शिक्षार्थी भारत के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की वेशभूषा तथा विशिष्ट ग्रामीण भवनों के छायाचित्र एकत्र कर सकते हैं तथा यह परीक्षण कर सकते हैं कि क्या यह उस क्षेत्र की जलवायवीय परिस्थितियों तथा भू–आकृति (Relief) से कोई सम्बन्ध प्रदर्शित करते हैं।
- शिक्षार्थी पिछले दशक में खेती की पद्धति में आए परिवर्तनों तथा गाँव में प्रचलित विभिन्न सिंचाई की विधियों पर संक्षिप्त रिपोर्ट लिख सकते हैं।

पोस्टर–

- क्षेत्र में जल प्रदूषण।
- वनों का क्षरण तथा ग्रीनहाउस प्रभाव

नोट– कोई समान गतिविधि भी चुनी जा सकती है।

प्रोजेक्ट कार्य

15 प्रत्येक विद्यार्थी को निम्नांकित प्रोजेक्ट कार्य करना होगा–

1. आपदा प्रबंधन (कक्षा–10 की पाठ्यचर्या में सम्मिलित आपदा प्रबंधन पर आधारित)
2. लोकप्रिय संघर्ष तथा आन्दोलन

शिक्षक अपने विवेकानुसार पाठ्यक्रम से संबंधित प्रोजेक्ट छात्र/छात्रा को दे सकता है।

प्रोजेक्ट कार्य हेतु अंक वितरण :

5.	विषयवस्तु की मौलिकता तथा उसकी शुद्धता	–	1 अंक
6.	प्रस्तुतीकरण तथा रचनात्मकता	–	1 अंक
7.	प्रोजेक्ट पूरा करने की प्रक्रिया – पहल करना, सहयोगिता, सहभागिता तथा समयबद्धता	–	1 अंक
8.	विषयवस्तु आत्मसात करने हेतु मौखिक अथवा लिखित परीक्षा	–	2 अंक

05–05 अंकों के तीन त्रैमासिक टेस्ट = 15 अंक
3 प्रोजेक्ट प्रत्येक 05 अंक के = 15 अंक
योग– 30 अंक

विषय–विज्ञान

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

धातु एवं अधातु धातु तथा अधातुओं के गुणधर्म, आयनिक यौगिकों का निर्माण तथा गुणधर्म;

तत्वों का आवर्त वर्गीकरण- तत्वों के वर्गीकरण के प्रारंभिक प्रयास (डॉबेराइनर के त्रिक, न्यूलैंडस का अष्टक सिद्धान्त।

जन्तुओं तथा पौधों में नियंत्रण एवं समन्वय:

पौधों में दिशिक गति, पादप हार्मोनों का परिचय, जन्तुओं में नियंत्रण एवं समन्वय, तंत्रिका तंत्र-ऐच्छिक पेशियाँ तथा अनैच्छिक पेशियाँ, प्रतिवर्ती क्रिया, रासायनिक समन्वय- जन्तुओं में हार्मोन।

प्राकृतिक संसाधन-

ऊर्जा के स्रोत- बायोगैस,

हमारा पर्यावरण-पारितंत्र,ओजोन परत का अपक्षयन।

अपवर्तन- आवर्धन, लैंस की क्षमता।

प्रकाश का प्रकीर्णन, दैनिक जीवन में अनुप्रयोग।

विद्युत का प्रभाव

दैनिक जीवन में उपयोग,

विद्युत धारा का चुम्बकिय प्रभाव-

दिष्ट धारा की तुलना में प्रत्यावर्ती धारा से लाभ, घरेलू विद्युत परिपथ।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विज्ञान

कक्षा–10

इसमें 70 अंक की लिखित परीक्षा एवं 30 अंक का प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट कार्य होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल 33 अंक है। **पूर्णांक 100**

क्र0 सं0	इकाई	अंक
1	रासायनिक पदार्थ- प्रकृति एवं व्यवहार	20
2	जैव जगत	20
3	अपवर्तन	12
4	विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव	13
5	प्राकृतिक संसाधन	05
	योग	**70**
	प्रयोगात्मक कार्य एवं प्रोजेक्ट	**30**
	कुल योग	**100**

इकाई–1 रासायनिक पदार्थ- प्रकृति एवं व्यवहार **20 अंक**

रासायनिक अभिक्रियाएँ- रासायनिक समीकरण, संतुलित रासायनिक समीकरण, संतुलित रासायनिक समीकरण का तात्पर्य, संतुलित रासायनिक अभिक्रियाओं के प्रकार- संयोजन अभिक्रिया, अपघटन (वियोजन) अभिक्रिया, विस्थापन अभिक्रिया, द्विविस्थापन अभिक्रिया, अवक्षेपण अभिक्रिया, उदासीनीकरण, उपचयन तथा अपचयन अभिक्रिया।

अम्ल, क्षार तथा लवण- H^+ तथा OH^- आयनों के आधार पर अम्ल, क्षार तथा लवण की परिभाषाएँ, सामान्य गुणधर्म, उदाहरण तथा उपयोग, pH पैमाना की अवधारणा, (लघुगणक से सम्बन्धित परिभाषा आवश्यक नही) दैनिक जीवन में pH का महत्त्व, सोडियम हाइड्राक्साइड, विरंजक चूर्ण, बेकिंग सोडा, धावन सोडा, प्लास्टर ऑफ पेरिस के निर्माण की विधि तथा उपयोग।

धातु एवं अधातु – सक्रियता श्रेणी, धातुकर्म की आधारभूत विधियाँ, संक्षारण तथा उसका निवारण।

कार्बनिक यौगिक- कार्बनिक यौगिकों में सहसंयोजी आबंध, कार्बन की सर्वतोमुखी प्रकृति, समजातीय श्रेणी, प्रकार्यात्मक समूह वाले कार्बनिक यौगिकों (हैलोजन, एल्कोहल, कीटोन, एल्डीहाइड, एल्केन, एल्काईन) की नामपद्धति, संतृप्त तथा असंतृप्त हाइड्रोकार्बन में अंतर, कार्बनिक यौगिकों के रासायनिक गुणधर्म (दहन, आक्सीकरण, संकलन, प्रतिस्थापन अभिक्रिया), एथनॉल तथा एथेनाइक अम्ल (केवल गुणधर्म तथा उपयोग), साबुन और अपमार्जक।

तत्वों का आवर्त वर्गीकरण- वर्गीकरण की आवश्यकता, मेन्डेलीफ की आवर्त सारणी) आधुनिक आवर्त सारणी, गुणों में उन्नयन, संयोजकता, परमाणु क्रमांक, धात्विक तथा अधात्विक गुणधर्म।

इकाई–2 जैव जगत **20 अंक**

जैव प्रक्रम -

'सजीव' पौधों तथा जन्तुओं में पोषण, श्वसन, परिवहन तथा उत्सर्जन की मूलभूत अवधारणा।

प्रजनन-

जन्तुओं तथा पौधों में प्रजनन (लैंगिक तथा अलैंगिक) प्रजनन स्वास्थ्य- आवश्यकताएँ तथा परिवार नियोजन की विधियाँ, सुरक्षित यौन एवं HIV/AIDS, प्रसूति एवं जनन स्वास्थ्य।

आनुवंशिकता एवं जैव विकास-

आनुवंशिकता; मेंडल का योगदान - लक्षणों की वंशागति के नियम, लिंग निर्धारण (संक्षिप्त परिचय), विकास की मूलभूत संकल्पना।

इकाई–3: प्राकृतिक घटनाएँ (संवृतियाँ)

वक्रपृष्ठ द्वारा प्रकाश का परावर्तन, गोलीय दर्पणों द्वारा प्रतिबिम्ब बनना, वक्रता केन्द्र, मुख्य अक्ष, मुख्य फोकस, फोकस दूरी, दर्पण सूत्र (निगमन नहीं),।

अपवर्तन- **12 अंक**

अपवर्तन के नियम, अपवर्तनांक, गोलीय लेंसों द्वारा अपवर्तन, गोलीय लेंसों द्वारा प्रतिबिम्ब का बनना, लैंसों द्वारा प्रतिबिम्ब बनाने के नियम लेन्स सूत्र (व्युत्पत्ति आवश्यक नही)

मानव नेत्र में लेंस का कार्य, दृष्टि दोष एवं निवारण, गोलीय दर्पण तथा लेंसों का अनुप्रयोग।

प्रिज्म द्वारा प्रकाश का अपवर्तन, प्रकाश का विक्षेपण,

इकाई–4 : विद्युत का प्रभाव

विद्युत धारा, विभवांतर तथा विद्युत धारा, ओम का नियम, प्रतिरोध, प्रतिरोधकता, कारक जिन पर किसी चालक का प्रतिरोध निर्भर करता है। प्रतिरोधों का संयोजन (श्रेणी क्रम, समान्तर क्रम) एवं विद्युत धारा का ऊष्मीय प्रभाव तथा विद्युत शक्ति, P, V, I तथा R में अंतर्सम्बन्ध।

विद्युत धारा का चुम्बकीय प्रभाव– **13 अंक**

चुम्बकीय क्षेत्र, क्षेत्र रेखाएँ, किसी विद्युत धारावाही चालक के कारण चुम्बकीय क्षेत्र, परिनालिका में प्रवाहित विद्युत धारा के कारण चुम्बकीय क्षेत्र, चुम्बकीय क्षेत्र में किसी विद्युत धारावाही चालक का बल, फ्लेमिंग का बाँए हाथ का नियम, विद्युत मोटर, वैद्युत चुम्बकीय प्रेरण, प्रेरित विभवान्तर, प्रेरित विद्युत-धारा, फ्लेमिंग का दाँए हाथ के अंगूठे का नियम, विद्युत-जनित्र, दिष्ट धारा, प्रत्यावर्ती धारा, प्रत्यावर्ती धारा आवृत्ति,

इकाई-5 : प्राकृतिक संसाधन **05 अंक**

ऊर्जा के स्रोत–ऊर्जा के विभिन्न रूप, ऊर्जा के परम्परागत तथा गैर-परम्परागत स्रोत; जीवाश्मी ईंधन, सौर ऊर्जा, पवन, जल तथा ज्वारीय ऊर्जा, नाभिकीय ऊर्जा, नवीकरणीय तथा अनवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की तुलना।

हमारा पर्यावरण– पर्यावरणीय समस्याएँ, अपशिष्ट उत्पादन तथा निवारण, जैवनिम्नीकरणीय तथा अजैवनिम्नीकरणीय पदार्थ।

प्राकृतिक संसाधनों का प्रबन्धन–प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण तथा उचित उपयोग, वन तथा वन्य जीवन, कोयला तथा पेट्रोलियम का संरक्षण, वन प्रबन्धन में लोगों की भागीदारी के उदाहरण, बांध-उपयोगिता तथा सीमाएँ, जल संग्रहण, प्राकृतिक संसाधनों का सम्पोषण।

प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्याँकन विद्यालय स्तर पर आंतरिक होगा, प्रयोगात्मक परीक्षा का अंक विभाजन निम्नवत् है:-

1.	तीन प्रयोग	–	3×3	=	09 अंक
2.	मौखिक कार्य	–		=	03 अंक
3.	सत्रीय कार्य	–		=	03 अंक
			कुल अंक	=	**15 अंक**

प्रयोगात्मक कार्यों की सूची

1. pH पेपर/सार्वत्रिक सूचक (Universal Indicator) का प्रयोग करके निम्नलिखित नमूनों (प्रतिदर्श) का pH ज्ञात करना।-

i. तनु HCl
ii. तनु NaOH विलयन
iii. तनु एथेनोइक एसिड विलयन
iv. नींबू का रस
v. जल
vi. तनु सोडियम बाई कार्बोनेट विलयन

अम्ल तथा क्षार के गुणों का अध्ययन, HCl तथा NaOH को निम्न के साथ अभिक्रिया कराके-

i. लिटमस विलयन (नीला/लाल)
ii. जिंक धातु
iii. ठोस सोडियम कार्बोनेट

2. निम्न अभिक्रियाओं का निष्पादन तथा अवलोकन करना तथा निम्नांकित वर्गों में वर्गीकृत करना-

a) संयोजन अभिक्रिया
b) विघटन अभिक्रिया
c) विस्थापन अभिक्रिया
d) द्विविस्थापन अभिक्रिया

i. चूना पानी में जल की क्रिया
ii. फेरस सल्फेट क्रिस्टल को गर्म करने की क्रिया
iii. कापर सल्फेट विलयन में लौह कील डालने पर
iv. सोडियम सल्फेट तथा बेरियम क्लोराइड के मध्य अभिक्रिया

अथवा

3. Zn, Fe, Cu तथा Al धातुओं का निम्नलिखित लवण विलयनों से अभिक्रिया का निरीक्षण करना-

a) $ZnSO_4$ (aq)
b) $FeSO_4$(aq)
c) $CuSO_4$(aq)
d) $Al_2 (SO_4)_3$(aq)

उपरोक्त से प्राप्त निष्कर्षों के आधार पर Zn, Fe, Cu तथा Al धातुओं को अभिक्रिया की कोटि के मान के अनुसार घटते क्रम में व्यवस्थित करना।

4. किसी प्रतिरोधक में प्रवाहित विद्युत धारा (I) पर विभवांतर का आश्रित होने का अध्ययन एवं प्रतिरोध ज्ञात करना तथा V और I के मध्य ग्राफ प्रदर्शित करना।

5. श्रेणी तथा समानान्तर क्रमों में प्रतिरोधों के संयोजन का तुल्य प्रतिरोध ज्ञात करना।

6. पत्ती में स्टोमेटा की अस्थाई स्लाइड तैयार करना।

7. श्वसन में कार्बन डाई आक्साइड निकलने की क्रिया को प्रयोग द्वारा प्रदर्शित करना।

8. एसिटिक एसिड (एथेनाइक अम्ल) के निम्नलिखित गुणों का अध्ययन करना–

i. गंध

ii. जल में विलयता

iii. लिटमस पर प्रभाव

iv. सोडियम हाइड्रोजन कार्बोनेट से अभिक्रिया

9. मृदु तथा कठोर जल में साबुन के नमूनों के निर्मलीकरण का तुलनात्मक अध्ययन करना।

10. निम्न की फोकस दूरी ज्ञात करना–

i. अवतल दर्पण

ii. उत्तल लेंस

दूरस्थ वस्तु का प्रतिम्बि ज्ञात करना।

11. काँच के आयताकार स्लैब से गुजरने वाली प्रकाश किरण के विभिन्न आपतन कोणों के लिए प्रकाश किरण का पथ ज्ञात करना। आपतन कोण, अपवर्तन कोण, निर्गत कोण ज्ञात करना तथा परिणाम की समीक्षा करना।

12. तैयार स्लाइड की सहायता से (a) अमीबा में द्विविखण्डन (b) यीस्ट में मुकुलन का अध्ययन करना।

13. काँच के प्रिज्म द्वारा प्रकाश किरणों का मार्ग अनुरेखण करना।

14. उत्तल लेंस में अलग-अलग वस्तु-दूरी के लिए प्रतिबिम्ब दूरी ज्ञात करना तथा प्रतिबिम्ब की प्रकृति को किरण आरेख द्वारा प्रदर्शित करना।

15. किसी द्विबीजपत्री (मटर, चना, राजमा, बीन्स) के भ्रूण के विभिन्न भागों का अध्ययन करना।

<u>प्रोजेक्ट कार्य की सूची</u>

15 अंक

नोटः– दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। प्रत्येक खण्डों (भौतिक, रसायन व जीव विज्ञान) में से एक-एक प्रोजेक्ट कार्य व प्रोजेक्ट फाइल तैयार कराना अनिवार्य होगा। शिक्षक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। तीनों प्रोजेक्ट का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

1. pH पेपर/सार्वत्रिक सूचक का प्रयोग कर निम्नलिखित प्राकृतिक उत्पादों के pH मान एवं अम्लीय व क्षारीय विलयन में रंग परिवर्तन का अध्ययन करनाः–
   (1) नींबू का रस (2) चुकन्दर का रस (3) पत्ता गोभी का रस
   (4) उबले हुए मटर का पानी (5) गुलाब की पंखुड़ियों का रस
2. **रासायनिक उद्यान (केमिकल गार्डेन) बनानाः–**
   (काँच का जार, बालू वाटर-ग्लास विलयन, कॉपर सल्फेट, कोबाल्ट सल्फेट या मैंगनीज सल्फेट के क्रिस्टल)
3. विभिन्न अम्ल-क्षार उदासीनीकरण अभिक्रियाओं में उत्पन्न ऊष्मा का प्रायोगिक प्रेक्षण कर तुलनात्मक अध्ययन करना :-
   (बीकर, मापन फ्लास्क, थर्मामीटर, अम्ल और क्षार के मोलर विलयन, प्लास्टिक, कॉपी, कप आदि)।
4. आधुनिक आवर्त सारणी को चार्ट पेपर पर बनाकर अध्ययन करना।
5. मैडम क्यूरी व्यक्तित्व एवं कृतित्व।
   (चित्र, जीवन परिचय, शिक्षा-दीक्षा, आविष्कार एवं नोबेल पुरस्कार)
6. विद्युत घण्टी का मॉडल तैयार करना तथा निहित वैज्ञानिक सिद्धान्तों का अध्ययन करना।
7. बहुरूपदर्शी (Kaleidoscope) का मॉडल तैयार करना।
8. प्रसिद्ध भारतीय वैज्ञानिकों का व्यक्तित्व एवं विज्ञान में उनके योगदान को सूचीबद्ध करके उनका विस्तृत अध्ययन करना।
9. आवश्यक परिपथ का आरेख देते हुए विद्युत क्विज बोर्ड का मॉडल तैयार करना।
10. मनोरंजन में विज्ञान की भूमिका का सचित्र अध्ययन।
11. दर्पण व लेन्स से बने प्रतिबिम्ब की प्रकृति, स्थिति तथा साइज में परिवर्तन का परीक्षण कर सारणीबद्ध करना।
12. एक द्विलिंगी पुष्प जैसे-गुड़हल व सरसों के विभिन्न भागों (वाह्य दल, दल, पुमंग, जायांग) का अध्ययन एवं उसमें होने वाले परागण की जानकारी प्राप्त करना।
13. मनुष्य की हृदय की संरचना का मॉडल तैयार करना।
14. सेम तथा मक्का के बीच (भीगे हुये) की सहायता से बीज की संरचना एवं अंकुरण का अध्ययन करना।
15. विभिन्न प्रकार के पौधों का संग्रह कर हरबेरियम तैयार करना।
16. बिना मिट्टी के पौधे उगाना- प्रयोग एवं प्रेक्षण के आधार पर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करना।
17. पेट्रोल एवं डीजल से उत्पन्न वायु प्रदूषण का अध्ययन एवं इसके कम करने के लिए C.N.G. (सी0एन0जी0) का प्रयोग।
18. प्लास्टिक व पॉलीथीन का दैनिक जीवन में महत्व एवं पर्यावरण प्रदूषण में भूमिका।
19. आपके शहर में बढ़ते हुए शोर का कारण एवं हानिकारक प्रभावों का सचित्र अध्ययन।

विषय– गणित

हाईस्कूल–(कक्षा–10)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

इकाई–2 : बीजगणित

1. **बहुपद**–बहुपद के शून्यांक। द्विघात बहुपदों के गुणांकों और शून्याकों के मध्य सम्बन्ध। वास्तविक गुणांकों वाले बहुपदों के लिए विभाजन एल्गोरिथ्म का कथन तथा उस पर सामान्य प्रश्न।

4.समान्तर श्रेणियाँ–

समान्तर श्रेणी के दवें पद की व्युत्पत्ति तथा समान्तर श्रेणी के प्रथम दपदों का योग। सामान्य जीवन पर आधारित प्रश्नों को हल करने के लिए इसका अनुप्रयोग।

इकाई–4 : ज्यामिति

वृत्त– वृत्त की स्पर्श रेखा, स्पर्श बिन्दु

(क) वृत्त की स्पर्शरेखा, स्पर्श बिन्दु से होकर जाने वाली त्रिज्या पर लम्ब होती है।

(ख) किसी वाह्य बिन्दु से खींची गई, दो स्पर्श रेखाओं की लम्बाइयाँ बराबर होती हैं।

इकाई–5 : त्रिकोणमिति

2. त्रिकोणमितीय सर्वसामिकाएँ –

सर्वसमिका $\text{Sin}^2\theta + \text{Cos}^2\theta = 1$ को स्थापित करना तथा इसका अनुप्रयोग।

इकाई–7 : प्रायिकता

2. प्रायिकता – प्रायिकता की सैद्धान्तिक परिभाषा, एकल घटना पर आधारित सामान्य प्रश्न।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

विषय– गणित

हाईस्कूल–(कक्षा–10)

समय–3 घंटा

इसमें 70 अंक की लिखित परीक्षा एवं 30 अंक का प्रोजेक्ट कार्य होगा। न्यूनतम उत्तीर्णांक 23 एवं 10 कुल–33 अंक।

इकाई	इकाई का नाम	अंक
I	संख्या पद्धति	05
II	बीजगणित	18
III	निर्देशांक ज्यामिति	05
IV	ज्यामिति	12
V	त्रिकोणमिति	10
VI	मेन्सुरेशन	10
VII	सांख्यिकी तथा प्रायिकता	10
	योग	**70**

इकाई–1 : संख्या पद्धति–

(1) वास्तविक संख्याएँ **05 अंक**

यूक्लिड विभाजन प्रमेयिका, अंगणित का आधारभूत प्रमेय–उदाहरण सहित $\sqrt{2}$, $\sqrt{3}$, $\sqrt{5}$ अपरिमेय संख्याओं का सत्यापन, परिमेय संख्याओं का सांत/असांत आवर्ती दशमलव के पदों में निरूपण।

इकाई–2 : बीजगणित **18 अंक**

1. **दो चर वाले रैखिक समीकरण युग्म –**

दो चरों में रैखिक समीकरण युग्म और रैखिक युग्म का ग्राफीय विधि से हल। एक रैखिक समीकरण युग्म को हल करने की बीजगणितीय विधि।

1. प्रतिस्थापन विधि
2. विलोपन विधि
3. वज्रगुणन विधि

दो चरों के रैखिक समीकरणों के युग्म में बदले जा सकने वाले समीकरण।

3. द्विघात समीकरण–

मानक द्विघात समीकरण $ax^2 + bx + c = 0, (a \neq 0)$ द्विघात समीकरणों (केवल वास्तविक मूल) का द्विघात सूत्रों द्वारा, गुणनखण्ड द्वारा, पूर्ण वर्ग बनाकर हल निकालना। द्विघात समीकरण का विविक्तकर और उनके मूलों की प्रकृति के बीच सम्बन्ध। द्विघात समीकरण के दिन–प्रतिदिन के अनुप्रयोग तथा इन पर आधारित इबारती प्रश्न।

इकाई–3 : निर्देशांक ज्यामिति – **05 अंक**

1. रेखा (द्विविमीय)–

निर्देशांक ज्यामिति की अवधारणा, रैखिक समीकरणों के ग्राफ, दूरी सूत्र, विभाजन सूत्र (आन्तरिक विभाजन), त्रिभुज के क्षेत्रफल।

इकाई–4 : ज्यामिति **12 अंक**

1. **त्रिभुज** –

समरूप त्रिभुज के परिभाषा, उदाहरण, प्रतिउदाहरण।

(क) त्रिभुज की एक भुजा के समान्तर खींची गयी रेखा त्रिभुज की शेष दो भुजाओं को समान अनुपात में विभाजित करती है।

(ख) त्रिभुज की दो भुजाओं को समान अनुपात में विभाजित करने वाली रेखा, तीसरी भुजा के समान्तर होती है।

(ग) यदि दो त्रिभुजों में संगत–भुजाओं का एक युग्म अनुपातिक हो और अन्तरित कोण बराबर हो, तो त्रिभुज समरूप होते हैं।

(घ) यदि दो त्रिभुजों में संगत कोणों का एक युग्म बराबर हो और उनकी संगत भुजाएँ अनुपातिक हो, तो त्रिभुज समरूप होते हैं।

(ड.) एक त्रिभुज का एक कोण, दूसरे त्रिभुज के संगत कोण के बराबर हों तथा उनकी संगत भुजाएँ अनुपातिक हों तो त्रिभुज समरूप होगा।

(च) यदि समकोण त्रिभुज के समकोण वाले शीर्ष से कर्ण पर लम्ब डाला गया हो, तो लम्ब रेखा के दोनों ओर के त्रिभुज परस्पर और मूल त्रिभुज के समरूप होते हैं।

(छ) समरूप त्रिभुजों के क्षेत्रफलों का अनुपात संगत भुजाओं के वर्गों के समानुपाती होता है।

(ज) एक समकोण त्रिभुज में कर्ण का वर्ग अन्य दो भुजाओं के वर्गों के योगफल के बराबर होता है।

(झ) किसी त्रिभुज में यदि एक भुजा का वर्ग अन्य दो भुजाओं के वर्गों के योगफल के बराबर हो, तो पहली भुजा के सामने का कोण समकोण होता है।

2. रचनाएँ–

(क) दिए हुए रेखाखण्ड का दिये हुए अनुपात में विभाजन करना (आन्तरिक)।

(ख) एक वृत्त के बाहर स्थित एक बिन्दु से उस पर स्पर्श रेखाओं की रचना करना।

(ग) एक दिए गये त्रिभुज के समरूप एक त्रिभुज की रचना करना।

इकाई–5 : त्रिकोणमिति **10 अंक**

1. त्रिकोणमिति का परिचय –

समकोण त्रिभुज के न्यूनकोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात, 0^0 और 90^0 के त्रिकोणमितीय अनुपात, त्रिकोणमितीय अनुपातों के मान (30^0, 45^0, 60^0, 0^0, 90^0)। उनके बीच सम्बन्ध।

2. त्रिकोणमितीय सर्वसामिकाएँ –

पूरक कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात।

3. ऊँचाई और दूरी –

उन्नयन कोण, अवनमन कोण, ऊँचाई और दूरी पर साधारण प्रश्न (प्रश्न दो समकोण त्रिभुजों से अधिक नहीं होना चाहिए)। उन्नयन/अवनमन कोण केवल 30^0, 45^0 तथा 60^0 होने चाहिए।

इकाई–6 : मेन्सुरेशन **10 अंक**

1. वृत्तों से सम्बन्धित क्षेत्रफल –

वृत्त का क्षेत्रफल, वृत्त के त्रिज्यखंड तथा वृत्तखण्ड के क्षेत्रफल, उपर्युक्त समतल आकृतियों के संयोजनों के क्षेत्रफल (प्रश्न केवल केन्द्रीय कोण 60^0, 90^0 और 120^0 के हों।)

2. पृष्ठीय क्षेत्रफल और आयतन –

(क) निम्नांकित किन्हीं दो द्वारा संयोजित समतल आकृतियों का पृष्ठीय क्षेत्रफल तथा आयतन–घन, घनाभ, गोला, अर्द्धगोला, और लम्बवृत्तीय, बेलन/शंकु/शंकु छिन्नक।

(ख) एक तरह के धात्विक ठोस का दूसरे में परिवर्तित करने से सम्बन्धित प्रश्न तथा दूसरे मिश्रित प्रश्न। (दो भिन्न तरह के ठोसों का संयोजन से सम्बन्धित प्रश्न, इससे अधिक नहीं)

इकाई–7 : सांख्यिकी **10 अंक**

1. **सांख्यिकी** – वर्गीकृत आंकड़ों का माध्य, माध्यिका तथा बहुलक। संचयी बारम्बारता ग्राफ।

प्रोजेक्ट कार्य **अंक विभाजन**

(क) आंतरिक मूल्यांकन– **15 अंक**

(भारत का परम्परागत गणित ज्ञान कक्षा–10 नामक पुस्तिका से भी प्रश्न पूछें जाय)।

(ख) प्रोजेक्ट कार्य– **15 अंक**

कुल **30 अंक**

नोट–निम्नलिखित(बिन्दु 1 से 11 तक) में से कोई दो प्रोजेक्ट प्रत्येक छात्र से तैयार करायें। तथा एक प्रोजेक्ट बिन्दु–12 से अनिवार्य रूप से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट अपने स्तर से भी दे सकते हैं।

(1) पाइथागोरस प्रमेय का सत्यापन गत्ता या चार्ट पर त्रिभुज एवं वर्ग को बनाकर करना।

(2) जनसंख्या अध्ययन में सांख्यिकी की उपयोगिता।

(3) विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों की वास्तुकला एवं निर्माण में भूमिका का अध्ययन करना।

(4) त्रिकोणमिति अनुपातों के चिन्हों का ज्ञान चार्ट के माध्यम से कराना। कोण के पूरक (Complementary angle), सम्पूरक कोण (supplementary angle) आदि कोणों के त्रिकोणमितीय अनुपात कोणों के संगत अनुपात में चित्र के माध्यम से व्यक्त करना।

(5) उत्तर मध्यकाल के किसी एक भारतीय गणितज्ञ (रामानुजन, नारायण पण्डित आदि) का व्यक्तित्व एवं गणित में योगदान।

(6) 24×42 सेंमी0 माप के दो कागज लेकर लम्बाई एवं चौड़ाई की दिशा में मोड़कर दो अलग–अलग बेलन बनाइए। दोनों में किसका वक्रपृष्ठ एवं आयतन अधिक होगा।

(7) सरकार द्वारा लगाये जाने वाले विभिन्न प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर का अध्ययन करना।

(8) वृत्त के केन्द्र पर बना कोण शेष परिधि पर बने कोण का दूना होता है का क्रियात्मक निरूपण करना।

(9) दूरी मापने का यन्त्र (Sextant) बनाना और प्रयोग करना।

(10) गणित के सिद्धान्तों की चित्रकला में उपयोगिता।

(11) एक कार/घर खरीदने के लिए बैंक से लोन लेने के विभिन्न चरणों का ब्योरा प्रस्तुत कीजिए।

(12) संस्तुत पुस्तक भारत का परम्परिक गणित ज्ञान के निम्नाकित तीन खण्डों में से सुविधानुसार कोई एक प्रोजेक्ट–

खण्ड–क– भारत में गणित की उज्जवल परम्परा।

खण्ड–ख– गणना की परम्परागत विधियां।

खण्ड–ग– भारत के प्रमुख गणिताचार्य।

वाणिज्य

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

भाग-(अ) बुक, पास बुक एवं रोकड़ बही का बैंक समाधान विवरण-पत्र।

भाग-(ब) अनुक्रमणिका, विक्रय विवरण।

भाग-(स) सहकारी बैंक।

भाग-(द) उत्पत्ति के साधन, आशय, विशेषतायें एवं महत्व।

प्रोजेक्ट कार्य-

3–बैंक समाधान विवरण कब एवं क्यों बनाया जाता है ?

4–रोकड़ बही एवं पासबुक बही में अन्तर के कारण।

7–कार्ड अनुक्रमणिका का वर्णन।

16–उत्पत्ति के साधन।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

वाणिज्य

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

इस विषय में 70 अंक की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का प्रायोगिक व आन्तरिक मूल्यांकन होगा। प्रायोगिक आन्तरिक मूल्यांकन में 15 अंक का प्रोजेक्ट कार्य तथा 15 अंक को मासिक परीक्षा हेतु निर्धारित किया गया है। प्रोजेक्ट कार्य का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा। लिखित परीक्षा हेतु अंक विभाजन निम्नवत् है :–

(अ) अन्तिम खाते-व्यापार तथा लाभ-हानि खाता एवं आर्थिक चिट्ठा सामान्य समायोजन सहित। चेक, बिल, हुण्डी व प्रतिज्ञा-पत्र सम्बन्धित साधारण लेखें। 20

(ब) नस्तीकरण, संदेश वाहक प्रणालियाँ। व्यापारिक कार्यालय में श्रम व समय बचाने वाले यंत्र जैसे पंच मशीन, समय रिकॉर्ड मशीन, फोटोस्टेट मशीन, टाइप-राइटर, कैलकुलेटर की साधारण प्रयोग सम्बन्धी जानकारी। देशी व्यापार–थोक व फुटकर व्यापार, बीजक।

(स) बैंक–जन्म, परिभाषा, कार्य एवं महत्व। भारतीय रिजर्व बैंक, स्टेट बैंक, व्यापारिक बैंक, देशी बैंकर का सामान्य अध्ययन। 15

(द) उपयोगिता ह्रास नियम, व्यय व बचत आशय पारस्परिक सम्बन्ध, बचत का सामाजिक महत्व।

निर्धारित पाठ्य-पुस्तक–

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय, अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य एवं आंतरिक मूल्यांकन 15+15=30

नोट :–दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। प्रत्येक खण्ड में से एक प्रोजेक्ट कराना अनिवार्य है। शिक्षक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 05 अंक का होगा। 15 अंक का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर मासिक परीक्षण द्वारा होगा :

1–काल्पनिक आंकड़ों के आधार पर व्यापार खाते का नमूना।
2–अन्तिम खाते बनाते समय विभिन्न समायोजनाओं का विवेचन।
5–चेक एवं चेक का रेखांकन।
6–नस्तीकरण की प्रणालियाँ।
8–चेक एवं चेक का अनादरण।
9–शीघ्र संदेश भेजने का साधन।
10–समय एवं श्रम बचाने वाले यंत्र।
11–फुटकर व्यापार का वर्गीकरण।
12–बैंक का उदय या विकास।
13–रिजर्व बैंक के कार्य।
14–स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया के कार्य।
15–उपयोगिता ह्रास नियम की व्याख्या।

चित्रकला

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

खण्ड–ग (भारतीय चित्रकला)

इस खण्ड में चार प्रश्न होंगे, जिसमें से दो प्रश्न करने होंगे। एक प्रश्न वस्तुनिष्ठ होगा जो अनिवार्य होगा :–

1–चित्रकला का प्राचीन उल्लेख।

2–चित्रकला की विशेषतायें।

3–प्रागैतिहासिक काल।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

चित्रकला

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट वर्क होंगा। पूर्णांक 100

प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा, जिसमें खण्ड–(क) अनिवार्य है। शेष खण्डों में से एक करना है।

खण्ड–क (अनिवार्य) 45

प्राकृतिक दृश्य चित्रण–जैसे ऊषाकाल, संध्याकाल, ग्रामीण व पहाड़ी दृश्य का चित्रण, जलरंग अथवा पेस्टल रंगों से रंगे। माप– 20 सेमी0×15 सेमी0 हो।

अथवा

आलेखन–चतुर्भुज अथवा वृत्त में केवल पूर्ण इकाई द्वारा मौलिक आलेखन बनाये और उसमें कम से कम तीन रंगों का प्रयोग करें। माप 15 सेमी0 से कम न हो।

अथवा

प्राविधिक–अन्तः स्पर्शी तथा वाह्यस्पर्शी अन्तर्गत एवं परिगत आकृतियां, रेखाओं तथा वृत्तों को स्पर्श करते हुये स्पर्श रेखायें। क्षेत्रफल सम्बन्धी साधारण निर्मेय, ज्यामितीय आलेखन, साधारण एवं कर्णवत् पैमाने।

खण्ड–ख (स्मृति चित्रण) 25

साधारण जीवन में दैनिक उपयोग की वस्तुयें, घरेलू बर्तन जैसे–सुराही, बाल्टी, लोटा, अमृतवान, केतली, बोतल, गिलास तथा तरकारी, फल आदि। पेंसिल द्वारा रेखांकन होगा।

प्रोजेक्ट कार्य

नोट :–परियोजना कार्य तीन खण्डों में विभक्त होगा, जिसमें से किन्हीं दो खण्डों से तीन परियोजना कार्य पूर्ण करना अनिवार्य है। प्रत्येक परियोजना कार्य पाँच अंक का है। इसके अतिरिक्त 15 अंक मासिक परीक्षा के लिये निर्धारित है।

परियोजना कार्य सैद्धान्तिक, तकनीकी कौशल तथा माध्यम (जलरंग, पोस्टर रंग, पेंसल, चारकोल, क्रेयान, इंक आदि) के उपयुक्त प्रयोग पर आधारित होगा।

परियोजना कार्य में संयोजन, सौन्दर्य (आकर्षण) अनुपात, लय के सिद्धान्तों का ध्यान रखते हुये पूर्ण किया जाय।

खण्ड–क (प्राकृतिक दृश्य चित्रण)

1–प्राकृतिक दृश्य चित्रण (ऊषाकाल) का 20×15 सेमी0 माप में सृजन करें। जलरंग माध्यम से ऊषाकाल का प्रभाव चित्रित किया जाय। चित्र में परिप्रेक्ष्य स्पष्ट से दिखे।

2–संध्याबेला का दृश्य चित्रण पोस्टर अथवा पेस्टल रंग द्वारा पूर्ण करें जिसकी माप 20×15 सेमी0 हो। चित्र में सन्तुलन एवं परिप्रेक्ष्य स्पष्ट हो।

3–ग्रामीण दृश्य चित्रण को पोस्टर रंग/जलरंग/पेस्टल रंग द्वारा पूर्ण किया जाय जिसमें मानव/पशु आकृतियों के अलावा ग्रामीण झोपडियाँ एवं कुआँ आदि का भी समावेश हो।

4–पहाड़ी दृश्य चित्र का चित्रण 20×15 सेमी0 माप में सृजित करें। रंग/रेखा का सन्तुलन आवश्यक है।

5–पेंसिल अथवा चारकोल के माध्यम से दृश्य चित्रण कीजिये। चित्र में सन्तुलन एवं लय का विशेष महत्व होगा। परिप्रेक्ष्य दर्शाना आवश्यक है।

6–चतुर्भुज में केवल एक पूर्ण इकाई द्वारा मौलिक आलेखन बनायें और उसमें कम से कम तीन रंगों का प्रयोग करें। माप 15 सेमी0 से कम न हो।

7–वृत्त में केवल एक पूर्ण इकाई द्वारा मौलिक आलेखन बनायें और उसमें कम से कम तीन मौलिक रंगों का प्रयोग करें। माप 15 सेमी0 से कम न हो।

8–किसी मार्ग के भव्य प्रवेश द्वार की परिकल्पना करें। उसके ज्यामितीय महत्व को सिद्ध करने वाली दो समानान्तर वृत्ताकार मीनारों की रचना करें जिसका ऊपरी भाग त्रिभुजाकार बीम से बँधा हो।

9–किसी नहर अथवा मार्ग की परिकल्पना करें, उसकी मापनी बनायें और निरूपक भिन्न ज्ञात करें। (अंकीय आंकड़े स्वयं निर्धारित करेंगे) नहर अथवा सड़क का लघु दृश्य भी दर्शाने का प्रयास करें।

खण्ड–ख (स्मृति चित्रण)

10–साधारण जीवन में दैनिक उपयोग की वस्तुयें घरेलू बर्तन जैसे सुराही, बाल्टी, लोटा, अमृतबान, केतली, बोतल, गिलास आदि को स्मृति के आधार पर पेंसिल अथवा चारकोल से रेखांकन किया जाय।

11–विभिन्न प्रकार के फल एवं सब्जियों को स्मृति के आधार पर रेखांकन करें। पेंसिल अथवा चारकोल से किया जाय।

12–विभिन्न प्रकार के बर्तनों एवं सब्जियों तथा फलों को पेस्टल एवं वाटर कलर से चित्रित करें।

खण्ड–ग (भारतीय चित्रकला)

13–भारतीय चित्रकला के विभिन्न काल खण्डों का विभाजन करते हुये प्रत्येक काल खण्ड पर मौलिक लेख लिखें।

14–चित्रकला की विशेषताओं का उल्लेख करें जिससे यह सिद्ध हो सके कि कला ही जीवन है।

15–प्रागैतिहासिक काल की विभिन्न शिलाश्रयों का उल्लेख करते हुये उनके रंग एवं चित्रण विधान पर प्रकाश डालें।

रंजन कला
कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

खण्ड–ग

3–संतुलन।

4–प्रभावित।

5–सामंजस्य।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

रंजन कला
कक्षा–10

इस विषय में 70 अंकों का केवल एक प्रश्न-पत्र तीन घन्टे का होगा। प्रश्न-पत्र तीन खण्डों में विभक्त होगा जिसमें से किन्हीं दो खण्ड के प्रश्न हल करने होंगे। खण्ड–क अनिवार्य होगा। **पूर्णांक 100**

खण्ड–क (चित्र संयोजन) 45 अंक

अनिवार्य

परम्परागत अथवा स्वतंत्र शैली में दिये गये विषयों में से किसी एक विषय पर संयोजन कर चित्र बनाना :–

(क) सामाजिक जीवन।

(ख) देशभक्ति पर आधारित चित्र जल रंग अथवा पेस्टल रंग से चित्रित किया जाये। माप 20 सेमी0×15 सेमी0 के आयत से कम न हो।

खण्ड–ख (मानव अंग चित्रण) 25 अंक

मानव शरीर के अंगों का चित्रण (सामने रखे प्लास्टर ऑफ पेरिस, मिट्टी के मॉडल, आँख, कान, होठ, हाथ, पैर, नाक केवल पेंसिल द्वारा चित्रण करना)।

खण्ड–ग 25 अंक

इस खण्ड में कुल तीन प्रश्न होंगे, जिसमें से दो प्रश्न करना होगा। एक वस्तुनिष्ठ प्रश्न करना होगा :–

1–चित्रकला के छः अंग।

2–अनुपात।

निर्धारित पाठ्यपुस्तक कोई भी पुस्तक निर्धारित नहीं है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन 30 अंक

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन के अन्तर्गत 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिये तथा 15 अंक मासिक परीक्षा के लिये निर्धारित है जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट कार्य की सूची

नोट :–निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं। प्रत्येक प्रोजेक्ट 5 अंक का है।

निम्नलिखित कथनों के रंगीन पोस्टर बनाकर घर एवं विद्यालय में लगायें :–

1–बायें चलो।

2–जीवों पर दया करो।

3–सभी धर्म समान हैं।

4–जय जवान, जय किसान।

5–सब पढ़े, सब बढ़े।

6–किसी चित्रकार का चित्रकला में योगदान।

गृह विज्ञान
कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समाय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

गृह प्रबन्ध

घर की सफाई और सजावट।

स्वास्थ्य रक्षा

घरेलू विधियों से जल शुद्ध करना।

वस्त्र और सूत विज्ञान

कपड़ों की धुलाई तथा रख–रखाव, धोने की विधियाँ और इस्तरी करना।

4––भोजन तथा पोषण विज्ञान

(1) रसोई घर की व्यवस्था, देख–रेख और सफाई।

5––प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या

(1) मानव अस्थि संस्थान तथा संधियाँ।

(5) घायल स्थानान्तरण हस्त आसन द्वारा।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

गृह विज्ञान

कक्षा–10

(केवल बालिकाओं के लिए)

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

क्रम सं0	इकाई	अंक
1–	गृह प्रबन्ध	15
2–	स्वास्थ्य रक्षा	15
3–	वस्त्र और सूत विज्ञान	10
4–	भोजन तथा पोषण विज्ञान	15
5–	प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या	15

कुल 70 अंक

प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन––30 अंक

योग––100 अंक

1––गृह प्रबन्ध 15 अंक

(1) शिक्षिका द्वारा प्रति वर्ष बजट का प्रदर्शन।

(2) आय–व्यय और बचत, डाकखाना और बैंक के माध्यम से।

(3) गृह गणित––दशमलव, जोड़ना, घटाना, गुणा तथा भाग (रुपया, पैसा, किलोग्राम, ग्राम, मीटर, सेन्टीमीटर के सन्दर्भ में) प्रतिशत, लाभ हानि तथा साधारण ब्याज पर सरल गणनायें।

2––स्वास्थ्य रक्षा 15 अंक

(1) जल, जल के स्रोत और उपयोग।

(2) अशुद्ध जल से फैलने वाले रोग। (पेचिश, अतिसार, हैजा)

(3) पर्यावरण और जनजीवन पर उसका प्रभाव। अपशिष्ट (कचरा) प्रबन्धन।

(4) कुछ सामान्य रोगों के कारण और उनके रोकथाम – चेचक, छोटी माता, खसरा, डिप्थीरिया, टायफाइड (मियादी बुखार), कुकुरखांसी, पीतज्वर, मष्तिष्क ज्वर, रेबीज, हेपेटाइटिस(ए0बी0सी0ई0), मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, हाथी पांव, टिटनेस, क्षय रोग और विषैला भोजन (फूड प्वायजनिंग)

3––वस्त्र और सूत विज्ञान 10 अंक

(1) सिलाई किट––बेबीफ्राक या कुर्ता, पायजामा या पेटीकोट उपलब्धता के अनुसार (हाथ की सिलाई अथवा मशीन की सिलाई द्वारा)।

4––भोजन तथा पोषण विज्ञान 15 अंक

(2) भोजन पकाने और परोसने की आधारित विधियाँ, तत्वों की सुरक्षा का ध्यान रखना।

(3) निम्न रोगों के रोगियों का भोजन, रोग की अवधि में और स्वास्थ्य लाभ के समय का भोजन, तीव्र ज्वर और दीर्घ स्थाई ज्वर, अतिसार, पेचिस, गैस्ट्रोटाइटिस, मियादी बुखार, मलेरिया, क्षयरोग, लू लगना।

5––प्राथमिक चिकित्सा और गृह परिचर्या 15 अंक

(2) हड्डियों की टूट और मोच।

(3) श्वसन तन्त्र का प्रारम्भिक ज्ञान।

(4) प्राकृतिक और कृत्रिम श्वसन क्रिया।

(6) रोगी का स्पंज करना, गर्म सेंक––भपारा लेना, बर्फ की टोपी का प्रयोग।

(7) नाड़ी, श्वास गति और ताप का चार्ट बनाना।

प्रयोगात्मक

प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आंतरिक होगा। **15 अंक**

(खण्ड क)

(1) किसी एक स्थान (घर या पाठशाला कक्ष) की सफाई की दैनिक आख्या तैयार करना।

(2) किसी एक लकड़ी के फर्नीचर की सफाई और पालिश करना।

(3) धातु की किसी एक वस्तु की सफाई।

(4) प्रति वर्ष बजट का अभिलेख रखना।

(खण्ड ख)

(1) छात्राओं द्वारा सिलाई का किट तैयार करना।
(2) बेबी फ्राक या कुर्ता पायजामा या पेटीकोट सिलना।
(3) वस्त्रों की धुलाई––सूती, रेशमी, ऊनी तथा कृत्रिम रेशे के वस्त्रों को धोना।

(खण्ड ग)

(1) भोजन पकाने की सही विधियाँ––उबालना, भाप में पकाना, तलना, स्ट्यू करना, धीमी आँच में पकाना, भूनना।
(2) भोजन का परोसना।
(3) रोगी का भोजन, फटे दूध का पानी, साबूदाना का पानी, खिचड़ी, तरकारियों का सूप और सब्जियों का रस, फलों के रस, पना।

(खण्ड घ)

(1) कृत्रिम श्वास देने की विधियाँ।
(2) हस्त आसन द्वारा स्थानान्तरण।
(3) स्पंज करना, गर्म सेंक (पुल्टिस), भपारा लेना, बर्फ की टोपी और गर्म पानी की थैली का प्रयोग।
(4) ताप का चार्ट बनाना।

निर्धारित पाठ्य–पुस्तकें––

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यार्थियों के प्रधान विषय के अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्यों की सूची **पूर्णांक–15**

नोट :––दिये गये प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से करायें। प्रोजेक्ट कार्यों की फाइल तैयार कराना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रोजेक्ट पाँच अंक का है। शिक्षक पाठ्यक्रम से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट कार्य अपने स्तर से भी दे सकते हैं। प्रोजेक्ट कार्य का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा।

1– घर का आय––व्यय बजट तैयार करना।
2– निम्न बिन्दुओं पर प्रकाश डालते हुए बचत पर एक प्रोजेक्ट रिपोर्ट लिखिये––
(i) भविष्य निधि योजना
(ii) राष्ट्रीय बचत–पत्र
(iii) किसान विकास–पत्र
3– गृह विज्ञान में गृह गणित के योगदान पर एक रिपोर्ट लिखिये।
4– अपने विद्यालय के जल शुद्धिकरण व्यवस्था पर एक प्रोजेक्ट लिखिये तथा उसमें क्या सुधार किया जा सकता है।
5– अशुद्ध जल से फैलने वाले प्रमुख रोगों के नाम लक्षण व बचाव की सूची।
6– चार्ट के माध्यम से पर्यावरण एवं जन–जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्शाइए।
7– एक प्रोजेक्ट तैयार करें जिसमें पाठ्यक्रमानुसार सभी वस्त्रों की नाप एवं पेपर कटिंग लगायें।
8– सिलाई किट तैयार करना।
9– वस्त्रों की देखभाल एवं डिटर्जेन्ट का प्रयोग।
10– एक दिन खाये जाने वाले खाद्य पदार्थों की सूची तैयार करके उसमें विद्यमान पोषक तत्वों को सूचीबद्ध करना।
11– एक चार्ट पेपर पर श्वसन–तंत्र का चित्र बनाइये तथा अंगों के नाम दर्शाइए।
12–मानव अस्थि तंत्र को चार्ट पेपर पर बनाइये एवं प्रमुख अंगों को दर्शाइए।

गृह विज्ञान

कक्षा–10

(बालकों के लिए तथा उन बालिकाओं के लिए जिन्होंने इसे अनिवार्य विषय के रूप में नहीं लिया हैं)

पाठ्यक्रम एवं पाठ्य पुस्तकों की स्थिति वही रहेगी जो इस विवरण पत्रिका में गृहविज्ञान (केवल बालिकाओं के लिए)

मानव विज्ञान

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

इकाई–3

खासी जनजाति का सामाजिक–आर्थिक परिवेश।

इकाई–4

(क) जनजातीय समस्या का स्वरूप एवं समस्या निराकरण के उपाय।
(ख) जनजातियों में एड्स तथा आपदा प्रबन्धन।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

मानव विज्ञान

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

(इथनोग्रेफी एवं सामाजिक सांस्कृतिक मानव विज्ञान)

पूर्णांक : 70 अंक
कालांश : 220

इकाई–1

(क) मानव विज्ञान की परिभाषा तथा प्रमुख शाखायें। 10 अंक
(ख) सामाजिक–सांस्कृतिक मानव विज्ञान की परिभाषा तथा शाखायें। 10 अंक

इकाई–2

पृथ्वी पर हिमयुग

(क) इथनोग्रेफी एवं इथनालोजी : परिभाषा एवं विषय क्षेत्र। 10 अंक
(ख) भारत की जनजातियों का भौगोलिक आर्थिक एवं भाषाई वर्गीकरण। 15 अंक
(ग) जनजाति की परिभाषा, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जनजाति (प्रिमिटिव)। 15 अंक

इकाई–3

खासा जनजाति का सामाजिक–आर्थिक परिवेश। 10 अंक

पाठ्य पुस्तकें–

कोई भी पुस्तक निर्धारित एवं संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालय के प्रधान/विषय अध्यापक के परामर्श से पाठ्यक्रम के अनुरूप उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य

इस विषय में 30 अंक का प्रायोगिक एवं आन्तरिक मूल्यांकन होगा जिसमें 15 अंक मासिक परीक्षा एवं 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य हेतु निर्धारित है। विषय अध्यापक दिये गये प्रोजेक्ट में से तीन प्रोजेक्ट अवश्य तैयार करायें। विषय अध्यापक छात्र हित में अपने स्तर पर कोई अन्य प्रोजेक्ट भी करा सकते हैं–

1–भारत की जनजातियों का भौगोलिक वर्गीकरण।
2–जनजातियों का भाषाई वर्गीकरण।
3–खासा जनजाति का सामाजिक परिवेश।
4–जनजातियों में आपदा प्रबन्धन।
5–खासी जाति का आर्थिक परिवेश।
6–अनुसूचित जनजाति का वर्गीकरण।
7–पिछड़ी जनजाति का वर्गीकरण।

कश्मीरी

कक्षा-10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

1-व्याकरण और उनके प्रयोग-

(4) समुच्चय बोधक अव्यय तथा सम्बन्ध सूचक अव्यय का प्रयोग
(5) प्रत्यय और उपसर्ग

1-गद्य- (4) जम्हूरियत
(ख) पाठ्य पुस्तक के अवतरण का अंग्रेजी में अनुवाद

पद्य-

(5) दूरी प्रजालियों तारूखा
(6) बहार
(7) येथ हम्यास मंज

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कश्मीरी (कक्षा-10)

केवल प्रश्न-पत्र

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

भाग-(अ) 35 अंक

1-व्याकरण और उनके प्रयोग- 20 अंक

(1) काल प्रयोग 07 अंक
(2) वाक्य परिवर्तन 07 अंक
(3) मुहावरे और लोकोक्तियों का प्रयोग 06अंक

2-कम्पोजीशन-

(1) निबन्ध लेखन 10 अंक

(सामान्य रुचि के विषयों पर आधारित लगभग 150 शब्दों में)।

3-पाठ्य पुस्तक से दिये गये अवतरणों पर लघु उत्तरीय प्रश्न 05 अंक

भाग-(ब) 35 अंक

1-गद्य- **20 अंक**

निम्नलिखित पाठ पढ़ने होंगे-

(1) माती तुगनी कीन्ह

(2) चार्ली चैपलीन

(3) टेलीफोन से रेडियो

निम्नांकित प्रकार से प्रश्न पूछे जायेंगे-

(क) सन्दर्भ सहित व्याख्या 10 अंक

(ख) पाठ्य पुस्तक के अवतरण का उर्दू/हिन्दी में अनुवाद 05 अंक

(ग) पाठ्य सारांश 05 अंक

2-पद्य- **15 अंक**

पाठ्य पुस्तक से निम्नांकित कवितायें पढ़नी होगी-

(1) रूबाई (मियॉ आरिफ)

(2) जूनी मंजदल

(3) गजल

(4) गशी तुरूक

निम्नांकित विषयों से सम्बन्धित प्रश्न पूँछे जायेंगे-

(अ) सन्दर्भ सहित व्याख्या 10 अंक

(ब) दिये गये पद्यांश का सारलेखन 05 अंक

निर्धारित पुस्तक कशूर निशाब कक्षा-09 तथा 10 के लिए प्रकाशक जम्मू एवं कश्मीर स्टेट बोर्ड ऑफ एजूकेशन (1982)

संगीत (गायन)

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

भाग (ख)

(संगीत का इतिहास एवं रागों का अध्ययन) **अंक - 35**

पाठ्यक्रम के रागों की विशेषता, स्वर-विस्तार एवं अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त और उसमें भेद। स्वर-समूहों के छोटे-छोटे टुकड़ों के आधार पर राग को पहचानने एवं उनकी बढ़त की योग्यता।

उपर्युक्त रागों में कम से कम एक ध्रुपद और ख्याल होना चाहिये। उनमें आलाप-तान लिखने एवं गाने की योग्यता होनी चाहिये।

प्रोजेक्ट कार्य

6-राग की मुख्य जातियों एवं उपजातियों को तालिका के द्वारा स्पष्ट कीजिये।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

संगीत (गायन)

कक्षा--10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

भाग (क) **अंक - 35**

(शास्त्रीय शब्दावली की परिभाषा एवं व्याख्या)

नाद, नादोत्पत्ति, नाद के प्रकार एवं विशेषतायें। शब्द और वर्णों का गायन, स्वरों का स्पष्ट उच्चारण, तीनों सप्तकों का अध्ययन (मध्य,मन्द्र एवं तार) आवाज के गुणों का उत्कर्ष और उसकी सुरक्षा के लिये स्वास्थ्य और भोजन सम्बन्धी नियम, भातखण्डे एवं विष्णु दिगम्बर स्वर एवं स्वर लिपि पद्धति का तुलनात्मक अध्ययन, थाटों का वर्गीकरण और थाट से रागों की उत्पत्ति, मुर्की, कण, वर्जित, वक्र, मींड, सम, खाली एवं भरी।

भाग (ख)

(संगीत का इतिहास एवं रागों का अध्ययन) **अंक - 35**

ध्रुपद, टप्पा, ठुमरी, तराना, बड़ा ख्याल तथा छोटे ख्याल की परिभाषा। पाठ्यक्रम के बोलों के तालों एवं दुगुन का ज्ञान एवं तालों को लिपिबद्ध करने की योग्यता, संगीत सम्बन्धी सामान्य विषयों पर छोटा निबन्ध लिखना, तानसेन एवं विष्णु दिगम्बर की जीवनी।

बिहाग एवं भैरवी रागों का विस्तृत अध्ययन। प्रत्येक में एक-एक गीत छात्रों को तैयार करना है।

देश, बागेश्वरी एवं काफी रागों की साधारण जानकारी होनी चाहिये।

प्रत्येक राग में एक गीत (सरगम या लक्षण गीत) होना आवश्यक है।

प्रत्येक राग का आरोह-अवरोह एवं पकड़ गाना विद्यार्थी को अवश्य आना चाहिये तथा उसको लिखने की क्षमता होनी चाहिये।

उपर्युक्त गीतों के साथ दादरा, तीनताल, झपताल, एकताल, चारताल, नामक तालें प्रयुक्त होनी चाहिये।

नोट :--उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों पर आधारित प्रयोगात्मक परीक्षा ली जायेगी जो 15 अंकों की होगी तथा 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए निर्धारित है। जिसका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

संगीत (गायन) प्रोजेक्ट कार्य

नोट :--निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1-महान संगीतज्ञों के चित्र एकत्रित करके स्क्रैप बुक में चिपकाना तथा उनके नाम एवं जन्म-मृत्यु का उल्लेख करना।

2-वर्तमान समय के परिप्रेक्ष्य में संगीत में प्रयोग किये जाने वाले वाद्य यन्त्रों के चित्रों को एकत्र करके उनके नामों का उल्लेख करते हुए स्क्रैप बुक में लगाना।

3-श्री विष्णु नारायण भातखण्डे की सांगीतिक रचनाओं की एक सूची तैयार कीजिये।

4-स्वरों के शुद्ध एवं विकृत प्रकारों को चार्ट पेपर पर अंकित कीजिये।

5-तबले का चित्र बना कर उसके विभिन्न अंगों के नाम लिखिये।

7-किन्हीं चार प्राचीन संगीत वाद्य-यन्त्रों के नामों का उल्लेख करते हुए उनसे सम्बन्धित शीर्ष संगीतकारों के नाम लिखिये।

8-श्री भातखण्डे तथा विष्णु दिगम्बर स्वर लिपि एवं ताल लिपि पद्धति की तुलना चार्ट बनाकर कीजिये।

9-सितार अथवा तानपुरे का प्रारूप तैयार कर उनके अंगों का नामकरण भी कीजिये। इच्छानुसार वैलवेट पेपर या थर्माकोल का प्रयोग किया जा सकता है।

10-चार भारतीय नृत्य शैलियों के चित्र, नाम तथा उनसे सम्बन्धित शीर्ष कलाकारों के नाम स्क्रैप बुक में अंकित कीजिये।

संगीत(वादन)

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

खण्ड (क)

शास्त्रीय शब्दों की परिभाषा एवं व्याख्या-- कण, चक्रमोड़, जोड़, परन, रेला, सम,

खण्ड (ख)

1-वादन पाठ्यक्रम में रागों की विशेषतायें

2-तालों के टुकड़े, परन आदि लिखने की योग्यता एवं सरल स्वर विस्तार एवं तोड़ों के साथ गत को स्वर लिपिबद्ध करके लिखना।

तबला एवं पखावज-- 1-एकताल

2- दीपचन्दी तालों का साधारण ठेका।

अन्य वाद्य

1- भैरवी में प्रत्येक में एक मसीतखानी गत तथा एक रजाखानी गत आवश्यक है।

2- बागेश्री

3- चारताल से भी परिचित होना चाहिए।

5-प्रचलित वाद्य और उनकी विशेषताओं का ज्ञान।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

संगीत (वादन)

कक्षा-10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

खण्ड (क)

शास्त्रीय शब्दों की परिभाषा एवं व्याख्या-- 30

सप्तक (मन्द्र, मध्य एवं तार) का विस्तृत अध्ययन, मुर्की, विवादी, वर्ण,घसीट, झाला, पेशकारा, टुकड़ा,तिहाई, भातखण्डे एवं विष्णु दिगम्बर संगीत पद्धतियों का तुलनात्मक अध्ययन थाटों का वर्गीकरण और उनसे रागों की उत्पत्ति।

खण्ड (ख) 40

1-स्वर विस्तार और अलंकारों के माध्यम से रागों की बढ़त।

3-स्वर समूह के छोटे-छोटे टुकड़ों के आधार पर रागों को पहचानने और बढ़त करने की योग्यता।

4-संगीत सम्बन्धी सामान्य विषयों पर छोटा निबन्ध, तानसेन एवं विष्णु दिगम्बर की जीवनी।

तबला एवं पखावज--

1-तीनताल, चारताल में से प्रत्येक में एक पेशकारा, 2 कायदा, 2 टुकड़े और दो तिहाई लिखने एवं बजाने की योग्यता। चार ताल में दो टुकड़े एवं एक परन लिखने और बजाने की योग्यता।

2-कहरवा, तीव्रा

अन्य वाद्य

1-राग बिहाग में प्रत्येक में एक मसीतखानी गत तथा एक रजाखानी गत आवश्यक है।

2-देश, काफी रागों में कलात्मक विकास के बिना एक गत। इन रागों में आरोह-अवरोह एवं पकड़ लिखने की योग्यता।

3-कहरवा, तीनताल और एकताल से भी परिचित होना चाहिए।
4-अपने वाद्य में बजाने वाले वर्ण एवं बोलों को निकालने की विधि।

नोट :--उपर्युक्त निर्धारित रागों एवं तालों की आन्तरिक प्रयोगात्मक परीक्षा होगी जिसके लिए 15 अंक निर्धारित किये गये हैं तथा 15 अंक प्रोजेक्ट कार्य के लिए है। इनका मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर किया जायेगा।

प्रोजेक्ट वर्क

PROJECT WORK

नोट :--निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार करायें। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1-हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत के प्रसिद्ध संगीतज्ञों के चित्र एकत्रित कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में लगाइए तथा संक्षिप्त परिचय दीजिए।
2-अपने वाद्य की उत्पत्ति व विकास को सचित्र वर्णित कीजिए।
3-स्व वाद्य के वर्णों की विकास एवं विधि को समझाइए।
4-रेडियो एवं टी0वी0 द्वारा प्रसारित होने वाले कुछ संगीत कार्यक्रमों को सुनकर उनकी सूची बनाइए व उनके बारे में संक्षेप में लिखिए।
5-उत्तर भारतीय शास्त्रीय संगीत के "भारतरत्न" पुरस्कार प्राप्त किसी एक संगीतज्ञ का चार्ट बनाइए।
6-वाद्य के समस्त प्रकारों (तत्, सुषिर, अवनद्ध, घन) के कुछ चित्र एकत्रित कर अपनी अभ्यास पुस्तिका में चिपकाइए तथा उन्हें बजाने वाले सम्बन्धित कलाकार का नाम भी लिखिए।
7-रागों के समय निर्धारण को एक चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए।
8-हिन्दुस्तानी संगीत के 10 थाटों के नाम एवं उनके स्वरों को चार्ट द्वारा प्रदर्शित कीजिए तथा उनसे उत्पन्न कुछ रागों के नाम लिखिए।
9-संगीत शिक्षा प्रदान करने वाली प्रमुख संस्थाओं के नाम लिखकर संक्षिप्त परिचय दीजिए।
10-सितार अथवा तबला की मुख्य परम्परा/घराना विषय को चार्ट में प्रदर्शित कीजिए।
11-किसी संगीत समारोह का आँखों देखा वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
12-किसी प्रसिद्ध संगीतज्ञ के सांगीतिक योगदान को विस्तारतः समझाइए।

सिलाई

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

8-सिलाई में प्रेसिंग, फोल्डिंग तथा फिनिशिंग का ज्ञान तथा उसके लाभ।
9-रासायनिक वस्त्रों के निर्माण में वातावरण पर होने वाले प्रभाव/स्वास्थ्य से उनका सम्बन्ध और बचाव।
14-सिलाई के काम में आने वाले विभिन्न टाँकों का ज्ञान।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

सिलाई

कक्षा–10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

1-कपड़ों की किस्में--कमीज का रेशमी कपड़ा, कमीज का सूती कपड़ा, कमीज का ऊनी कपड़ा।
2-पोशाक के प्रकार--स्त्री, पुरुष तथा बच्चों की पोशाकों की प्रकार का ज्ञान।
3-कपड़े श्रिंक करने की विधि तथा उसकी उपयोगिता।
4-अच्छे कटर के गुण तथा दोष।
5-मशीन की देखभाल, तेल देने का नियम, पुर्जों की जानकारी।
6-मशीन में आने वाले दोष तथा उन्हें दूर करने के उपाय।
7-पैटर्न कटिंग व उसके लाभ।
10-सलवार, लेडीज कुर्ता, ब्लाउज, कलीदार कुर्ता और इन परिधानों की नाप लिखना, रेखा चित्र बनाना तथा पेपर कटिंग करना।
11-कुन्देदार पायजामा (अलीगढ़ पायजामा)।
12-टेनिस कालर शर्ट।
13-फुलपैंट।

सिलाई--प्रयोगात्मक **15 अंक**

(प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।)

पेपर कटिंग--सलवार, लेडीज कुर्ता, ब्लाउज, कलीदार कुर्ता, कुन्देदार पायजामा, टेनिस कालर शर्ट, पैन्ट एवं हॉफ पैंट सम्बन्धित वस्त्रों के नापों की जानकारी एवं ड्राइंग का अभ्यास।

प्रयोगात्मक--ब्लाउज, कुन्देदार पायजामा (अलीगढ़), कलीदार कुर्ता।
सिलाई में प्रयोग होने वाले उपकरण का ज्ञान।
प्रेसिंग सामग्री (इक्यूपमेण्ट्स) की जानकारी एवं उपयोगिता।
प्रयोगात्मक वस्त्रों के सिलाई सम्बन्धी परिधानों की हाथ सिलाइयाँ, काज, बटन एवं पूर्णरूपेण फिनिशिंग का ज्ञान तथा अभ्यास करना।

प्रोजेक्ट कार्यों की सूची **15 अंक**

नोट :--निम्नलिखित प्रोजेक्ट सूची में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्राओं से करायें। प्रोजेक्ट कार्यों की फाइल तैयार करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रोजेक्ट पाँच अंक का होगा।

1-सिलाई एवं सिलाई मशीन।
2-सिलाई एवं पेपर कटिंग।
3-सिलाई एक कला।
4-धागों की टुनिया।
5-परिधान रचना (फाइल तैयार करें जिसमें पाठ्यक्रमानुसार छोटे-छोटे वस्त्र (नमूना) सिल कर लगायें)।
6-सिलाई किट।
7-सिलाई मशीन के विभिन्न पुर्जे, उनमें उत्पन्न होने वाले दोष एवं सुधार।
8-पोशाक के प्रकार।
9-रासायनिक वस्त्र एवं वातावरण।
10-सिलाई एवं कढ़ाई के विभिन्न टांके।

कम्प्यूटर

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

2-लाइनेक्स आपरेटिंग सिस्टम

लाइनेक्स डेक्सटाप से परिचय
लाइनेक्स में सुरक्षा प्रबन्ध एवं उनका स्वरूप

5-एरेज एवं स्ट्रिंग

स्ट्रिंग मैन्यूपुलेशन

स्ट्रिंग फंक्शन्स (अंक और स्ट्रिंग को परस्पर बदलने के लिए निर्देश)
कॉनकैटिनेशन (किसी भी शब्द में वांछित अक्षरों को जोड़ना)

6-फाइल आपरेशन्स

सीक्वेन्शियल फाइल्स का प्रयोग करना
रेन्डम फाइल्स का प्रयोग करना

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कम्प्यूटर

कक्षा-10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। **पूर्णांक 100**

1-कम्प्यूटर और संचार **15 अंक**

प्राथमिक संचार मॉडल (सेण्टर, रिसीवर, मीडिया एवं प्रोटोकाल)
संचार के प्रकार
कम्यूनिकेशन मीडिया, (तार, बेतार)
सिंम्पलैक्स और पूर्ण ड्यूप्लेक्स
नेटवर्क--लैन एवं वैन
इन्टरनेट

2-लाइनेक्स आपरेटिंग सिस्टम **15 अंक**

एडवांसड फक्शन्स/फीचर्स
सी0एल0आई0 एवं जी0यू0आई0 (Command Line Interface & Graphic User Interface)
फाइल सर्च, टैक्स्ट सर्च
मैसेजिंग ओवर लैन (LAN)
टैक्स्ट प्रोसिसिंग कमाण्डस (कैट, ग्रेप आदि)
वी0आई0 टैक्स्ट एडिटर

3-बाइनरी अर्थमेटिक एवं लाजिक गेट्स **15 अंक**

किट्स, निबल्स, बाइट्स, वर्ड लेन्थ, करैक्टर रिप्रेजेन्टेशन्स
आस्की (ASCII) करेक्टर कोड्स
सिम्पल बाइनरी अर्थमेटिक (जोड़ना, घटाना, गुणा, भाग देना)
कम्प्यूटर लॉजिक, बूलियन आपरेशन्स
लॉजिकल आपरेटर्स (NOT, AND, OR, NOR, NAND एवं उसकी Truth table)

4-सी (C) में एडवान्स्ड प्रोग्रामिंग **10 अंक**

सब्सक्रिप्टेड वैरीएबल्स (ARRAYS)
परिचय
सिंगल और डबल सब्सक्रिप्टेड वैरीएबल्स
सर्चिंग और सर्टिंग

5-एरेज एवं स्ट्रिंग **15 अंक**

फंक्सन्स एवं सबरूटीन्स
लाइब्रेरी फंक्शन्स

प्रयोगात्मक कार्य

उक्त प्रस्तर 2 एवं 4 के विभिन्न माड्यूल्स में प्रयोगात्मक कार्य कराये जायेंगे। इस कार्य हेतु 15 अंक निर्धारित है। प्रयोगात्मक परीक्षा का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

पाठ्य पुस्तकें--

कोई भी पुस्तक निर्धारित या संस्तुत नहीं की गयी है। विद्यालयों के प्रधान विषय अध्यापक के परामर्श से उपयुक्त पुस्तक का चयन कर लें।

प्रोजेक्ट कार्य

प्रोजेक्ट कार्य 15 अंक का होगा। दिये गये प्रोजेक्ट की सूची में से तीन प्रोजेक्ट अवश्य तैयार कराये जायें। शिक्षक इसके अतिरिक्त विषय से सम्बन्धित प्रोजेक्ट तैयार करा सकते हैं। प्रोजेक्ट का मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर आन्तरिक होगा।

1-कम्यूनिकेशन मीडिया (तार, बेतार)
2-नेटवर्क (लैन एवं वैन) Network
3-इंटरनेट (e-mail-id, web site.....etc.)
4-लाइनक्स (सी0एल0आई0) (mure, cat. Is, mkdir, etc.)
5-लाइनक्स आफिस
- स्टार कैल
- स्टार इम्प्रैस
- स्टार राइटर
6-लाइनक्स (जी0यू0आई0) इंटरफेस
7-लाजिक गेट्स
8-सी प्रोग्रामिंग (ऐरे)
9-स्ट्रिंग मैन्युपुलेशन
10-फंक्शन

कृषि

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

1-मृदा विज्ञान
उसके स्रोत, मिट्टी का कटाव,

2-सिंचाई व जल निकास
(क) जल के स्रोत--कुँआ, बाँध, नदियाँ आदि।
(ख) सिंचाई की विधियाँ--अप्लावन, क्यारी, बेसिन आदि।

3-खाद तथा उर्वरक
(क) उनका वर्गीकरण, महत्व, पोटैशियम क्लोराइड।
(ग) उर्वरक मिश्रण--विभिन्न, उर्वरक मिश्रण बनाने के लिए परिकलन या जानकारी।

4-भू-परिष्करण
(क) विभिन्न फसलों के लिए भू-परिष्करण का महत्व।

5-आपदायें- दैवी आपदायें जैसे भूकम्प, आग, आदि का मूलभूत ज्ञान। पर्यावरण पर बचाव के उपाय।

6-निम्न फार्म की फसलों की खेती--मूँगफली तथा गन्ना।

7-सब्जियों की खेती-- खरबूजा

8-बागवानी-- नींबू की खेती।

9-पशुपालन--

डेरी उद्योग तथा पशु चिकित्सा विज्ञान
(ग) स्वच्छ एवं सुरक्षित दूध।
(ङ) सामान्य पशु रोग--बुखार, रिन्डरपेस्ट, पेचिस के लक्षण तथा उपचार की विधियाँ।

10-फल परीक्षण-- डिब्बों का जीवाणु नाशन तथा डिब्बा बन्दी, फल तथा सब्जियों का निर्जलीकरण।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कृषि

कक्षा-10

इसमें 70 अंकों की लिखित परीक्षा तथा 30 अंकों का विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट कार्य होगा। पूर्णांक 100

1-मृदा विज्ञान **7**

मृदा जैव पदार्थ, वितरण, संरक्षण और मिट्टी का प्रभाव, ऊसर, क्षारीय तथा अम्लीय मिट्टी और सुधार, भू-क्षरण, भू-संरक्षण के सामान्य उपाय।

2-सिंचाई व जल निकास **5**

(क) जल के स्रोत-- नलकूप, नहरें, तालाब, आदि।

(ख) सिंचाई की विधियाँ-- नाली, छिड़काव, बार्डर, ट्रिप सिंचाई आदि।

3-खाद तथा उर्वरक **8**

(क) अजैव खादें (उर्वरक), अमोनियम सल्फेट, यूरिया, कैल्शियम, अमोनियम नाइट्रेट, सुपर फास्फेट, डाई अमोनियम फास्फेट (डी0ए0पी0)

(ख) उर्वरकों के प्रयोग की विधियाँ

(ग) उर्वरक मिश्रण-- फसलों के लिये उर्वरकों की आवश्यकता।

4-भू-परिष्करण **5**

(क) विभिन्न फसलों के लिए भू-परिष्करण की आवश्यकतायें।

(ख) फसल की सुरक्षा तथा बागवानी के प्रमुख यंत्र--डस्टर, स्प्रेयर, सिक्रेटियर, हैजसियर, बडिंग तथा ग्राफ्टिंग नाइफ, थ्रेसर तथा ओसाई के यन्त्र

5-आपदायें--दैवी आपदायें जैसे बाढ़, सूखा, अतिवृष्टि, उपलवृष्टि आदि का सामान्य ज्ञान। इनका फसल पर प्रभाव। **2**

6-निम्न फार्म की फसलों की खेती-- **10**

धान तथा गेहूँ ।

7-सब्जियों की खेती-- **10**

आलू, फूलगोभी, टमाटर, लौकी, भिण्डी, प्याज।

8-बागवानी-- **10**

बाग के लिए भूमि का चुनाव, गृह उद्यान तथा फलोद्यान, प्रदेश की प्रमुख फसलों, जैसे आम, अमरूद तथा पपीता की खेती।

9-पशुपालन-- **8**

डेरी उद्योग तथा पशु चिकित्सा विज्ञान

(क) पशुओं की सामान्य देख-रेख तथा प्रबन्ध।

(ख) पशु आहार।

(ग) स्वच्छदोहन विधि।

(घ) दुग्धोत्पादन सम्बन्धी सामान्य जानकारी।

(ङ) सामान्य पशु रोग-- मुँहपका-खुरपका, गलाघोटू के लक्षण तथा उपचार की विधियाँ।

10-फल परीक्षण--फल तथा सब्जियों के परीक्षण की विधियाँ, फल व पदार्थों के नष्ट होने के कारण। **5**

<u>प्रयोगात्मक</u> **15 अंक**

1-बीज शैय्या तैयार करना। **5**

2-उर्वरक, खरपतवार एवं बीजों की पहचान। **5**

3-मौखिक **3**

4-वार्षिक अभिलेख **2**

प्रोजेक्ट कार्य **15 अंक**

नोट :--निम्नलिखित में से कोई तीन प्रोजेक्ट छात्रों से तैयार कराए। अध्यापक विषय से सम्बन्धित अन्य प्रोजेक्ट भी दे सकते हैं।

1-बाग लगाने की उपयुक्त विधि का अध्ययन करना।

2-उर्वरकों के प्रयोग करने की उपयुक्त विधि का अध्ययन करना।

3-स्प्रेअर का प्रयोग करने की विधि तथा सावधानियों का अध्ययन करना।

4-जैम बनाने की विधि का अध्ययन करना।

5-जेली बनाने की विधि का अध्ययन करना।

6-दुग्ध-दोहन की उपयुक्त विधि का अध्ययन करना।

7-ड्रिप सिंचाई का अध्ययन करना।

8-सिंचाई के लिये नहरों की उपयोगिता का अध्ययन करना।

9-उत्तर प्रदेश की मृदाओं में फासफोरस एवं पोटाश पोषक तत्व का प्रयोग करना।

10- पशुओं में होने वाले खुरपका–मुंहपका रोग एवं अन्य सामान्य रोगों के लक्षण व उनके उपचार की विधियों का अध्ययन।

नोट :--प्रयोगात्मक परीक्षा एवं प्रोजेक्ट कार्य का आन्तरिक मूल्यांकन विद्यालय स्तर पर होगा।

कक्षा–10 हेल्थ केयर

क्षेत्र–स्वास्थ्य देखभाल (स्तर–2)

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

इकाई–1

प्रकरण– अस्पताल संरचना और कार्य–

5– अच्छे सामान्य ड्यूटी सहायक के गुणों का ज्ञान।

इकाई–2

प्रकरण– मरीजों की देखभाल और देखभाल योजना से परिचय–

1– देखभाल योजना क्रियान्वयन में सामान्य ड्यूटी सहायक की भूमिका।
2– मरीज को आहार देने में सामान्य ड्यूटी सहायक की भूमिका।
3– वाइटल साइन/महत्वपूर्ण संकेतों की रिपोर्ट और पहचान।
4– मरीज की आवष्यकतानुसार बिस्तर तैयार करना।
5– आवष्यकतानुसार मरीज को आसीन करना।

इकाई–6

प्रकरण– अस्पताल में जनसम्बन्ध

1– चिकित्सीय स्वागतकर्ता की भूमिका और कार्य
2– आपातकालीन कॉल के लिए प्रतिक्रिया।
3– जन–सम्बन्धों के निर्वाह में कम्प्यूअर का प्रयोग।
4– मरीजों और सहायकों (attendants) के साथ आचरण।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–10

हेल्थ केयर

क्षेत्र–स्वास्थ्य देखभाल (स्तर–2)

पूर्णांक : 70

इकाई–1 **15 अंक**

प्रकरण– अस्पताल संरचना और कार्य–

1– अस्पताल के विभिन्न विभागों, पेषेवर (Pofessionals) तथा सहयोगी स्टाफ के कार्य व भूमिका।
2– अस्पताल में सहायक विभागों के कार्यों और भूमिका का ज्ञान।
3– विभिन्न मानदण्डों के आधार पर अस्पतालों का वर्गीकरण।
4– अस्पताल के विभिन्न कार्यों से सामान्य ड्यूटी सहायक (General Assistant)की भूमिका का सम्बन्ध।

इकाई–3 **15 अंक**

प्रकरण– कीटाणुषोधन और विसंक्रमण–

1– सूक्ष्मजीवों द्वारा होने वाले रोगों का वर्णन।
2– सामान्य मानवीय रोग और उनके कारक (एजेण्ट) का ज्ञान।
3– अस्पताल उपर्जित संक्रमण के नियंत्रण और रोकथाम में व्यवसायकों और कर्मचारियों की भूमिका।
4– रोगी कक्षों (Wards) और उपकरणों का विसंक्रमण।

इकाई–4 **15 अंक**

प्रकरण– प्रारम्भिक प्राथमिक चिकित्सा और आपातकालीन चिकित्सा राहत–

1– प्राथमिक चिकित्सा के नियमों और सिद्धान्तों का वर्णन।
2– प्राथमिक चिकित्सा के लिए प्रयोग की जाने वाली सुविधाओं, उपकरणों और पदार्थों की पहचान।
3– बुखार, लू, पीठ दर्द, दमा, एवं भोजन द्वारा उत्पन्न बीमारी में प्राथमिक उपचारक की भूमिका।
4– घाव, रक्तस्राव, जलने, कीटाणुओं के काटने और डंक मारने, कुत्तों के काटने और सांपों के काटने में प्राथमिक उपचारक की भूमिका।

इकाई–5 **15 अंक**

प्रकरण– मानव शरीर संरचना कार्य और पोषण

1– मानव शरीर के भागों की पहचान।
2– मानच शरीर की वृद्धि और पोषण में पोषक तत्व।

प्रयोगात्मक

1– अस्पतालों की कार्यप्रणाली देखने के लिए निकटस्थ प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामान्य अस्पताल का भ्रमण।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र– सामान्य अस्पताल, विशेष (Specialized) देखभाल केन्द्र एवं तृतीयक देखभाल केन्द्र का फ्लो चार्ट– चार्ट बनाना।

अस्पतालों के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली जैसे– OPD ,पैथोलॉजी, रेडियोलॉजी, फार्मेसी, अभिलेखीकरण, नकद विभाग, वित्त, हाउस कीपिंग, मानव संसाधन।

2– पद्ध अस्पताल में रोगी को बिस्तर पर उचित देखभाल एवं साफ–सफाई से भोजन कराने का रोल प्ले।

पपद्ध बिस्तर–रोगी का बिस्तर तैयार करने का प्रदर्शन।

पपपद्ध वाइटल साइन्स (Vital Signs) तापमान, पल्स, रूधिर दाब आदि के निरीक्षण का रोल प्ले।

आहार के आधारभूत ज्ञान (पौष्टिकता से परिपूर्ण), के साथ विभिन्न प्रकार के रोगियों की आहार–योजना का बनाना।

विभिन्न प्रकार के अस्पताल के बिस्तर की सूची उनकी कार्यप्रणाली के साथ बनाना।

रोगी के निरीक्षण हेतु वाइटस साइंस की सूची बनाना।

3– विसंक्रमण उपकरण को कैसे प्रयोग किया जाता है– इसे देखने के लिए स्थानीय अस्पताल का भ्रमण।

जीवाणु/विशाणु/परजीवी/फंगस द्वारा होने वाले विभिन्न संक्रामक रोगों का चार्ट / पोस्टर बनाना।

ऑपरेशन के लिए प्रयोग किये जाने वाले फर्ष, दीवारें, उपकरण, वस्त्रों को विसंक्रमित करने वाले विसंक्रामक

पदार्थों की सूची बनाना।

4– i) ABC आहार का प्रायोगिक प्रदर्शन

पपद्ध एक प्राथमिक चिकित्सा किट बनाना।

अस्पताल में आपातकालीन स्थितियाँ जैसे सड़क दुर्घटना, हृदयाघात, आघात, अस्थमा, कुत्ते का काटना, सांप का काटना, गर्भावस्था की जटिलताओं की सूची बनाना।

आपातकाल में का प्राथमिक सहायता चरण–

A	-	Airway
B	-	Breathing
C	-	Circulation

5– i) शरीर के विभिन्न अंगों का चित्र बनाना एवं पहचान करना। (या चित्र को चिपकाना)

ii) शारीरिक तंत्र से संबंधित चार्ट उनकी कार्य प्रणाली के साथ बनाना

iii) विटामिनों एवं उनकी कमी से होने वाली बीमारियों की सूची बनाना।

6– i) एक रोगी के चिकित्सीय अभिलेख को भरने का प्रदर्षन करना।

रिपेष्षन पर या अस्पताल की आपातकालीन स्थिति में कार्य करने वाले सामान्य ड्यूटी सहायक के कार्यों की सूची बनाना।

मेडिकल रिसेप्षन पर एंट्रीज (entries) करने हेतु कम्प्यूटर के आधारभूत ज्ञान का प्रदर्षन।

आटोमोबाइल

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

इकाई–2

वर्गीकरण, नाम, विभिन्न ग्रेड के नाम, स्नेहक के गुण, कार्य, प्रकार एवं स्नेहन की विधि।

इकाई–3

विभिन्न अवयवों में दोष ढूढ़ना, उनके कारण एवं बचाव, मरम्मत के औजार एवं उपकरणों के नाम, बनावट एवं कार्य।

इकाई–4

ग्राइडिंग का संक्षिप्त परिचय। मापन एवं परिक्षण विधियां।

इकाई–5

गैराज, शोरूम एवं स्पेयर विक्रय केन्द्र की स्थापना एवं संचालन से सम्बन्धित जानकारी, वित्तीय सहायता प्राप्त करने की विधियां।

इकाई–6

–सड़क सुरक्षा नियम का महत्व।
–सुरक्षित ड्राइविंग का महत्व।
–यातायात चिन्ह, ट्रैफिक अधिनियम के प्रमुख प्राविधान।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–10
ट्रेड– आटोमोबाइल

उद्देश्य–

(1) छात्रों में उद्यमिता गुणों का विकास करना।
(2) छात्रों को आगे चलकर स्वरोजगार की ओर प्रेरित करना।
(3) छात्रों को 10+2 स्तर सुविधापूर्वक उपयुक्त ट्रेड का चयन करने में सहायता करना।
(4) छात्रों में व्यवसाय के प्रति रुचि पैदा करना।
(5) छात्रों को कार्य संस्कृति के प्रति आदर का भाव पैदा करना।
(6) छात्रों को ट्रेड की प्रारम्भिक बातों की जानकारी देना।

रोजगार के अवसर–

(1) आटोमैकेनिक के रूप में।
(2) सेल्समैन के रूप में।
(3) अपना रिपेयर वर्कशाप एवं गैराज का संचालन।
(4) शोरूम स्थापित करना।
(5) स्पेयर पार्ट के विक्रेता के रूप में।

सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम

पूर्णांक 70 अंक

लिखित एवं प्रोजेक्ट कार्या में क्रमशः 23 एवं 10 कुल–33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

इकाई–1 **15 अंक**

आटोमोबाइल की स्नेहन प्रणाली, गवर्निंग सिस्टम, विद्युतीय प्रणाली, बैटरी, तारस्थापन, बत्ती सिस्टम, ए0सी0 एवं हीटिंग सिस्टम।

इकाई–2 **10 अंक**

इन्जन ऑयल के गुण, इन्जन ऑयल बदलने की विधि।

इकाई–3 **15 अंक**

अनुरक्षण एवं बाधा खोज–अनुरक्षण के महत्व एवं प्रकार, सर्विसिंग एवं ओवर हालिंग।

इकाई–4 **10 अंक**

कार्यशाला के मूल कार्य जैसे कटिंग, फाइलिंग, ड्रिलिंग, बेल्डिंग, का संक्षिप्त परिचय।

इकाई–6 **10 अंक**

–सड़क सुरक्षा के नियम।
–सुरक्षित ड्राइविंग का नियम।
–ट्रैफिक के नियम।
–वाहनों का रजिस्ट्रेशन, ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने की विधि व आवश्यकता।

इकाई–7 **10 अंक**

–आटोमोबइल व हमारा पर्यावरण–वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने की आवश्यकता एवं महत्व।
–प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण–पत्र का महत्व।

प्रोजेक्ट कार्य

पूर्णांक 30 अंक

प्रत्येक त्रैमासिक में कोई एक प्रोजेक्ट (कुल 3 प्रोजेक्ट)

(1) कारवोरेटर का अध्ययन करना।
(2) स्कूटर/मोपेड में दोष ढूढ़ना एवं मरम्मत करना।
(3) बैटरी चार्जिंग कराने का अध्ययन तथा पानी चेक करना।
(4) लाइट का फोकस एडजस्ट करना एवं बल्ब लगाना।
(5) ब्रेक एडजस्ट करने का अध्ययन करना।
(6) मोपेड आदि गाड़ी का ड्राइविंग करना।
(7) ट्रैफिक नियमों का अध्ययन करना।
(8) पंचर जोड़ बनाना, हवा भरना तथा हवा के दबाव को मापना।
(9) स्कूटर व कार की धुलाई, सर्विसिंग करना।
(10) कार के स्टेरिंग प्रणाली का अध्ययन करना।

संस्तुत पुस्तकें

(1) आटोमोबाइल इंजीनियरिंग	कृष्णानन्द शर्मा
(2) आटोमोबाइल इंजीनियरिंग	सी0बी0 गुप्ता
(3) आटोमोबाइल इंजीनियरिंग	धनपत राय एण्ड शुक्ला
(4) बेसिक आटोमोबाइल	सी0पी0 बक्स

रिटेल ट्रेडिंग (खुदरा व्यापार)

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

इकाई–1

खुदरा विक्री की प्रस्तावना– 6–खुदरा विक्रेताओं के विभिन्न प्रकार।

ईकाई–2

खुदरा बाजार में विपणन की भूमिका –4–विपणन के लक्षण एवं महत्व।

इकाई–3 2– उत्पाद प्रबन्धन के पूर्वोपाय।

इकाई–4

खुदरा व्यापार में उत्पाद वर्गीकरण– 5–उत्पादों में ब्राण्डिंग का महत्व।

इकाई–5

खुदरा बिक्री में रोजगार का भविष्य– 3– खुदरा बिक्री में प्रबन्धकीय कार्य में कैरियर।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–10

रिटेल ट्रेडिंग (खुदरा व्यापार)

सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम

पूर्णांक 70 अंक

लिखित एवं प्रोजेक्ट कार्य में क्रमशः 23 एवं 10 कुल 33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

इकाई–1 **14 अंक**

खुदरा विक्री की प्रस्तावना–

1–खुदरा विक्रय का अर्थ एवं परिभाषा।
2–खुदरा विक्री के तत्वों का वर्णन।
3–खुदरा तत्वों की विशेषताएं।
4–खुदरा विक्री के तत्वों की आवश्यकता।
5–खुदरा विक्री के विभिन्न कार्य।

इकाई–2 **14 अंक**

खुदरा बाजार में विपणन की भूमिका –

1–विपणन प्रस्तावना।
2–विपणन के सिद्धान्त।
3–खुदरा व्यापार एवं विपणन में सामंजस्य।
5–विपणन की उत्पत्ति एवं परिभाषयें।
6–उत्पाद एवं सेवा विपणन में विभेद।

इकाई–3 **14 अंक**

1–उत्पाद प्रबन्धन का महत्व।
3– उत्पाद प्रबन्धन के विभिन्न विधियां।
4– उत्पाद प्रबन्धन के विभिन्न उपकरण।
5–भारत में बड़े पैमाने पर खुदरा व्यापार की व्यवस्था।
6–बड़े पैमाने पर खुदरा व्यापार को संचालित करने के लिये भारत सरकार द्वारा दी गई सुविधाओं का विवरण।(FDI)

इकाई–4 **14 अंक**

खुदरा व्यापार में उत्पाद वर्गीकरण–

1–प्रस्तावना।
2–उत्पादों के प्रकार एवं लक्षण।
3–खुदरा व्यापार में विभन्न विभाग।
4–उत्पाद रख–रखाव।

इकाई–5 **14 अंक**

खुदरा बिक्री में रोजगार का भविष्य–

1– खुदरा बिक्री में विभिन्न रोजगारों की सम्भावना।

2– खुदरा बिक्री में रोजगार के लियें आवश्यक दक्षता।

4– प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI) के द्वारा प्रस्तावित रोजगार का भारतीय अर्थ व्यवस्था पर प्रभाव (FDI का अलोचनात्मक विवरण)।

प्रत्येक त्रैमासिक में कोई एक प्रोजेक्ट (कुल 3 प्रोजेक्ट)

प्रोजेक्ट कार्य– **पूर्णांक– 30 अंक**

–उत्पादों की सुरक्षा की प्रशिक्षण तकनीक।

–उपभोक्ताओं के पहचान करने और समक्षने के लियें प्रश्नावली का गणन।

–किसी रिटेल माल का भ्रमण।

–किसी उत्पाद के सप्लाई चेन का मॉडल बनाना।

–किसी ग्राहक/उपभोक्ता से संतुष्टि मापन का अभ्यास।

सुरक्षा

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

इकाई–1

सुरक्षा सैन्य बल– 3–भारत की अद्यतन रक्षा तैयारियां।

इकाई–2

कार्यस्थल से सम्बन्धित खतरे एवं सुरक्षा–7– व्यावसायिक स्वस्थ्य की प्रावस्थायें एवं सुरक्षात्मक रणनीति।

इकाई–3

निरीक्षण, अनुश्रवण एवं सुरक्षा–2– निरीक्षण में संवेदों की प्रभावकता को प्रभावी बनाने वाले कारक।

इकाई–4

कार्यस्थल पर संवाद संप्रेषण–5– संप्रेषण के सिद्धान्त।

प्रोजेक्ट कार्य–

5– CCTV का अध्ययन।

12–कार्यस्थल पर Communication के लिए विभिन्न प्रकार के वाक्यों का निर्माण जिनमें–

–विशिष्ट संदेश पर बल दिया हो।

–वांछित समस्त जानकारी का समावेश हो।

–संदेश के प्राप्तकर्ता के प्रति सम्मान परिलक्षित हो।

13–भारत एवं सम्बन्धित राज्यों तथा जिलो से सम्बन्धित मानचित्रों का अध्ययन एवं निमार्ण।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–10

सुरक्षा

सैद्धान्तिक पाठ्यक्रम **पूर्णांक 70 अंक**

लिखित एवं प्रोजेक्ट कार्य में क्रमशः 23 एवं 10 कुल 33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

इकाई–1 सुरक्षा सैन्य बल– **16 अंक**

1–भारतीय थल सेना, वायु सेना एवं नव सेना का संगठन एवं कार्य।

2–भारतीय अर्द्ध सैनिक बल संगठन एवं कार्य।

इकाई–2 कार्यस्थल से सम्बन्धित खतरे एवं सुरक्षा– **18 अंक**

1– कार्यस्थल में संभावित सामान्य खतरे एवं कारण।

2– स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से सम्बन्धित खतरे।

3– कार्यस्थल से सम्बन्धित तकनीकी खतरे।

4– प्राकृतिक आपदा, जल वायुवीय परिस्थितियों, सामाजिक एवं कानूनी कार्यवाही से सम्बन्धित खतरे।
5– उत्पादन, प्रौद्योगिकी, वित्तीय बाजार, उपभोक्ता से सम्बन्धित खतरे।
6– आणविक, जैविक एवं रासायनिक, शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक सुरक्षा।

इकाई–3 निरीक्षण, अनुश्रवण एवं सुरक्षा– **18 अंक**

1– निरीक्षण, सूचना, व्याख्या एवं स्मरण के विभन्न सोपान।
3– सुरक्षित वातावरण बनाये रखने में प्रौद्योगिकी का महत्व।
4– विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं सुरक्षा।
5– विभिन्न प्रकार के अपराध एवं उनसे सम्बन्धित सुरक्षा संप्रेषण।

इकाई–4 कार्यस्थल पर संवाद संप्रेषण– **18 अंक**

1– संवाद चक्र के विभन्न तत्व– संवाद का अर्थ, तत्व, प्रेषक, संदेश, माध्यम, प्राप्तकर्ता एवं पुनर्निवेशन।
2– पुनर्निवेशन (feed back) अर्थ, विशेषतायें एवं महत्व, वर्णनात्मक एवं विशिष्ट पुनर्निवेशन।
3– संप्रेषण में अवरोध सम्बन्धी कारक दूर करने के उपाय।
4– प्रभावी संप्रेषण से सम्बन्धित विभिन्न तत्व।
6– संचार उपकरण एवं संचार साधन।

प्रोजेक्ट कार्य **पूर्णांक 30 अंक**

1–परिचयात्मक प्रपत्रों का परिक्षण– Identity card, Passport, स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस।
2–कार्यस्थल पर मशीनों/रसायनों/उपकरणों आदि से होने वाले खतरों को सूचीबद्ध करना एवं संस्था द्वारा अपनाये जाने वाले सुरक्षा उपायों का अध्ययन।
3–एक Shopping mall/industry का भ्रमण कर खतरों को चिन्हित करना।
4–प्रवेश द्वारा की सुरक्षा का अध्ययन।
6– Finger print, Iris Scanner, Face Senner का सुरक्षा में प्रयोग।
7–पुलिस स्टेशन में दर्ज प्राथमिकी एवं इसके प्रारूप का अध्ययन।
8–फोरेसिंक लैब का भ्रमण आयोजित कर साक्ष्यों की प्रमणिकता की कार्यविधि का अध्ययन।
9–औद्योगिक संस्थान/रेलवे स्टेशन/बस स्टेशन/हवाई अड्डे का भ्रमण कर सुरक्षा गार्ड के स्वास्थ्य को प्रभावित करने वाले कारकों का अध्ययन।
10–सेना/पुलिस के अधिकारियों को प्रदत्त चिन्ह (Insignia) का मिलान उनके पद/रैंक से करना।
11–संवाद चक्र का रेखांकन।

आई0टी0/आई0टी0ई0एस0

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी है:–

इकाई–6 -आधुनिक संचार उपकरण–

प्रथमिक संचार मण्डल, संचार के प्रकार, संचार के माध्यम, मोबइल संचार सिस्टम इन्टरनेट एवं सोशल मीडिया।

इकाई–8 –प्रोजेक्ट बनाना–

वर्ड, एक्सेल एवं पावर प्वाइंट के आधार पर पांच पृष्ठों का प्रोजेक्ट बनाना।

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

कक्षा–10

आई0टी0/आई0टी0ई0एस0

उद्देश्य–आज के विज्ञान जगत में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का अभूतपूर्व स्थान है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के विभिन्न आयाम सामाजिक रूप से प्रतिस्थापित हो चुके हैं। जैसे–मोबाइल, इंटरनेट आदि। देश को ''डिजिटल इंडिया'' का स्वरूप देने में इनका विशेष योगदान अवश्यम्भावी है।

सैद्धान्तिक **पूर्णांक 70 अंक**

लिखित एवं प्रोजेक्ट कार्य में क्रमशः 23 एवं 10 कुल 33 अंक प्राप्त करना अनिवार्य है।

इकाई–1 कम्प्यूटर का विस्तृत परिचय **10 अंक**

कम्प्यूटर का रेखाचित्र, विभिन्न ब्लाग्स का परिचय एवं आधुनिक कम्प्यूटर के अवयव, इनपुट, आउटपुट की आधुनिक डिवाइसेंस, मेमोरी डिवाइसेंस, स्टोरेज डिवाइसेंस।

इकाई–2 **आपरेटिंग सिस्टम का विस्तृत परिचय** **10 अंक**

आधुनिक आपरेटिंग सिस्टम, यूजर इन्टरफेस(समय एवं तिथि), डिसप्ले प्रापर्टिज, डिवाइस लगाना एवं निकालना, फाइल्स एवं डायरेक्ट्री मैनेजमेन्ट।

इकाई–3 **वर्ड प्रोसेसिंग ऐडवांस फीचर** **10 अंक**

डाक्यूमेन्ट बनाना, सेव करना एवं प्रिन्ट करना, एडिटिंग, फार्मेटिंग, स्पैलचेक, फान्ट एवं साइज तय करना, एलाइमेन्ट, बुलेट, टेबिल बनाना और विभिन्न सेटिंग्स करना, डाक्यूमेन्ट में चित्र को जोड़ना, मेल मर्ज, सुरक्षा(security)।

इकाई–4 **स्प्रेडशीट** **10 अंक**

स्प्रेडशीट के मूल तत्व सेल्स एवं उनकी एड्रेसिंग, सेल मे डेटा भरना एवं संशोधित करना, रोज एवं कालम बनाना, उसकी चौड़ई एवं ऊँचाई निश्चित करना, फार्मूला एवं फंक्शन का उपयोग, विभिन्न प्रकार के चार्ट का निर्माण।

इकाइ–5 **इन्टरनेट सर्चिंग एवं GPS** **15 अंक**

इन्टरनेट का विस्तृत परिचय, LAN, MAN एवं WAN इन्टरनेट के विस्तृत उपयोग, ई–मेल सेवायें, इन्टरनेट सर्विस प्रोवाइटर और उसका चयन, ट्रबल शूटिंग, इन्टरनेट में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों का परिचय, GPS का परिचय एवं इसके उपयोग, wi-fi की जानकारी व उपयोग।

इकाइ–7 **प्रेजेन्टेशन तैयार करना** **15 अंक**

पावर प्वाइंट का विस्तृत परिचय, प्रेजेन्टेशन के मुख्य अवयव, टेम्प्लेट, टेक्स एडीटिंग, टेबिल और एक्सेस का जोड़ना, फोटो ड़ालना, रीसाइजिंग, स्केलिंग, कलरिंग और स्लाइड शो चलाना और आटोमेटिंग करना, स्लाइट में आडिओ का प्रयोग।

प्रोजेक्ट कार्य **30 अंक**

1–एक्सेल पर प्रयोगात्मक अध्ययन।

2–पावर प्वाइंट पर प्रयोगात्मक अध्ययन।

3– MS-WORD का प्रयोगात्मक अध्ययन।

4– P. POINT पर प्रेजेन्टेशन निर्माण का प्रयोगात्मक अध्ययन।

5–इन्टरनेट पर ई–मेल, ई–मेल आदि निर्माण का प्रयोगात्मक अध्ययन।

6–नेटवर्क के विभिन्न प्रकारों का विस्तृत अध्ययन।

7–संचार के विभिन्न प्रकारों का विस्तृत अध्ययन।

(क)नैतिक, योग तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा

कक्षा–10

कोविड–19 महामारी के कारण शैक्षिक सत्र–2021–22 में विद्यालयों में समय से पठन–पाठन का कार्य न हो पाने की स्थिति में सम्यक विचारोपरान्त विषय विशेषज्ञों की समिति द्वारा निम्नवत् 30 प्रतिशत पाठ्यक्रम कम किये जाने की अनुशंसा की गयी हैः–

नैतिक शिक्षा

सैद्धान्तिक विवेचन कार्य–

3–मानव अधिकार–जीवन, संरक्षण, सहभागिता, विकास का अधिकार, भारतीय संविधान में बाल अधिकार संरक्षण।

5–शिकायत प्रणाली, अधिकार संरक्षण आयोग।

खेल एवं शारीरिक शिक्षा

इकाई–2

वृद्धि एवं विकास–

शारीरिक क्रिया-कलाप में आयु एवं लिंग का अन्तर, बालक एवं बालिकाओं के शारीरिक संरचनाओं में अन्तर, शारीरिक वृद्धि एवं विकास में वंशानुक्रम एवं पर्यावरण का प्रभाव (Body types)

इकाई–5

शिविर आयोजन–

शिविर का अर्थ, उद्देश्य, महत्व, प्रकार, शिविर लगाने की सामग्री, शिविर संगठन।

इकाई–7

यातायात के नियम–

नियम, संकेत, सावधानियां एवं दुर्घटना से बचाव।

योग शिक्षा

3–अष्टांग योग–प्राणायम-प्रत्याहार

प्राणायाम वैज्ञानिक व्याख्या

–श्वसन प्रक्रिया
–आक्सीजनेशन (जारण क्रिया)
–वैज्ञानिक अनुसंधानात्मक निष्कर्ष

4–षट्कर्म एवं स्वास्थ्य–षट्कर्म : परिचय

–नेति
–जल नेति सूत्र नेति

उपर्युक्त के अनुक्रम में 70 प्रतिशत का पाठ्यक्रम निम्नवत् है–

नैतिक, योग तथा खेल एवं शारीरिक शिक्षा

(कक्षा–10)

इस विषय में 50 अंकों की लिखित परीक्षा एक प्रश्न-पत्र तीन घण्टे का होगा। इसी के साथ ही 50 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा भी होगी। प्रयोगात्मक तथा लिखित परीक्षा विद्यालय स्तर पर होगी लिखित तथा प्रयोगात्मक परीक्षा में मूल्यांकन के आधार पर छात्रों को 'ए' 'बी' 'सी' श्रेणी प्रदान की जायेगी जिसका अंकन छात्र के अंक प्रमाण-पत्र में किया जायेगा।

उद्देश्य–

1–बालकों का सर्वांगीण विकास एवं नैतिक गुणों का उन्नयन करना।

2–बालकों के वैयक्तिक, सामाजिक एवं शैक्षिक जीवन में नैतिक भावना का विकास करना।

3–बालकों में स्वस्थ्य नेतृत्व उत्तरदायित्व वहन करने की क्षमता, समय-पालन, सदाचार, शिष्टाचार, विनम्रता, साहस, अनुशासन, आत्म सम्मान, आत्मसंयम, समाजसेवा, सभी धर्मों के प्रति आदर एवं सहिष्णुता तथा विश्व बन्धुत्व की भावना का विकास करना।

4–सुदृढ़ शरीर का निर्माण करने हेतु शारीरिक एवं मानसिक क्षमताओं की अभिवृद्धि करना।

5–बालकों के श्रम के प्रति आदर एवं आत्मनिर्भर बनने हेतु उत्पादक कार्यों के प्रति अभिरुचि का सम्वर्द्धन करना।

6–समाज सेवा की भावना का सृजन करना।

7–स्वास्थ्य के प्रति सतत् जागरूकता तथा क्रीड़ा-शालीनता की भावना का विकास करना।

8–बालकों का मानसिक, शारीरिक, नैतिक, सामाजिक एवं संवेदात्मक विकास करना।

नैतिक शिक्षा **15 अंक**

सैद्धान्तिक विवेचन कार्य– **5 अंक**

1–निम्नलिखित महापुरूषों के जीवन के प्रेरक प्रसंग

स्वामी विवेकानन्द, स्वामी दयानन्द, लोकमान्य तिलक, महात्मागांधी, सुभाष चन्द्र बोस, पंडित जवाहर लाल नेहरू, पंडित श्री राम शर्मा, आचार्य जी।

2–श्रद्धा, आज्ञापालन, त्याग, सत्य, प्रेम, सहयोग, निःस्वार्थ सेवा, श्रमदान, अहिंसा, मातृशक्ति का सम्मान और देश प्रेम पर आधारित लघु कथायें। **5 अंक**

4–स्कूल में बच्चों के अधिकार-शिक्षण संस्थानों में बाल अधिकार उल्लंघन,शारीरिक दण्ड, परीक्षा का बोझ, आदर्श अध्यापक। **5 अंक**

पुस्तक–मानव अधिकार अध्ययन प्रकाशक माइंडशेयर

खेल एवं शारीरिक शिक्षा **15 अंक**

इकाई–1

शारीरिक शिक्षा– **5 अंक**

आधुनिक संकल्पना, आधुनिक समाज में शारीरिक शिक्षा की आवश्यकता एवं महत्व, शारीरिक शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा में सम्बन्ध, राष्ट्रीय एकता में खेलों की भूमिका, सामान्य ज्ञान शिक्षा एवं परीक्षण/सामूहिक वार्ता।

इकाई–3 **2 अंक**

चोट–

अर्थ, बचाव एवं व्यवस्था मोच Strain, Contusion, Abrasion and Laceration ।

इकाई–4 **5 अंक**

मांस पेशी तंत्र–

परिचय, प्रकार, संरचना, कार्य, शरीर के अंगानुकूल वर्गीकरण, विभिन्न प्रकार के मांस पेशियों के लिये व्यायाम।

इकाई–6

शारीरिक थकान एवं मानसिक तनाव– **3 अंक**

(अ) थकान का अर्थ, प्रकार, लक्षण एवं कारण बचाव एवं निराकरण, Detraining का प्रभाव शारीरिक Fitness पर प्रभाव।

(ब) मानसिक तनाव के कारण, निराकरण एवं उपचार।

योग शिक्षा **20 अंक**

1—योग एवं योगशिक्षा	• योग : कला एवं विज्ञान	**5 अंक**
2—योग प्रकार	• योग के प्रकार □ मन्त्रयोग एवं हठयोग □ समन्वित वर्गीकरण, कर्मयोग • प्रमुख योग प्रकारों का विवेचन— □ ज्ञानयोग, कर्मयोग, लययोग, मन्त्रयोग, राजयोग, हठयोग	**10 अंक**
5—किशोरावस्थाः सम्बन्ध संवेदनाएँ, दुष्प्रभाव और यौगिक निदान	• **किशोरावस्था स्वस्थ यौनिकता** □ किशोरावस्था : परिवर्तन के साथ सावधानी बरतने की अवस्था	**5 अंक**

प्रयोगात्मक पाठ्यक्रम **पूर्णांक—50**

1—अभ्यास सारणियां— **2 अंक**

(क) सामूहिक पी0टी0।

(ख) योगाभ्यास।

(1) मयूर आसन।

(2) शीर्ष आसन।

(3) कपाल भाती।

2—कवायद और मार्च— **2 अंक**

(1) रूट मार्च।

(2) कवायद और मार्च में गहन अभ्यास।

(3) समारोह परेड नेतृत्व का प्रशिक्षण।

3—लेजिम— **2 अंक**

चौमुखी मोरचाल।

4—जिमनास्टिक/लोकनृत्य— **4 अंक**

(क) जिमनास्टिक एवं मलखंब

(लड़कों के लिये)

(1) मछली।

(2) एक हाथी।

(3) कमानी उड़ी।

(4) दो हत्थी घोड़ा।

(5) सुई डोरा।

(6) कान मिट्टी।

(7) बेल।

(8) पिरामिड।

मलखंब के लिये शिखर पर खड़े हों।

(1) घोड़ा (पैरलल बार्स)।

(2) रेस्टिंग ऑन बोथ बार्स क्लिफ ऑफ फॉरवर्ड।

(3) बेन्ट आर्म डबल मार्च फॉरवर्ड (बाजू झुकाकर आगे की ओर तेजी से बढ़ना)।

(4) आगे और पीछे की ओर झूलना और आगे की ओर प्रत्येक एक बार झूलने पर बाजुओं को झुकाना।

(5) झूलते हुये बाजू को झुकाना, पीठ ऊपर की ओर उठाना।

(6) डिप्स।

(7) पिरामिड—विभिन्न रचनायें।

(ख) लोकनृत्य (लड़कियों के लिये)

एक लोकनृत्य उसी क्षेत्र का तथा एक किसी अन्य क्षेत्र का।

(लड़कों के लिये)

हाई स्कूल स्तर अर्थात् 8 से 11 की ऐसे लोकनृत्यों की सिफारिशें की जाती हैं जिसमें पर्याप्त शारीरिक श्रम पड़ता है।

5—बड़े खेल/छोटे खेल और रिले— **4 अंक**

(क) बड़े खेल—

बड़े खेल की आधारभूत तकनीकें। खेलों में भाग लेना।

(ख) छोटे खेल—

(1) थ्री कोर्टडॉज बॉल।

(2) स्काउट।
(3) पोस्ट बॉल।
(4) बाउन्स हैण्ड बॉल।
(5) पुट इन टू द सर्किल।
(6) स्टीलिंग स्टिक।
(7) लास्ट कपल आउट।
(8) सेन्टर बेस।
(9) सोल्जर्स तथा ब्रिगेड।
(10) सर्किल चेन।

(ग) रिले–
कोई नहीं।

6–धावन तथा मैदान की प्रतियोगितायें परीक्षण और पदयात्रा– **5 अंक**

(क) धावन पथ और मैदान की प्रतियोगितायें–
(1) 100 मी0 की दौड़।
(2) 800 मी0 की दौड़।
(3) लम्बी छलांग।
(4) ऊँची छलांग।
(5) शॉट पुट।
(6) 4×100 मी0 रिले (तकनीक)।
(7) डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो (तकनीक)।
(1) रिले।
(2) जैवलिन थ्रो।
(3) डिस्कस थ्रो।

(ख) परीक्षण–राष्ट्रीय शारीरिक दक्षता–
(1) मानक निष्पति परीक्षण।
(2) शक्ति/सहनशक्ति परीक्षण।

(ग) पदयात्रा–
क्रॉस कन्ट्री।

<u>लड़को के लिये पदयात्रा–</u>
(1) 6.44 से 7.25 किलोमीटर (4 से 4.5 मील)।
(2) 4.83 में 6.44 किलोमीटर क्रॉस कन्ट्री (3 से 4 मील)।

<u>लड़कियों के लिये पद यात्रा–</u>
(1) 1.61 से 4.03 किलोमीटर (1 से 2) मील) <u>लड़कों के लिये क्रॉस कन्ट्री</u>।
(2) 0.81 में .42 किलोमीटर (0.5 से 1.5 मील) <u>लड़कियों के लिये क्रॉस कन्ट्री</u>।

7–मुकाबले के लिये– **5 अंक**

(क) साधारण मुकाबले–
(1) पंजा झुकाना (फिंगर बैंड)।
(2) खींच कर खड़ा करना (पुट टू स्टैण्ड)।
(3) छड़ी धकेल (पुश अवे)।
(4) छड़ी खींच (पुल इन)।
(5) रिक्शा खींच (रिक्शा पुल)।
(6) रिक्शा ठेल (रिक्शा पुश)।
(7) जमीन से उठाना (लिफ्ट ऑफ)।

(ख) सामूहिक मुकाबले–
(1) छड़ी और कैदी (रेड्स ऐण्ड बल्यूज़)।
(2) जहरीली मुंगरी (प्वाइज़न क्लब)।

(ग) कुश्ती–
(1) पटका कम।
(2) पटका कम के लिये तोड़।
(3) दो दस्ती।
(4) लाना।
(5) उखेड़।

(घ) जूडो–
(1) एक हाथ की पकड़ छुड़ाना।
(2) दोनों कलाइयों की पकड़ छुड़ाना।
(3) एक ही जगह में कलाई पर दो दोहरी पकड़ छुड़ाना।
(4) सामने के गले की पकड़ छुड़ाना।
(5) सामने के बालों की पकड़ छुड़ाना।
(6) सिर पर प्रहार के बचाव।

(7) पीछे से कमीज की पकड़ छुड़ाना।
(8) पीछे से की गयी कमर की पकड़ छुड़ाना।
(9) सामने से की गयी कमर की पकड़ छुड़ाना।

(ङ) कटार चलाना–
जाम्बिया।

लड़कियों लिये–
(1) पैर के प्रहार से बचाव।
(2) कमर पर प्रहार से बचाव।
(3) चार बार।

8–राष्ट्रीय आदर्श और अच्छी नागरिकता, व्यावहारिक परियोजना और सामूहिक गान– **4 अंक**

(क) राष्ट्रीय आदर्श और अच्छी नागरिकता–
(1) अच्छी आदत।
(2) हमारे संविधान के मूल आधार।
(3) पंचवर्षीय योजनायें और हाल में हुए विकास कार्य।
(4) भारतीय संस्कृति।

(ख) व्यावहारिक परियोजनायें कोई नहीं–
(1) प्राथमिक उपचार।
(2) समाज सेवा।
(3) भीड़ का नियन्त्रण।
(4) खेल-कूद का आयोजन।

(ग) सामूहिक गान–
राष्ट्रीय गीत–एक गीत क्षेत्रीय भाषा में एक किसी अन्य क्षेत्रीय भाषा और एक राष्ट्र भाषा में।

9–(1) वृद्धों, विकलांगों, रोगियों, असहायों एवं निर्धनों की सेवा सुश्रुषा करना– **2 अंक**
(2) साक्षरता अभियान, पर्यावरण संरक्षण आदि में योगदान करना।

विचार/सुझाव–

जिम्नास्टिक, खेल से सम्बन्धित खेल विशेषज्ञ से Practical की सलाह ली जाये। इसी प्रकार छोटे खेल (सहायक मनोरंजन खेल) की। शारीरिक शिक्षा, मार्चपास्ट हेतु N.C.C. विभाग, Sports Medicine हेतु डॉक्टर, डांस हेतु डांस टीचर आदि विशेषज्ञों की सेवायें ली जाये।

''हम और हमारा स्वास्थ्य'' प्रकाशक ''होप इनीशियेटिव''।

10–सूक्ष्म व्यायाम **6 अंक**
- पैर की अंगुलियों के लिए
- एड़ी एवं पूरे पैर के लिए
- पंजों के लिए
- घुटने एवं नितम्बों के लिए
- घुटनों के लिए
- पेट तथा कमर के लिए
- पीठ के लिए
- हाथ की अंगुलियों के लिए
- पूरे हाथ के लिए
- कोहनी के लिए
- गर्दन के लिए
- आँखों के लिए

11–आसन और स्वास्थ्य **6 अंक**
- खड़े होकर किए जाने वाले-पार्श्व उत्तासन, परिवृत पार्श्व कोणासन,उत्थितपार्श्व-कोणासन,बकासन
- बैठकर किए जाने वाले-पद्मासन, वज्रासन, आकर्ण- धनुरासन, हस्तपादांगुश्ठासन, मेरुदण्डासन, भू-नमासन-I
- पेट के बल-मकरासन-II, तिर्यक् भुजंगासन।
- पीठ के बल-सेतुबन्धासन, कर्णपीड़ासन, सर्वांगासन, शीर्षासन, शवासन

12–मुद्रा और स्वास्थ्य **4 अंक**
- मुद्रा : परिचय एवं प्रकार
  - ❖ हस्तमुद्राएँ
    –पंचतत्त्वों का संतुलन
    मुद्रा अभ्यास
    हठयौगिक मुद्राएँ
  - ❖ वरुणमुद्रा, धारणाशक्तिमुद्रा
  - ❖ विधी, लाभ एवं सावधानी

13–प्राणायाम : अर्थ एवं प्रकार, प्राणायाम हेतु कुछ नियम, विविध प्राणायाम, विधि, लाभ एवं सावधानियाँ	• भस्त्रिका, कपालभाति (प्राणायाम), • नाड़ी शोधन, सूर्यभेदी	**4 अंक**
निद्रा, अनिद्रा एवं योगनिद्रा	• योगनिद्रा–तनाव मुक्ति की एक प्रक्रिया	

(ख)समाजोपयोगी उत्पादक, कार्य एवं समाज सेवा कार्य

कक्षा-10

(ख) समाजोपयोगी उत्पादक एवं समाज सेवा कार्य–

स्थानीय सुविधानुसार निम्नलिखित में से कोई कार्य कराया जाय–

(1) विद्यालय की कृषि भूमि पर आधारित ऋतु अनुसार फूल-पत्तियों का लगाना एवं सब्जियां बोना।
(2) विद्यालय में घास का लान तैयार करना।
(3) गमलों में दीर्घजीवी शोभायुक्त पौधे लगाना।
(4) विद्यालय की बाउण्ड्री पर हेज लगाना, लतायें लगाना।
(5) वृक्षारोपण।
(6) कताई-बुनाई।
(7) काष्ठ शिल्प।
(8) ग्रन्थ शिल्प।
(9) चर्म शिल्प।
(10) धातु शिल्प।
(11) धुलाई, रफू, बखिया।
(12) रंगाई और छपाई।
(13) सिलाई।
(14) मूर्ति कला।
(15) मत्स्य पालन।
(16) मधुमक्खी पालन।
(17) मुर्गी पालन।
(18) साग-सब्जी का उत्पादन।
(19) फल संरक्षण।
(20) रेशम तथा टसर का काम।
(21) सुतली तथा टाट-पट्टी का निर्माण।
(22) हाथ से कागज बनाना।
(23) फोटोग्राफी।
(24) रेडियो मरम्मत।
(25) घड़ी मरम्मत।
(26) चाक तथा मोमबत्ती बनाना।
(27) कालीन एवं दरी का निर्माण।
(28) फूलों, फलों तथा सब्जियों के पौधे तैयार करना।
(29) लकड़ी, मिट्टी आदि के खिलौने का निर्माण।
(30) बेकरी और कन्फेक्शनरी का काम।
(31) उपर्युक्त की सुविधा न होने पर कोई स्थानीय प्रचलित कार्य।

उपर्युक्त कार्यों के लिये निर्धारित पाठ्यक्रम

एक–विद्यालय की कृषि भूमि पर आधारित ऋतु अनुसार फूल-पत्तियों का लगाना एवं सब्जियां बोना

उद्देश्य–

(1) छात्रों में बोध कराना कि ऋतु फूल-पत्तियों को लगाने तथा सब्जियों को बोने से जहां एक ओर आस-पास की वायु शुद्ध होती है, प्रदूषण दूर होता है, वहीं दूसरी ओर ताजी सब्जियां खाने को मिलती है, जिससे शरीर के स्वास्थ्य के लिये आवश्यक विटामिन तथा खनिज लवणों की आपूर्ति होती है।

(2) छात्रों का ऋतु के अनुसार फूल-पत्तियों तथा सब्जियों का चयन कर उन्हें लगाने तथा उनकी खेती करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) शीतकाल में सोया, मेथी, पालक, फूलगोभी, गांठ-गोभी, पात गोभी, लहसुन, प्याज, कलेन्डुला, डेहलिया, स्टोशियन, गुलदाउदी, सूरजमुखी आदि के पौध लगाना।

(2) ग्रीष्मकाल में कैना कोचिया, पोर्टलाका, बनीनिया आदि के पौध लगाना।

(3) अक्तूबर-नवम्बर (शरद ऋतु) में गुलाब के पौध लगाना।

(4) पौधों की सुरक्षा के उपाय करना, बाड़े लगाना।
(5) समय-समय पर सिंचाई करना आदि।

दो–विद्यालय में घास का लांन तैयार करना

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि मैदान में घास लगाने से विद्यालय की सौन्दर्यीकरण के साथ-साथ भूमि का कटाव नहीं होता, भूमि में फिसलन नहीं होती, लान की हरी-हरी घास नेत्रों की रोशनी के लिये लाभदायक होती है तथा घास के बढ़ने पर उनसे पशुओं के लिये चारा भी उपलब्ध हो सकता है।

(2) छात्रों में विद्यालय तथा घर के आस-पास की रिक्त भूमि पर घासों का लांन तैयार करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) तैयार मिट्टी के दूब या इसी प्रकार की लांन के लिये उपयुक्त अन्य घास के पौधे रोपना तथा पानी देना।
(2) समय-समय पर सिंचाई करना तथा उर्वरक (यूरिया आदि) डालना।
(3) घास बड़ी होने पर उसकी समुचित कटाई करते रहना जिससे लांन की मखमली सुन्दरता बनी रहे।
(4) घास की कीटों से नष्ट होना तथा पशुओं से बचाने के लिये सुरक्षा के उपाय करना।

तीन–गमलों में दीर्घजीवी, शोभायुक्त पौधे लगाना

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि घर के आस-पास भूमि की कमी या अभाव होने पर भी गमलों में दीर्घ-जीवी, शोभायुक्त पौधे लगाये जा सकते हैं, जिनसे पर्यावरणीय प्रदूषण कम किया जा सकता है।

(2) छात्रों में सुरुचि एवं सौन्दर्य भावना जागृत करने के लिये गमलों में दीर्घजीवी, शोभायुक्त पौधे लगाने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) गमलों में अनावश्यक रूप से उगने वाले खर-पतवार की सफाई तथा समय-समय पर खुरपी की सहायता से हल्की गुड़ाई।
(2) गमलों को आवश्यकतानुसार धूप तथा छाया में रखने की जानकारी।
(3) गमलों को जानवरों से बचाने के उपाय।
(4) आवश्यकतानुसार पौधे के ऊपर कीटनाशक दवाओं का छिड़काव।

चार–विद्यालय की बाउन्ड्री पर हेज लगाना, लतायें लगाना

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि विद्यालय की शोभा इसकी बाउन्ड्री पर हेज तथा लतायें लगाने से बढ़ती है, साथ ही इससे पर्यावरणीय प्रदूषण कम होता है तथा मिट्टी का क्षरण रुकता है।

(2) छात्रों में विद्यालय (साथ ही घर) की बाउन्ड्री पर हेज अथवा लतायें लगाने का शौक तथा कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) लताओं को लगाने हेतु किसी उपयुक्त तथा मनपसन्द लता का चुनाव कर उसे वर्षा ऋतु में लगाना।
(2) पशुओं से सुरक्षा के उपाय करना।
(3) समय-समय पर आवश्यकतानुसार सिंचाई करना।
(4) हेज तथा लताओं को समय-समय पर करीने से कटिंग करना।
(5) आवश्यकतानुसार खाद एवं उर्वरक डालना।

पाँच–वृक्षारोपण

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि वृक्ष मानव जाति के अस्तित्व के लिये आवश्यक है, इनसे पर्यावरण प्रदूषित होने से बचता है, भूमि का कटाव रुकता है, समय पर उपयुक्त वर्षा होती है, भोज्य पदार्थ, औषधियां, इमारती तथा ईंधन की लड़कियां प्राप्त होती हैं। वृक्ष वास्तविक अर्थ में मानव के सच्चे मित्र एवं रक्षक हैं।

(2) छात्रों में वृक्षारोपण का शौक तथा कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) जिन वृक्षों के बीज बोये जाते हैं, उन वृक्षों के बीज तैयार कर गड्ढों में वर्षा ऋतु में बोना।
(2) वृक्षों की सुरक्षा हेतु आवश्यक उपाय करना, जाली अथवा बाड़ लगाना।
(3) समय-समय पर खर-पतवार निकालना, गुड़ाई-निराई करना तथा सिंचाई करना।
(4) आवश्यकतानुसार शाखाओं, प्रशाखाओं की कटिंग करना।

छः–कताई-बुनाई

उद्देश्य–

(1) छात्रों की सूत, खजूर की पत्ती, नाइलोन का धागा तथा सुतली से बुनाई करने को बोध कराना।
(2) आसनी बुनना, चटाई बुनना तथा टाट-पट्टी बुनने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) गांठे लगाने का अभ्यास।
(2) नटे व इकहरे ताने की पहचान।
(3) ताने की बॉबिन भरना, ताना करना, केथी तथा वयभरी ताना लूम पर चढ़ाना, ताना बीम चढ़ाना आदि।
(4) खादी बुनावट का अभ्यास।

(5) सूती सादी चादर, धारीदार तथा चारखानेदार चादरों के बुनने का अभ्यास।
(6) आसन बुनने का अभ्यास आदि।

सात–काष्ठ-शिल्प

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि भव्य इमारतों तथा फर्नीचरों के निर्माण तथा सजावट की वस्तुयें तैयार करने में काष्ठ-शिल्प का ज्ञान नितान्त आवश्यक है।
(2) इस कला द्वारा छात्रों के साथ नेत्र एवं मस्तिष्क में सामंजस्य स्थापित होता है।

पाठ्यक्रम

(1) जोड़ की शुद्धता एवं लकड़ी की प्लेनिंग करना।
(2) कील तथा पेंच का सही ढंग से प्रयोग करना।
(3) छात्रों को छोटी टेबुल, स्टूल, बेंच तथा लकड़ी की कुर्सियों के निर्माण का अभ्यास।

आठ–ग्रन्थ-शिल्प

उद्देश्य–

(1) छात्रों को पुस्तकों एवं अभ्यास पुस्तिकाओं को दीर्धकाल तक सुरक्षित रखने का बोध कराना।
(2) छात्रों में पुस्तकों को सिलने तथा उनकी जिल्दसाजी का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) लई, अधरी तथा सुसज्जा के अन्य वस्तुओं की जानकारी तथा उन्हें तैयार करने का अभ्यास।
(2) विभिन्न साइजों एवं आकृतियों के लिफाफे, राइटिंग पैड, फाइलें, अलबम, चित्रों के फ्रेम व केस आदि तैयार करने का अभ्यास।
(3) हिन्दी व अंग्रेजी अक्षरों को कलात्मक ठंग से लिखने का अभ्यास करना।

नौ–चर्म-शिल्प

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि दैनिक जीवन में चर्म से बनी वस्तुयें कितनी उपयोगी हैं।
(2) छात्रों में चर्म से विभिन्न प्रकार की दैनिक जीवनोपयोगी वस्तुओं के निर्माण का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) स्कूल बैग, होल्डाल आदि के किनारों पर चमड़े की पट्टी लगाने का अभ्यास।
(2) विभिन्न प्रकार के पर्स, चश्मा केश, कंघा केश, चाभी केश आदि बनाने का अभ्यास।

दस–धातु-शिल्प

उद्देश्य–

(1) छात्रों की धातु-अधातु में अन्तर तथा धातुओं के महत्व को बोध कराना।
(2) छात्रों का धातुओं से बनी दैनिक जीवन में उपयोगी वस्तुओं के मामूली टूट-फूट की मरम्मत करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) रिबट के द्वारा जोड़ने, रांगे से जोड़ने तथा सोम जोड़ का अभ्यास।
(2) लोहे तथा टीन की चादरों द्वारा सही माप के डिब्बे तथा छोटे बक्से तैयार करने का अभ्यास।
(3) टिन की चादर से सरल प्रकार के छोटे खिलौने तैयार करने का अभ्यास।

ग्यारह–धुलाई, रफू तथा बखिया

उद्देश्य–

छात्रों को बोध कराना कि धुलाई, रफू तथा बखिया द्वारा प्रत्येक परिवार में प्रयोग होने वाले वस्त्रों को अधिक समय तक पूर्व चमक-दमक के साथ चलाया जा सकता है तथा इस प्रकार आर्थिक बचत की जा सकती है।

पाठ्यक्रम

(1) ऊनी, सूती, रेशमी कपड़ों की मरम्मत का अभ्यास।
(2) रफू करने की विधि तथा रफू करते समय सही टांके लगाने का अभ्यास।
(3) माड़ी लगाना, हर प्रकार के कपड़ों पर सही ढंग के ताप का ध्यान रखते हुये लोहा करना तथा फिनिशिंग का अभ्यास।

बारह–रंगाई तथा छपाई

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि हर प्रकार के वस्त्रों को किस प्रकार रंगाई तथा छपाई कर उन्हें नयनाभिराम तथा आकर्षक बनाया जा सकता है।
(2) छात्रों में सूती, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों की रंगाई-छपाई के कौशल का विकास करना।

पाठ्यक्रम

(1) सूत का बेसिक रंग से रंगाई का अभ्यास।
(2) ऊन और रेशम की अम्लीय रंगों से रंगाई का अभ्यास।
(3) सूती मेजपोश, रूमाल तथा तकिया का गिलाफ, रेपिड फास्ट रंगों से छापा छापने का अभ्यास।
(4) स्टेन्सिल ब्रश से छपाई करने का अभ्यास।

तेरह–सिलाई

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि सिलाई कला के अभ्यास से पर्याप्त धन की बचत की जा सकती है।

(2) छात्रों में सूती, ऊनी तथा रेशमी वस्त्रों की सिलाई के कौशल का विकास करना।

पाठ्यक्रम

(1) सिलाई की मशीन के विभिन्न कल-पुर्जों तथा उनके कार्य की जानकारी।

(2) नाप लेने के प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष प्रणाली का ज्ञान तथा अभ्यास।

(3) विभिन्न प्रकार की पोशाकों के लिये पेपर कटिंग का अभ्यास।

(4) बच्चे, स्त्री तथा पुरुषों के सामान्य प्रयोग की पोशाकों की सही कटिंग करना तथा उनकी सिलाई का अभ्यास लड़कियों का कुर्त्ता, सलवार, ब्लाउज़, पेटीकोट, अन्डरवीयर, कुन्देदार पैजामा, सादा फुलपैण्ट, कुर्ता, कमीज बंगला कुर्ता, फ्रॉक, नेकर आदि)।

चौदह–मूर्ति कला

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि मूर्ति कला का जीवन से कितना गहरा सम्बन्ध है, यह विगत स्मृतियों को जीवित रखने का एक मुख्य साधन है।

(2) छात्रों में मूर्ति कला के कौशल का विकास करना।

पाठ्यक्रम

(1) अनेक प्रकार की डिज़ाइन बनाने का अभ्यास।

(2) भट्ठी में बर्तन तथा मूर्तियां पकाने का अभ्यास।

(3) मूर्ति-कला में रंगों की जानकारी तथा उसका सही प्रयोग और कलानुसार सजावट का अभ्यास।

(4) दैनिक जीवन में प्रयोग आने वाले बर्तन-गिलास, कटोरी, प्याले, दीपक, तस्तरी राखवानी, धूपवानी, फूलदान, गमला, फूलों की आकृतियाँ, फल, सब्जियों के मॉडल आदि बनाने सुखाने, पकाने तथा रंगने का अभ्यास।

पन्द्रह–मत्स्य पालन

उद्देश्य–

(1) छात्रों को बोध कराना कि मत्स्य पालन से पौष्टिक आहार प्राप्त होता है, मत्स्योत्पादन एक लाभकारी उद्योग है।

(2) छात्रों को मत्स्य पालन हेतु प्रेरित करना तथा सही विधि से मत्स्य पालन करना सिखाना।

पाठ्यक्रम

(1) मत्स्य के जीवन वृत्तान्त की जानकारी तथा टैंक में मत्स्य पालन का अभ्यास।

(2) भारत में पायी जाने वाली मत्स्य की साधारण किस्मों की जानकारी तथा उनके पालने की विधि की जानकारी एवं अभ्यास।

(3) तालाब में मत्स्य की खेती का अभ्यास।

सोलह–मधुमक्खी पालन

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि मधु एकत्र करने के लिये मधुमक्खियों को पाला जा सकता है।

(2) छात्रों को बोध कराना है कि मधु अनेक दवाइयों में प्रयुक्त होती है तथा अत्यन्त स्वास्थ्यवर्धक भोज्य पदार्थ है।

(3) छात्रों में मधुमक्खियों को मौन गृह में रखना तथा उनके रख-रखाव और शहद निकालने का कौशल विकसित करना है।

पाठ्यक्रम

(1) फलों के मौसम के अनुसार मौनवंशों की इकाई बदलते रहने की जानकारी।

(2) अधिक ठंड से मौनगृहों की सुरक्षा के उपाय करना।

(3) अधिक गर्मी से मौनगृहों की सुरक्षा के उपाय करना।

(4) चीटियों से मौनगृहों की सुरक्षा के उपाय करना।

(5) मधुमक्खियों को रोगों तथा शत्रुओं से बचाने के उपाय करना।

(6) मधुमक्खियों के लिये उचित भोजन पानी की जानकारी।

(7) मौनगृहों से शहद एकत्र करने की विधि की जानकारी।

सत्रह–मुर्गी पालन

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि प्रोटीन भोजन का एक मुख्य अवयव है। प्रोटीन का सरलता से उपलब्ध होने वाला प्रमुख साधन अण्डा है जिसे मुर्गी पालन से प्राप्त किया जा सकता है।

(2) छात्रों में मुर्गी के आवास व्यवस्था, रख-रखाव, रोग तथा उनके उपचार मुर्गी फार्म के हिसाब से रख-रखाव का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) चूजे इन्क्यूप्रेटर से निकालने के 48 घन्टे बाद फार्म से ले आकर उसे विधिवत् पालना, कीड़े मारने की दवाइयां देना, टीके लगवाना, उचित दाना-पानी तथा प्रकाश की व्यवस्था करना।

(2) बेकार और बीमार मुर्गियों की पहचान करना तथा उन्हें छांटकर अलग करना।

(3) दिन में 4 बार एक निश्चित समय पर अण्डे एकत्र करना।

(4) बाड़े की सफाई, बिछावन की सफाई, पानी के बर्तनों एवं फीडर्स की नियमित सफाई करना।
(5) मुर्गी फार्म के हिसाब से रख-रखाव की जानकारी प्राप्त करना।

अट्ठारह-शाक-सब्जी का उत्पादन

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि आहार में शाक-सब्जी का कितना महत्वपूर्ण स्थान है तथा वे सब प्रकार के विटामिन, खनिज एवं लवणों की आपूर्ति कर हमारे शरीर को स्वस्थ रखते हैं तथा रोगों से लड़ने की क्षमता उत्पन्न करते हैं।
(2) छात्रों में मौसम के अनुसार शाक-सब्जी को पैदा करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) शाक-सब्जी में लगने वाले कीड़ों, रोगों की जानकारी तथा उनसे सुरक्षा के उपाय।
(2) कीटनाशक दवाओं के प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी तथा अभ्यास।
(3) खेत से शाक-सब्जी निकालने की सही विधि की जानकारी।
(4) शाक-सब्जी के सड़ने के कारणों तथा उसे बचाने के उपायों की जानकारी व उनका रख-रखाव।
(5) शाक-सब्जी के संरक्षण की जानकारी, बोतल बन्दी तथा डिब्बा बन्दी की जानकारी, उनसे लाभ-हानि।

उन्नीस-फल संरक्षण

उद्देश्य-

(1) फलों के नष्ट होने की प्रक्रिया का छात्रों को बोध कराना।
(2) विभिन्न प्रकार के फलों के संरक्षण का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) टमाटर की सॉस बनाने का अभ्यास।
(2) कोहड़े का केचअप बनाने का अभ्यास।
(3) नींबू या मालटा का स्क्वैश बनाने का अभ्यास।
(4) उपर्युक्त तैयार सामग्रियों के डिब्बा बन्दी की जानकारी।
(5) सावधानियां तथा सुरक्षा के नियमों की जानकारी।

बीस-रेशम तथा टसर का काम

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि रेशम के कीड़ों का पालन कर रेशम का धागा प्राप्त किया जा सकता है।
(2) छात्रों में शहतूत के पौधों का उत्पादन करना, शहतूत के पौधों पर रेशम के कीटों का पालन करना, प्यूपा (कोया) एकत्र कर उनसे रेशम का धागा प्राप्त करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) शहतूत के पेड़ तथा पत्तियों को शत्रु कीटों से बचाना, शहतूत की रक्षा करना।
(2) शहतूत के पौधों को समय-समय से खाद एवं पानी देना।
(3) शहतूत की पत्ती तोड़ने की विधियों की जानकारी, उनका तुलनात्मक अध्ययन तथा अभ्यास।
(4) रेशम कीट की बीमारियों की पहचान तथा उनसे रेशम कीड़ों के बचाव के उपाय करना।

इक्कीस-सुतली तथा टाट-पट्टी का निर्माण

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि सुतली तथा टाट-पट्टी कुटीर उद्योग है जिससे ग्रामीण अर्थ व्यवस्था सुधारने में सहायता मिल सकती है तथा कम पूंजी में इसे प्रारम्भ किया जा सकता है एवं इसके लिये कच्चा माल सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है।
(2) छात्रों में सुतली तथा टाट-पट्टी के निर्माण का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) टाट-पट्टी बुनने की मशीन की जानकारी प्राप्त करना तथा उस पर कार्य करने का अभ्यास करना।
(2) अच्छे किस्म की रस्सी का निर्माण का अभ्यास करना।
(3) सादी तथा रंगीन टाट-पट्टी के निर्माण का अभ्यास करना तथा अच्छी फिनिशिंग का अभ्यास करना।

बाइस-हाथ से कागज बनाना

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि आधुनिक युग में ज्ञान के विकास तथा उसे सुरक्षित रखने में कागज का महान योगदान है।
(2) छात्रों में हाथ से कागज बनाने के कौशल का विकास करना।

पाठ्यक्रम

(1) कागज को सुखाने तथा पालिश करने की विधि की जानकारी तथा उसका अभ्यास।
(2) ग्लेजिंग करना।
(3) स्याही सोख कागज तैयार करना।
(4) बेकार लुग्दी का प्रयोग करना।

तेईस-फोटोग्राफी

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि विगत स्मृतियों को साकार रूप से सुरक्षित रखने के लिये फोटोग्राफी एक सशक्त माध्यम है।
(2) छात्रों को फोटो खींचने, उनका डेवलपमेन्ट करने, प्रिंटिंग तथा इन्लार्जमेन्ट करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) निगेटिव की टचिंग तथा कलर करना।
(2) प्रिंटिंग बाक्स द्वारा कान्टेक्ट प्रिन्ट करना।
(3) इनलाइजर से इन्लार्जमेन्ट बनाना।
(4) इन्लार्जमेन्ट तैयार होने के बाद फोटो को कलर करना और फिनिशिंग करना।
(5) किसी फोटो से इन्लार्जर द्वारा निगेटिव तैयार करना।
(6) रंगीन फोटोग्राफी की जानकारी तथा अभ्यास।

सावधानियां-

(1) प्रिंटिंग डेवलपिंग का कार्य डार्करूम में ही करें।
(2) लाल प्रकाश में ही प्रिंटिंग, डेवलपिंग करें, कार्य समाप्त होने के बाद ही।

चौबीस-रेडियो मरम्मत

उद्देश्य-

(1) छात्रों को रेडियो, ट्रांजिस्टर, टेप रिकार्डर तथा टू-इन-वन के बारे में बोध कराना।
(2) रेडियो तथा ट्रांजिस्टर की असेम्बलिंग एवं रिपेयरिंग का कौशल विकसित करना।
(3) टेप रिकार्डर तथा टू-इन-वन की मरम्मत करने का कौशल विकसित करना।

पाठ्यक्रम

(1) टेप रिकार्डर के दोषों को ढूढ़ने एवं उन्हें सुधारने का अभ्यास।
(2) टू-इन-वन के दोषों को ढूढ़ने तथा उन्हें सुधारने का अभ्यास।
(3) रेडियों तथा ट्रांजिस्टर की असेम्बलिंग का अभ्यास।
(4) बैटरी एलीमिनेटर की जानकारी।
(5) अपेक्षित सावधानियों तथा सुरक्षा के नियमों की जानकारी (विशेषतः विद्युत् आघात से बचने के लिये सही उपायों तथा सुरक्षा नियमों की जानकारी)।

पच्चीस-घड़ी मरम्मत

उद्देश्य-

(1) छात्रों में कम लागत में घड़ियों की मरम्मत तथा रख-रखाव की क्षमता का विकास करना।
(2) मैकेनिकल तथा एलेक्ट्रिकल प्रकार की कलाई घड़ी, टेबुल घड़ी तथा दीवार घड़ी की मरम्मत, सर्विसिंग और संयोजन (असेम्बली) का कौशल विकसित करना।
(3) छोटे-छोटे कल-पुर्जों को लेकर किये जाने वाले कार्यों में बरतने योग्य सावधानियों का अभ्यास करना।

पाठ्यक्रम

(1) विभिन्न प्रकार की घड़ियों को खोलना, सफाई करना, टूटे पुर्जों की मरम्मत करना अथवा उसके स्थान पर उपयुक्त ढंग से नये पुर्जे लगाना तथा टाइप सेटिंग करना, ओवरहॉलिंग करना।
(2) घड़ियों के क्रय-विक्रय में अपेक्षित सावधानियों की जानकारी।
(3) सावधानियां एवं सुरक्षा के नियम।
(4) घड़ी मरम्मत की कार्यशाला के प्रबन्ध सम्बन्धी जानकारी।

छब्बीस-चाक एवं मोमबत्ती बनाना

उद्देश्य-

(1) छात्रों को बोध कराना कि कम लागत की पूंजी में चाक एवं मोमबत्ती का लघु कुटीर उद्योग प्रारम्भ किया जा सकता है जिसकी खपत आस-पास के परिवेश में हो सकती है।
(2) छात्रों में चाक एवं मोमबत्ती बनाने का कौशल विकसित करना।
सं0 590/न0पं0-सिरसी/2020-21 नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल अपनी सीमा के अन्तर्गत लाईसेंस शुल्क नियमावली, 2020, उत्तर प्रदेश म्यूनिसिपैलटीज ऐक्ट, 1916 की धारा 301(1) में यह उपविधियां लागू की जाती है। दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान मीडिया बैन्चर्स लिमिटेड" दिनांक 25 सितम्बर, 2020 एवं "दैनिक आज" दिनांक 24 सितम्बर, 2020 में प्रकाशित कराकर 30 दिन के अन्दर आपत्ति एवं सुझाव मांगे गये थे, निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई। उपनियम गजट की प्रकाशन तिथि से प्रभावी होगा।

लाईसेन्स शुल्क नियमावली, 2020

उप नियमावली

1–यह "उपनियमावली" नगर पंचायत सिरसी, सम्भल लाइसेंसिंग नियंत्रण उपनियमावली कहलायेगी ;

2–"अधिशासी अधिकारी" का तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी सम्भल के अधिशासी अधिकारी से है ;

3–"अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी" का तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी सम्भल के अध्यक्ष/प्रभारी अधिकारी से है ;

4–"लाइसेंसिंग अधिकारी" का तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी सम्भल के अधिशासी अधिकारी से है।

उपनियम

1–यह उपनियम नगर पंचायत सिरसी सम्भल की सीमा के अन्तर्गत लागू होंगे।

2–यह उपनियम लाइसेंसिंग व अन्य शुल्क से सम्बन्धित उपनियम कहलायेंगे।

3–कोई भी व्यवसायी जो रेस्टोरेंट/नर्सिंग होम/पशुपालन तथा अन्य व्यवसाय जिनका उल्लेख नगर विकास अनु0-9, उ0 प्र0 शासन, लखनऊ के शासकीय पत्र संख्या 1847/9-97-23ज/97, दिनांक 9 जून, 1997 के अनुसार संलग्न सूची में अंकित हों व अन्य जो संलग्न है के अन्तर्गत आता हो तथा जिसका उललेख प्रदत्त उपनियमों में आगे लिया जायेगा के लिए लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

4–प्रस्तुत उपनियमों के पूर्व चल रहे ऐसे समस्त व्यवसायों आदि जिनका उल्लेख सूची में किया गया है, के लिए भी नगर पंचायत सिरसी से लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

5–लाइसेंस की अवधि प्रति एक वित्तीय वर्ष अर्थात् 1 अप्रैल से 31 मार्च तक एक वर्ष के लिए होगी।

6–प्रत्येक व्यक्ति/व्यवसायी जिसका उल्लेख सूची में किया गया है, के लिए आवश्यक होगा कि वह लिखित तालिका में निर्धारित की गयी दर से शुल्क की धनराशि नगर पंचायत सिरसी के कार्यालय में जमा कर सकते हैं या पंचायत द्वारा अधिकृत कर्मचारी को अदा करके उसकी रसीद प्राप्त कर लाइसेंस प्राप्त कर सकते हैं।

7–प्रत्येक व्यक्ति/व्यवसायी आदि से शुल्क प्राप्त कर उसके निर्धारित प्रपत्र पर धन की रसीद जारी की जायेगी।

8–केन्द्र या राज्य सरकार या अन्य कोई विधि निहित संस्था के द्वारा पंचायत में उल्लिखित व्यवसायों के नियंत्रण हेतु लाइसेंस से भिन्न होगा।

9–ऐसा कोई व्यक्ति जो किसी छूत की बीमारी से पीड़ित है, उल्लिखित तालिका में वर्णित व्यवसाय नहीं करेगा तथा उक्त व्यवसायों में सहायक अथवा नौकरी भी नहीं करेगा तथा बाल श्रमिक को भी नौकर/सहायक के रूप में नहीं रख सकेगा।

10–नगर पंचायत सिरसी के अधिशासी अधिकारी अथवा नगर पंचायत सिरसी द्वारा अधिकृत अधिकारी/कर्मचारी किसी भी दुकान आदि के लाइसेंस का निरीक्षण कर सकते हैं और प्रत्येक व्यक्ति तथा व्यवसाय जैसी भी स्थिति हो का निरीक्षण कर सकते हैं तथा भवन में प्रवेश करने के लिए अधिकृत होंगे, मानक के अनुरूप न पाये जाने पर लाइसेंस निरस्त एवं रोकने का अधिकार लाइसेंसिंग अधिकारी में निहित होगा।

11–समस्त लाइसेंस अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्गत किये जायेंगे। इन उपनियमों के प्रभावी होते ही पूर्व में प्रभावी समस्त लाइसेंस व तत्सम्बन्धित दरें निरस्त समझी जायेगी और उन पर संशोधित दरें लागू होगी।

12–वाहनों व जानवरों के लाइसेंस न बनवाने अथवा चेकिंग में पकड़े जाने पर नगर पंचायत द्वारा जारी रसीद न दिखाने पर लाइसेंसिंग अधिकारी/अधिकृत कर्मचारी को ऐसे वाहन तथा जानवर अपनी कस्टडी में लेने का अधिकार होगा और यदि कस्टडी में लेने के पन्द्रह दिन के अन्दर निर्धारित किये गये जुर्माने तथा शुल्क को अदाकर लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया तो बाद अवधि एक सप्ताह में नोटिस उपरान्त नगर पंचायत को ऐसे वाहन/जानवर नीलाम करने का अधिकार होगा।

13–प्रत्येक व्यक्ति/व्यवसायी लाइसेंस प्राप्ति के लिए लाइसेंसिं अधिकारी को निर्धारित प्रारूप पर प्रार्थना-पत्र देगा।

14–प्रत्येक लाइसेंसधारी को वित्तीय वर्ष के प्रारम्भ में पन्द्रह अप्रैल तक लाइसेंस का नवीनीकरण कराना आवश्यक होगा। अन्यथा रु0 100.00 विलम्ब शुल्क के साथ लाइसेंस का नवीनीकरण किया जायेगा।

15–परन्तु प्रतिबन्ध यह है कि उक्त नियम 15 के अन्तर्गत प्रदत्त छूट प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 30 अप्रैल तक प्रभावी होगी। जिसके उपरान्त निर्धारित दण्ड वसूला जायेगा।

क्र0सं0	मद का नाम	दर
1	2	3
		रु0
	होटल रेस्टोरेन्ट	
1	होटल लाजिंग हाउस तथा गेस्ट हाउस 10 शय्या तक	5,000.00
2	तीन सितारा होटल	5,000.00
3	पॉच सितारा होटल	12,000.00
	नर्सिंग होम	
4	नर्सिंग होम (20 बेड तक)	5,000.00
5	नर्सिंग होम (20 बेड से ऊपर रु0 50 प्रति बेड)	10,000.00
6	प्रसूति गृह (20 बेड तक)	5,000.00
7	प्रसूति गृह (20 बेड से ऊपर)	10,000.00
8	प्राइवेट अस्पताल	2,000.00
9	पैथोलाजी सेंटर	2,000.00
10	एक्सरे क्लीनिक	1,000.00
11	डेन्टल क्लीनिक	1,000.00
12	प्राइवेट क्लीनिक	1,000.00
	परिवहन	
13	ऑटो रिक्शा 2 सीटर	100.00
14	ऑटो रिक्शा 7 सीटर (टेम्पो)	150.00
15	ऑटो रिक्शा 4 सीटर	100.00
16	मिनी बस	500.00
17	बस	2,500.00
18	तांगा	कर मुक्त
19	रिक्शा किराये पर	75.00
20	रिक्शा (निजी चालित)	कर मुक्त
21	ठेली/ठेला	कर मुक्त
22	हाथ ठेला	कर मुक्त
23	बैलगाड़ी/भैंसा गाड़ी	कर मुक्त
24	ट्राली (ट्रैक्टर)	100.00

1	2	3
		रु0
25	अन्य चार पहिये का वाहन (व्यापारिक प्रयोग हेतु सभी वाहन)	500.00
	अन्य व्यवसाय	
26	धुलाई गृह (लाण्ड्री)	500.00
27	ड्राई क्लीनर	500.00
28	फाइनेंस कम्पनी, चिटफण्ड	5,000.00
29	इंश्योरेंश क0 प्रतिषाखा	5,000.00
30	फाउण्डिंग इंजीनियरिंग इण्डस्ट्रियल	1,200.00
31	पशुवध (स्लाटर हाउस) प्रति पशु	20.00
32	हड्डी खाल गोदाम	2,000.00
33	बार/वियर दुकान	10,000.00
34	आइस फैक्ट्री	1,000.00
35	विल्डर्स/फड़ रेता/बदरपुर/आरा मशीन/चूना भट्टी	2,000.00
36	देशी शराब (प्रति दुकान)	10,000.00
37	विदेशी शराब (प्रति दुकान)	15,000.00
38	भैंस मांस की दुकान	2,000.00
39	बकरा मांस की दुकान	1,000.00
	पशुपालन	
40	प्रति पशु	कर मुक्त
41	कांजी हाउस में बन्द जानवरों पर जुर्माना	50.00
42	प्रतिदिन खुराकी छोटे जानवर (बकरी आदि)	50.00
43	प्रतिदिन खुराकी बड़े जानवर (गाय, भैस, घोड़े आदि)	25.00
44	भवन निर्माण स्वीकृत मानचित्रक	1,000.00
45	स्कूटर, मोटर, साइकिल रिपेयर	500.00
46	स्कूटर, तीन पहिया रिपेरिंग शाप	500.00
47	साइकिल पार्ट्स व साइकिल विक्रेता	500.00
48	साइकिल मरम्मत की दुकान	100.00
49	आटा चक्की, स्पेलर, धान मशीन आदि	500.00
50	गन्ना, कोल्हू, आरा मशीन, धर्मकाटा	500.00
51	पेट्रोलियम	1,000.00
52	दुकान तेल मिट्टी 100 गैलेन तक	500.00
53	दुकान तेल मिट्टी 500 गैलेन तक	500.00
54	पेट्रोल पम्प, डीजल पम्प फुटकर विक्रेता	500.00
55	जनरेटर डीजल प्रति नग	200.00
56	दुकान अन्य पेट्रोल उत्पाद	500.00
57	गोदाम कबाड़/गूदड़ आदि	500.00
58	कोयला भट्टी	100.00
59	जूता बनाने का कारखाना बड़ा	1,000.00
60	जूता बनाने का कारखाना छोटा	500.00
61	लोहा व्यापारी, टिम्बर, सीमेन्ट, टाइल, मारबल, ईटा, बालू, हाडवेयर, सेनेटरी फुटकर	2,000.00
62	बिजली का सामान थोक विक्रेता	1,000.00
63	बिजली का सामान फुटकर विक्रेता	500.00
64	कपड़ा व्यापारी थोक	2,000.00
65	कपड़ा व्यापारी फुटकर	1,000.00
66	बेकरी भट्टी	500.00
67	बेकरी पावर	500.00
68	हेयर कटिंग सैलून छोटा (एक कारीगर)	100.00
69	हेयर कटिंग सैलून छोटा (एक से अधिक कारीगर)	200.00
70	कुकिंग गैस सिलेण्डर फिलिंग फुटकर विक्रेता	200.00
71	जनरल मर्चेन्ट थोक	1,000.00
72	जनरल मर्चेन्ट फुटकर	500.00
73	टेलरिंग हाउस (01 से 05 कर्मचारी)	500.00

1	2	3
		रु0
74	टेलरिंग हाउस (05 से अधिक कर्मचारी)	1,000.00
75	कोयला थोक विक्रेता	1,000.00
76	कोयला फुटकर विक्रेता	500.00
77	पेन्ट की दुकान	500.00
78	ज्वैलर बड़े (पांच लाख से अधिक से टर्नओवर)	2,000.00
79	ज्वैलर बड़े (एक लाख से पॉच लाख तक टर्नओवर)	1,000.00
80	डेयरी फार्म	2,000.00
81	भूसा थोक विक्रेता	1,000.00
82	भूसा फुटकर विक्रेता	500.00
83	वी.डी.ओ. लाइब्रेरी	500.00
84	केबिल टी.बी.	500.00
85	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड़ थोक विक्रेता	1,000.00
86	अनाज, तिलहन, चीनी, गुड़ फुटकर विक्रेता	500.00
87	टेन्ट हाउस बड़ा (एक लाख रुपये से अधिक लागत)	1,000.00
88	टेन्ट हाउस बड़ा (एक लाख रुपये तक लागत)	500.00
89	पान की दुकान खोखा	100.00
90	पान की दुकान पक्की	100.00
91	चाय की दुकान खोखा	100.00
92	मीठा, चाय की दुकान पक्की बड़ी	200.00
93	किताबों के थोक विक्रेता	1,000.00
94	किताबों के फुटकर विक्रेता	500.00
95	लकड़ी के टाल थोक विक्रेता	1,000.00
96	लकड़ी के टाल फुटकर विक्रेता	500.00
97	रेडियो मैकेनिक	500.00
98	टी0वी0इलेक्ट्रानिक की ुदकान	500.00
99	मिठाई की दुकान	500.00
100	सब्जी/फल विक्रेता	100.00
101	मसाले फुटकर विक्रेता	100.00
102	मसाले थोक विक्रेता	500.00
103	फर्नीचर मरम्मत कर्ता	500.00
104	फर्नीचर विक्रेता	1,000.00
105	काकरी फुटकर विक्रेता	200.00
106	काकरी थोक विक्रेता	500.00
107	लाउडस्पीकर किराये पर (पांच सेट तक)	100.00
108	लाउडस्पीकर किराये पर (पांच सेट से अधिक)	200.00
109	खराद मशीन लकड़ी	100.00
110	आभूषण मरम्मतकर्ता	200.00
111	जूता, चप्पल मरम्मतकर्ता	कर मुक्त
112	ट्रान्सफार्मर बिजली (प्रति ट्रान्सफार्मर)	—
113	प्रति पोल विद्युत	0.50
114	सब स्टेशन (प्रति वर्गमीटर)	—
115	प्रिटिंग प्रेस	1,000.00

दण्ड

यू0पी0 म्यूनिसिपैलिटीज ऐक्ट, 1916 की धारा 299 (1) के अन्तर्गत अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह निर्देश दिया जाता है कि इस नियमावली में दिये गये किन्ही उपविधियों की अवहेलना करने पर निर्धारित शुल्क के अतिरिक्त रु0 1,000.00 (एक हजार रुपये) तक अर्थदण्ड दिया जा सकता है और उल्लंघन जारी रहने की दशा में रु0 25.00 (पच्चीस रुपया) प्रतिदिन दण्ड दिया जायेगा जो प्रथम दोष सिद्ध होने के पश्चात् ऐसे प्रत्येक दिन के लिए जिसके बारे में यह सिद्ध हो जाये कि इसने अपराध निरन्तर किया है।

नोट—यह उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से इस विषय से सम्बधित पूर्व में प्रचलित उपविधि निरस्त हो जायेगी। भविष्य में दरों का पुनर्निर्धारण एवं संशोधन के समस्त अधिकार बोर्ड में निहित होंगे।

नूर जहाँ,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।

कार्यालय, नगर पंचायत सिरसी (सम्भल)

21 अगस्त, 2021 ई0

सं0 584/न0पं0-सिरसी/2019–20 नगर पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल अपनी सीमा के अन्तर्गत उ०प्र० नगरपालिका अधिनियम, 1916 की स्वतंत्र धाराओं तथा 298(2) एवं ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन नियम, 2016 द्वारा अधिकारों के अधीन शक्ति का प्रयोग कर नगर पंचायत सिरसी (सम्भल) क्षेत्र में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन व कूड़ा नियंत्रण हेतु उपनियम 2019 लागू करते हैं। दैनिक समाचार पत्र "दैनिक आज" दिनांक 25 दिसम्बर, 2019 में प्रकाशित कराकर आपत्ति एवं सुझाव मांगे गये थे, निर्धारित अवधि 30 दिन में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई। उपनियम गजट की प्रकाशन तिथि से प्रभावी होगा।

ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन व कूड़ा नियंत्रण उपनियम, 2019

1–संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ–

(1) यह उपनियम नगर पंचायत सिरसी ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन व कूड़ा नियंत्रण उपनियम 2019 कहे जायेंगे।

(2) इन उपनियमों का विस्तार नगर पंचायत सिरसी के सम्पूर्ण क्षेत्र में होगा और ऐसी सम्पत्तियां/भवन एवं उनके स्वामियों और अध्यासियों पर भी यह उपनियम लागू होंगे, जो नगर पंचायत सिरसी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली सड़कों की तरफ ऐसे भवनों/सम्पत्तियों के द्वारा हो अथवा हो सकते हैं।

(3) यह उपनियम गजट में प्रकाशन के दिनांक से प्रभावी होगा।

2–संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ–

(1) अधिनियम से तात्पर्य उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है।

(2) नगर पालिका से तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी से है।

(3) सफाई कर्मी/पर्यावरण मित्र से तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी के ऐसे कर्मचारी से है जिस कर्मचारी को एक निर्धारित क्षेत्र में साफ-सफाई रखने/रखवाने का उत्तरदायित्व सौंपा गया हो।

(4) निरीक्षक से तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी के किसी भी ऐसे अधिकारी/कर्मचारी से है, जिसे इस उपनियम के अन्तर्गत क्षेत्र के निरीक्षण का उत्तरदायित्व सौंपा गया हो।

(5) नगर स्वास्थ्य अधिकारी/पर्यावरण अधिकारी से तात्पर्य ऐसे अधिकारी से है, जिसे अधिशासी अधिकारी द्वारा सम्पूर्ण नगर पंचायत सिरसी क्षेत्र अथवा उसके आंशिक क्षेत्र में उक्त पद का उत्तरदायित्व सौंपा गया हो।

(6) सफाई/पर्यावरण शुल्क से तात्पर्य ऐसे उपयोक्ता शुल्क से है, जिसे नगर पंचायत द्वारा सम्पत्ति/भवन स्वामी से प्रतिमाह वसूलने हेतु निर्धारित किया हो।

3–सफाई/पर्यावरण शुल्क–

(1) यह कि सफाई/पर्यावरण शुल्क प्रत्येक सम्पत्ति/भवन स्वामी द्वारा भुगतान किया जाना अनिवार्य होगा।

(2) यह कि सफाई/पर्यावरण शुल्क का भुगतान नगर पंचायत सिरसी कार्यालय में निर्धारित स्थानों अथवा एजेन्सी अथवा बैंक कर सकेंगे, जिन्हें अधिशासी अधिकारी द्वारा अधिकृत किया गया है।

(3) यह कि सफाई/पर्यावरण की व्यवस्था करने एवं शुल्क की वसूली हेतु अधिशासी अधिकारी को नियमानुसार किसी एजेन्सी को नियुक्त करने का अधिकार होगा।

(4) यह कि सफाई/पर्यावरण शुल्क का निर्धारण मासिक तौर पर किया जायेगा और निर्धारित शुल्क को सम्पत्ति/भवन स्वामी एक वित्तीय वर्ष हेतु अग्रिम रूप से भी जमा कर सकता है। एक वर्ष का शुल्क अग्रिम रूप से जमा करने वाले व्यक्ति को 20 प्रतिशत की छूट दी जायेगी।

(5) यह कि सफाई/पर्यावरण शुल्क का भुगतान मासिक तौर पर किए जाने पर कोई छूट देय नहीं होगी।

4–नगर पंचायत के कर्तव्य–

(1) यह कि नगर पंचायत को प्रत्येक मोहल्ले अथवा वार्ड में सफाई कर्मचारी/पर्यावरण मित्र/सुपरवाईजर/निरीक्षक के नाम, मोबाईल नम्बर के सूचना पट पर लिखने अनिवार्य होंगे।

(2) यह कि सूचना पट पर यह सूचना भी अंकित होगी कि सम्बन्धित वार्ड में कितने डस्टबिन जैविक तथा अजैविक ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु उपलब्ध है। नगर पंचायत को निर्धारित स्थानों पर दो तरह के डस्टबिन उपलब्ध कराने होंगे एक जैविक ठोस अपशिष्ट हेतु और दूसरा अजैविक ठोस अपशिष्ट के निस्तारण हेतु और जैविक ठोस अपशिष्ट के डस्टबिन का निस्तारण प्रतिदिन करना होगा।

(3) यह कि सूचना पट पर सूचना भी अंकित करनी होगी कि सम्बन्धित वार्ड में डस्टबिन का उठाने का अनुमानित समय क्या-क्या है।

(4) यह कि सूचना पट पर यह सूचना भी अंकित करनी होगी कि सम्बन्धित वार्ड में डस्टबिन के ठोस अपशिष्ट को निस्तारण हेतु कौन-कौन से वाहन उपलब्ध हैं। वाहनों के नम्बर क्या है और वाहन चालक के नाम व मोबाईल नम्बर क्या है।

(5) यह कि प्रत्येक वार्ड में सफाई नायक/निरीक्षक की उपलब्ध का स्थान व समय क्या है।

5–सफाई/पर्यावरण के सम्बन्ध में नागरिकों के कर्तव्य–

(1) यह कि प्रत्येक आवासीय सम्पत्ति/भवन के स्वामी/अध्यासी का यह कर्तव्य होगा कि वह अपने आवास से निर्गत होने वाले ठोस अपशिष्ट (कूड़ा) की जैविक अथवा अजैविक को अलग-अलग बैग में भरकर प्रतिदिन नगर

पालिका द्वारा वार्ड/मोहल्ले में उपलब्ध कराये गये जैविक/अजैविक डस्टबिन में ही निस्तारित करें अथवा करवायें। यदि कोई सम्पत्ति/भवन स्वामी/अध्यासी अपने घर से निर्गत होने वाले ठोस अपशिष्ट का निस्तारण उक्त रीति से नहीं करता है तो वह निर्धारित दण्ड के योग्य माना जायेगा।

(2) यह कि यदि किसी सम्पत्ति/भवन के स्वामी/अध्यासी के द्वारा अपने आवास के सामने ठोस अपशिष्ट एकत्रित करता है अथवा उसके निस्तारण हेतु डस्टबिन का प्रयोग नहीं करता है तो उस पर भी निर्धारित जुर्माना आरोपित किया जायेगा।

(3) यह कि कोई भी व्यक्ति नाले/नाली में पॉलीथीन अथवा ठोस अपशिष्ट/गंदगी/गोबर आदि का निस्तारण करते हुए पाया गया, तो ऐसे व्यक्ति भी निर्धारित दण्ड के योग्य माने जायेंगे।

(4) यह कि कोई भी व्यक्ति/संस्था/फर्म/व्यवसायी नाली/नाले को अवरुद्ध नहीं करेगा और न ही नाले/नाली को इस तरह से ढकेगा कि जिससे उक्त नाले/नाली की सफाई करना दुष्कर हो जायें। ऐसा करने वाले व्यक्ति/फर्म/संस्था/व्यवसायी भी निर्धारित दण्ड के योग्य होंगे।

(5) यह कि कोई भी नागरिक निर्धारित मानक की पॉलीथीन अथवा अन्य प्रकार के बैग में ठोस अपशिष्ट (कूड़ा कचरा) का संकलन कर डस्टबिन में निस्तारण करेगा। इस संबंध में पॉलीथीन अथवा अन्य प्रकार के बैग का स्टैण्डर्ड मानक अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जायेगा। यदि कोई नागरिक निर्धारित मानक से कम की पॉलीथीन में ठोस अपशिष्ट का निस्तारण करता है, तो ऐसे व्यक्ति को अंकन रु0 5,000.00 निर्धारित दण्ड से आरोपित किया जायेगा।

(6) यह कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह अपने घर के सामने गंदगी नहीं फैलाऐगा और यदि कोई गंदगी है, तो उसे अविलम्ब एकत्र कर बैग में भरकर रखेगा और उसका निस्तारण निर्धारित कूड़ेदान में करेगा।

(7) यह कि प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य होगा कि वह ऐसे व्यक्तियों को पूर्ण जानकारी नगर पंचायत के सक्षम अधिकारी को व्हाट्स एप, ई-मेल या किसी अन्य इलैक्ट्रॉनिक माध्यम से अथवा साक्ष्यों सहित लिखित रूप में उपलब्ध करायेगा, जो व्यक्ति निर्धारित स्थानों के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर कूड़ा डालते हैं, ताकि ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जा सके।

6–व्यवसायिक संस्थाओं (फर्म/होटल/रेस्टोरेंट/आवास कल्याण/बाजार संघ एवं प्राईवेट कालोनाईजर) के कर्तव्य–

(1) यह कि उपरोक्त व्यवसायिक संस्थाएं जैव अवक्रमणीय अपशिष्ट का परिसर के अंदर कम्पोस्टिंग करते हुए निपटारा करेंगे तथा शेष अपशिष्ट नगर पंचायत द्वारा उपलब्ध कराये गये ठोस अपशिष्ट वाहन में निर्धारित समय के अंदर ठोस अपशिष्ट का निस्तारण करायेंगे।

(2) यह कि उपरोक्त व्यवसायिक संस्थाओं को सड़क, नाले/नाली में ठोस अपशिष्ट का निस्तारण करने पर निर्धारित दण्ड अंकन रु0 10,000.00 (दस हजार रु०) का भुगतान करना होगा।

(3) यह कि कोई भी व्यवसायी अपनी दुकान/संस्थान पर निर्धारित मानक की पॉलीथीन में ठोस अपशिष्ट (कूड़ा कचरा) का संकलन कर निस्तारण करेगा। इस संबंध में पॉलीथीन का मानक अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित किया जायेगा। यदि कोई व्यवसायी निर्धारित मानक से कम की पॉलीथीन में ठोस अपशिष्ट का निस्तारण करता है, तो ऐसे व्यक्ति/फर्म/कम्पनी को अंकन रु0 10,000.00 (दस हजार रुपये) निर्धारित दण्ड से आरोपित किया जा सकेगा।

7–सफाई/पर्यावरण शुल्क की वसूली–

(1) यह कि उक्त सफाई/पर्यावरण उपयोक्ता शुल्क को समय से नगर पंचायत कोष अथवा अधिशासी अधिकारी द्वारा निर्धारित एजेन्सी अथवा बैंक में जमा करना प्रत्येक सम्पत्ति/भवन स्वामी/अध्यासी का कर्तव्य है। यदि किसी सम्पत्ति/भवन स्वामी की बकाया है तो नगर पंचायत ऐसे व्यक्ति को नोटिस जारी कर उक्त धनराशि 15 दिन के अंदर जमा कराने के लिए कहेगा और ऐसे नोटिस की प्राप्ति 15 दिन के अंदर यदि भवन स्वामी/अध्यासी शुल्क की अदायगी नहीं करता है, तो नगर पालिका ऐसी समस्त बकाया धनराशि को बकाया भू-राजस्व की भांति वसूल कर सकेगा।

8–बकाया भू-राजस्व की भांति वसूली–

(1) यह कि बकाया भू-राजस्व की भांति वसूली नगर पंचायत भी कर सकेगा जबकि नगर पंचायत द्वारा ऐसे बकायेदार को 15 दिन का नोटिस दिया गया हो और उस नोटिस की प्राप्ति ऐसे भवन स्वामी/अध्यासी पर हो।

(2) यह कि स्पीड पोस्ट/रजिस्टर्ड डाक से सम्पत्ति/भवन स्वामी/अध्यासी के पते पर नगर पंचायत द्वारा 15 दिन का नोटिस भेजा गया है और यह बिना प्राप्ति के ही नगर पंचायत को वापस प्राप्त हुआ है तो यह समझा जायेगा कि उक्त नोटिस सम्पत्ति/भवन/स्वामी/अध्यासी पर तामील हो चुका है।

9–उप नियमों का क्रियान्वयन–

(1) यह कि उक्त उपविधियों का क्रियान्वयन कराने का उत्तरदायित्व सभी नागरिकों, व्यवसायियों, नगर पंचायत के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों, नगर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों सहित ऐसे सभी व्यक्तियों का है, जो नगर पंचायत की सीमान्तर्गत सामान्यतः निवास करते हैं।

(2) यह कि नगर पंचायत द्वारा इन उपविधियों का अनुपालन कराने हेतु एक दण्डाधिकारी नियुक्त किया जायेगा जो प्राप्त शिकायतों का परीक्षण कर नियमानुसार दण्ड का निर्धारण करेगा।

10–शुल्क की दरें निम्नवत् हैं–

उपभोक्ता शुल्क अनुसूची निम्न श्रेणी के वास्तविक स्वामी या अध्यासियों से प्राप्त किया जायेगा तथा आवासीय भवनों में प्रत्येक परिवार जो अपना कूड़ा संग्रहकर्ता को अलग-अलग देते हों, से अलग-अलग लिया जायेगा।

क्र० सं०	श्रेणी	उपभोक्ता शुल्क
1	2	3
		रु0
1	**अ**–पक्का भवन जिसका क्षेत्रफल 500 वर्गफीट से अधिक हो	50.00
	ब–पक्का भवन जिसका क्षेत्रफल 500 वर्गफीट से कम हो	30.00
	स–बी०पी०एल० कार्ड धारक परिवारों हेतु	20.00
	द–कच्चे भवनों व अंत्योदय कार्ड धारक परिवारों हेतु	10.00
2	**अ**–जिसमें दुकान हो (600 वर्गफीट से अधिक) भवन के लिए	100.00
	ब–जिसमें दुकान हो (500 वर्गफीट से अधिक) भवन के लिए	50.00
3	पान/चाय/खोखा/ठेले, सब्जी, फल आदि	50.00
4	रेस्टोरेंट (50 वर्गमीटर तक)	500.00
5	रेस्टोरेंट (50 वर्गमीटर से अधिक)	1,000.00
6	होटल 30 कमरे तक	1,000.00
7	होटल 30 कमरे से अधिक	1,000.00
	होटल तीन सितारा व इससे ऊपर	2,000.00
8	लॉज 30 कमरे तक	200.00
	लॉज 30 कमरों से अधिक	400.00
	धर्मशाला 30 कमरे तक	100.00
	धर्मशाला 30 कमरों से अधिक	200.00
9	बैंक	200.00
10	सिनेमा हॉल	200.00
11	स्कूल जिसमें 500 विद्यार्थी से कम हो	250.00
	स्कूल जिसमें 500 विद्यार्थी से अधिक हो	500.00
12	मॉल	6,000.00
13	बड़े दुकान (जो 10 वर्गमीटर या अधिक क्षेत्रफल) अ– मुख्य मार्ग	100.00
	ब– उपमार्ग	70.00
14	मध्यम दुकान (जो 10 वर्गमीटर या अधिक क्षेत्रफल) अ– मुख्य मार्ग	70.00
	ब– उपमार्ग	40.00
15	नर्सिंग होम	1,000.00
16	क्लीनिक	500.00
17	अस्पताल 20 शैय्या से कम (मेडिकल वेस्ट के अतिरिक्त)	1,000.00
	अस्पताल 20 शैय्या से अधिक (मेडिकल वेस्ट के अतिरिक्त)	2,000.00
18	विवाह मण्डप/मैरेज हाल	2,000.00
19	छात्रावास 20 कमरों से कम	250.00
	छात्रावास 20 कमरे या उससे अधिक	500.00
20	उच्च शिक्षण संस्थान व विश्वविद्यालय	3,000.00
21	कोचिंग इंस्टीट्यूट 200 से कम विद्यार्थी	250.00
	कोचिंग इंस्टीट्यूट 200 या उससे अधिक विद्यार्थी	1,000.00
22	वर्कशॉप/फैक्ट्री 50 किलो वॉट तक	500.00
	वर्कशॉप/फैक्ट्री 50 किलो वॉट से अधिक	1,000.00

अधिशासी अधिकारी को प्रत्येक 02 वर्षों के उपरान्त इन दरों में अधिकतम 10 प्रतिशत वृद्धि का अधिकार होगा।

दण्ड

नगरपालिका अधिनियम की धारा 298 के अधीन शक्ति का प्रयोग करते हुए अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत सिरसी एतद्द्वारा यह निर्देश देते हैं कि उपविधि के किसी भी प्राविधान का उल्लंघन करने पर रु0 500.00 से रु0 10,000.00 का दण्ड दिया जा सकता है।

नोट–यह उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से इस विषय से सम्बधित पूर्व में प्रचलित उपविधि निरस्त हो जायेगी। भविष्य में दरों का पुनर्निर्धारण एवं संशोधन के समस्त अधिकार बोर्ड में निहित होंगे।

नूर जहाँ,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।

कार्यालय, नगर पंचायत सिरसी (सम्भल)

21 अगस्त, 2021 ई0

सं0 583/न0पं0-सिरसी/2019-20 नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल अपनी सीमा के अन्तर्गत जारी ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं कूड़ा नियंत्रण उपनियम, 2019 एवं शहरी विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जून, 2019 में ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन एवं कूड़ा नियंत्रण सम्बन्धी निर्गत ड्राफ्ट के अनुसार किए गए अर्थदण्ड के प्राविधानों को लागू किया जाता है।

नियमावली के उपनियम 5 व 6 कूड़े का पृथक्कीकरण, एकत्रीकरण, संवहीकरण, निस्तारण का उल्लंघन करने पर अर्थदण्ड निर्धारित है। यदि कोई मौके पर अर्थदण्ड नहीं देता है, तो 133 सीआरपीसी में चालान किया जायेगा। दैनिक समाचार पत्र "शाह टाईम्स" दिनांक 25 दिसम्बर, 2019 में प्रकाशित कराकर आपत्ति एवं सुझाव मांगे गये थे, निर्धारित अवधि 30 दिन में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई। उपनियम गजट की प्रकाशन तिथि से प्रभावी होगा।

स्पॉट फाईन उपनियम, 2019

क्र० सं०	नियमावली का उपनियम सं०	विवरण	दण्ड की राशि	सक्षम प्राधिकारी
1	2	3	4	5
			रु0	
1	5.1	गीले/सूखे कूड़े को अलग-अलग डिब्बे में न रखने पर	100.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक
2	5.1	जैविक व अजैविक का पृथक्कीकरण न करने पर	100.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक
3	5.2	आवास के सामने सड़क पर किसी भी तरह का कूड़ा/कटा पेड़, भवन सामग्री एकत्रित करने पर	1,500.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक
4	5.2	सड़क पर लैट्रिन/पेशाब करने पर	200.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक
5	5.2	सड़क/गली में कुत्तों/पशुओं के लैट्रिन करने पर	500.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नाक
6	5.2	पशुओं को सड़क पर आवारा छोड़ने पर	1,000.00 प्रति पशु	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक
7	5.2	सड़क पर थूकने/स्नान करने पर	100.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक
8	5.3	नाली/नाले में गंदगी फैलाने व कूड़ा डालने पर/लैट्रिन बहाने पर	10,000.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक
9	5.3	नदी नाले में सैप्टिक टैंक क्लीनर मशीनों द्वारा एकत्रित सीवेज डालने पर	50,000.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक
10	5.5	मानक रहित पॉलीथीन में कूड़ा रखने पर	5,000.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक
11	6.1	व्यावसायिक संस्था द्वारा अपशिष्ट का पृथक्कीकरण न करने पर	1,000.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक
12	6.1	व्यावसायिक संस्था या खाद्य पदार्थों/मांस/शराब के विक्रेताओं द्वारा दुकान के सामने सड़क पर किसी भी तरह का कूड़ा डालने पर	500.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक
13	6.2	व्यावसायिक संस्था द्वारा नाला/नदी/नाली/सड़क पर किसी भी तरह का अधिक कूड़ा डालने पर/गंदगी/कूड़ा जलाने पर	10000.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक

1	2	3	4	5
			रु0	
14	6.3	व्यावसायिक संस्था द्वारा मानक पॉलीथीन के अंदर कूड़ा न रखने पर/गैर मानक पॉलीथीन में कूड़ा रखने पर	10,000.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक
15	6.3	प्राईवेट आयोजकों द्वारा आयोजन उपरान्त सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा फैलाने/गंदगी फैलाने पर सफाई व्यय	1,000.00	अधिशासी अधिकारी/सफाई निरीक्षक/सफाई नायक

नोट—यह उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से इस विषय से सम्बधित पूर्व में प्रचलित उपविधि निरस्त हो जायेगी। भविष्य में दरों का पुनर्निर्धारण एवं संशोधन के समस्त अधिकार बोर्ड में निहित होंगे।

नूर जहाँ,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।

कार्यालय, नगर पंचायत सिरसी (सम्भल)

21 अगस्त, 2021 ई0

सं0 565/1/न0पं0-सिरसी/2021-22 दिनांक 26 अप्रैल, 2021 नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल अपनी आय व आर्थिक हितों को दृष्टिगत रखते हुए अपनी सीमान्तर्गत होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर, विज्ञापन सूचना आदि पर शुल्क लिये जाने व विज्ञापनों, वाणिज्य नियन्त्रण एंव लाईसेन्स शुल्क को विनियमित एंव नियंत्रित करने के उददेश्य से नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 298 (2) सूची के ई वी के अर्न्तगत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए विज्ञापनों, वाणिज्य नियन्त्रण एंव लाईसेन्स शुल्क सम्भरण उपविधियॉ बनायी गयी हैं। दैनिक समाचार-पत्र "दैनिक आज" दिनांक 27 अप्रैल, 2021 में प्रकाशित कराकर आपत्ति एवं सुझाव मांगे गये थे, निर्धारित अवधि 30 दिन में कोई आपत्ति प्राप्त नही हुई। उपनियम गजट की प्रकाशन तिथि से प्रभावी होगा।

विज्ञापन शुल्क उपविधि, 2021

1—संक्षिप्त नाम प्रसार और प्रारम्भ

(क) यह उपविधि विज्ञापन शुल्क उपविधि नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल के नाम से जानी जायेगी जो सरकारी गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगी ।

2—अर्थ—

विज्ञापन पट शुल्क उपविधि के तहत यदि कोई व्यक्ति नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल की सीमा के अन्दर किसी भी स्थान अथवा भवन पर विज्ञापन पत्र, पोस्टर सूचना एवं कपड़े के बैनर फ्लैक्सी व होर्डिंग आदि लगाता है तो उस व्यक्ति से इस नियमावली में उल्लेखित दरों के आधार पर आगणन कर विज्ञापन शुल्क लिया जायेगा।

3—परिभाषाएं—

(1) नगर पंचायत से तात्पर्य पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल से है।

(2) अधिनियम से तात्पर्य नगर पालिका अधिनियम, 1916 से है।

(3) अधिशासी अधिकारी से तात्पर्य अधिशासी अधिकारी, पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल से है।

(4) अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड से तात्पर्य पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल के अध्यक्ष/प्रशासक/बोर्ड से है।

(5) सीमा से तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल की सीमा से है।

(6) अवर अभियंता सिविल/जल व कर अधीक्षक का तात्पर्य पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल के अवर अभियंता सिविल/जल तथा कर अधीक्षक से है।

(7) भवन स्वामी का तात्पर्य नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल की सीमा में भवन के अधिकृत स्वामी से है व अध्यासी का तात्पर्य भवन मे तत्समय अध्यासन (रहने) से है।

(8) विज्ञापन का तात्पर्य ऐसे विज्ञापन पट, यूनिपोल, पत्रक सूचना पोस्टर, कपड़े के बैनर, कागज के छोटे पोस्टर, चिपकाने वाले फ्लैक्सी या साइन बोर्ड या अन्य किसी ऐसी वस्तु से है जो विज्ञापन के लिये प्रयुक्त की गयी हो जिसमें स्टेन्सिल के छपे लिखे रंगीन तथा वे तस्वीरे रेखाचित्र सम्मिलित हैं जो इसमें बनाये गये हैं।

(9) भवन का तात्पर्य घर, झोपड़ी अथवा छप्पर या अन्य छतदार निर्मित चाहे वह किसी भी निमित्त बनाई गयी हो तथा उसके प्रत्येक भाग जिसमें बाहरी दीवार घर या भवन के किसी भाग से है जिसमें तम्बू या इस प्रकार का छोटा अस्थाई शरणगाह सम्मिलित नहीं है।

(10) व्यक्ति में वे सम्मिलित हैं जो विज्ञापन कार्य के लिये नियुक्त किया गया तथा फर्म या कम्पनी का मालिक स्वामी प्रतिनिधि साझीदार या प्रबन्धक आदि उसके लिये विज्ञापन प्रदर्शित किया गया हो।

(11) अधिशासी अधिकारी या कर अधीक्षक या लाईसेन्स लिपिक या अन्य किसी अधिकृत कर्मचारी के अधीक्षण में अभिलेख का रख-रखाव कराएंगे तथा स्वयं या अपने अधिकृत अधिकारी अन्य द्वारा अनुज्ञा पत्र जारी कराएंगे।

(12) कोई भी व्यय नगर पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल की सीमा के अंदर किसी स्थान या भवन या वाहन पर कोई विज्ञापन जिसका उल्लेख उपनियम एक में किया गया है प्रदर्शित करने या जनता का ध्यान आकर्षित करने के लिये बिना अधिशासी अधिकारी से पूर्व स्वीकृति प्राप्त किए न तो लगाएगा न लगवाने का अधिकार होगा।

(13) नगर पंचायत सिरसी जनपद सम्भल की सीमा के अंदर किसी स्थान के उपयोग की आज्ञा प्राप्त करने के लिए आवेदन-पत्र निश्चित स्थान के लिए दो स्पष्ट मानचित्र प्रदर्शित की जाने वाली सामग्री या बनाई जाने वाली सामग्री या बनाई जाने वाली तस्वीरों की दो प्रति विज्ञापन का आकार तथा जितने समय के लिए मांगी गयी है उसके उल्लेख के साथ अधिशासी अधिकारी को प्रस्तुत की जानी चाहिए या उसके विषय भाषा स्थान की उपयुक्तता आदि को देखते हुए अशिष्टता उत्तेजना नैतिक दृष्टिकोण से विन्तप्ति के आपत्तिजनक चरित्र की जांच करने के पश्चात लिखित रूप से आख्या प्रदान करेंगे। स्वीकृति प्राप्त ऐसे प्रत्येक पत्रक सूचना पोस्टर कपड़े के बैनर, कागज के छोटे पोस्टर आदि को किसी कारणवश हटाने हेतु पालिका द्वारा लिखित रूप में सूचित किया जाएगा।

(14) अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह अपने स्वीकृत आज्ञा को आपात स्थिति में या जनहित में रद्द कर दें या रोक दे तो ऐसी स्थिति में शुल्क को यथोचित भाग उसके द्वारा वापस किया जाएगा।

(15) नगर पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल सीमा के अंदर अनाधिकृत विज्ञापन जमा होने पर अधिशासी अधिकारी को यह अधिकार होगा कि वह उस व्यक्ति के मूल्य जोखिम और खर्चे पर हटा दे और इस प्रकार किया गया व्यय अधिनियम के अध्याय 9 के अंतर्गत उस व्यक्ति या फर्म से वसूल कर लें जिसके लिए या जिनका विज्ञापन लगवाया गया था। यदि विज्ञापन हटाये जाने की तिथि से एक माह के अंदर न हटाया जाये तो अधिशासी अधिकारी संबधित लोगों को इसके लिये सात दिन की सूचना देकर ऐसे विज्ञापनों के बोर्ड आदि को नीलाम कर सकता है जिसका पैसा पालिका का होगा।

(16) साइन बोर्ड का आकार 08 वर्गमीटर से बड़ा नही होगा।

(17) कपड़े या बैनर की चौड़ाई 1/2 मीटर से अधिक नही होगी और वह सड़क के धरातल से 05 मीटर की उंचाई से कम पर प्रदर्शित नही किया जा सकेगा।

(18) [क] नगर पंचायत अपनी सुविधानुसार विज्ञापन शुल्क लिये जाने हेतु वित्तीय वर्ष अनुसार ठेका भी उठा सकती है। ठेकेदार/फर्म को विज्ञापन शुल्क लिये जाने हेतु विज्ञापन शुल्क उपविधि व शासन के द्वारा जारी किये गये शासनादेशो का पालन करना अनिवार्य होगा। विज्ञापन शुल्क लेकर ठेकेदार/फर्म को उपविधि अनुसार रसीद जारी करना अनिवार्य होगा। उपविधि का उल्लंघन करने पर ठेकेदार/फर्म को दिया गया ठेका नगर पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल द्वारा निरस्त कर दिया जाऐगा।

[ख] इस उपविधि के अंतर्गत जो दरें निर्धारित की जायेंगी उन दरों को लागू करने के प्रत्येक पाँच वर्ष बाद दरों में पच्चीस प्रतिशत की वृद्धि स्वतः हो जायेगी दरों की वृद्धि के लिये अलग से कोई अधिसूचना जारी करने की आवश्यकता नही होगी।

(19) इस उपविधि के अंतर्गत प्रत्येक आज्ञा के स्वीकार किए जाने पर निम्नलिखित दर से विज्ञापन शुल्क अग्रिम जमा करना अनिवार्य होगा – फ्लैक्सी/बैनर/पेन्ट द्वारा किये गये विज्ञापन पर मासिक शुल्क रु0 300.00 प्रति वर्ग फुट, की दर से देय होगा। दो/तीन पहिया वाहन द्वारा प्रचार का शुल्क प्रतिदिन 50.00, चार पहिया वाहन द्वारा प्रचार का शुल्क प्रतिदिन रु0 100.00 व कागज के छोटे पोस्टर चिपकाने वाले प्रति सैकड़ा का शुल्क रु0 25.00 की दर से देय होगा।

(20) उपरोक्त विनियम 19 के अंतर्गत निर्धारित शुल्क निम्नलिखित पर देय नही होगा–

(क) ऐसे विज्ञापन जो सरकारी अर्द्ध/सरकारी संस्थाओं के कार्यों हेतु प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कार्यवाहियां लगाई जांए।

(ख) धार्मिक, सामाजिक एंव राजनैतिक संबधी उपरोक्त विषय में शर्त यह है कि इनके संबध में पूर्व सूचना अधिशासी अधिकारी को देनी होगी।

शास्ति

उत्तर प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1916 की धारा 299 की उपधारा 1 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग करके नगर पंचायत सिरसी, जनपद सम्भल निर्देश देती है कि इस उपविधि का उल्लंघन करने की स्थिति में रु0 500.00 जुर्माना हो सकता है और यदि उल्लंघन बराबर होता है तो रु0 15.00 प्रतिदिन जुर्माना देना होगा जब तक दोष करता हुआ हो।

निरसन

यह उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से इस विषय से संबधित पूर्व में प्रचलित उपविधि निरस्त हो जायेगी एंव अधिशासी अधिकारी शुल्को में वृद्धि कर सकते हैं जिसके लिए पृथक से गजट की आवश्यकता नहीं होगी।

नोट–यह उपविधि के प्रभावी होने की तिथि से इस विषय से सम्बधित पूर्व में प्रचलित उपविधि निरस्त हो जायेगी। भविष्य में दरों का पुनर्निर्धारण एवं संशोधन के समस्त अधिकार बोर्ड में निहित होंगे।

अतः उपरोक्त गजट लागू किया जाता है।

नूर जहाँ,
अध्यक्ष,
नगर पंचायत सिरसी, सम्भल।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स श्री ज्ञान कोल्ड स्टोरेज, उझानी, जिला बदायूं, उ0प्र0, पिनकोड-243639 (पंजीकरण संख्या B-13554) फर्म में कुल 4 साझेदार श्री सतीश चन्द्र गुप्ता, श्रीमती मुन्नी देवी गुप्ता, श्रीमती उर्मिला गुप्ता ऐलियास कश्मीरी एवं श्री समर गुप्ता थे, साझेदारों की रजामंदी से दिनांक 22 जुलाई, 2021 को फर्म में एक नया साझेदार श्रीमती निधि गुप्ता को शामिल किया है, एक साझेदार श्रीमती मुन्नी देवी गुप्ता ने अपनी स्वेच्छा से दिनांक 22 जुलाई, 2021 को अवकाश ग्रहण करके फर्म से अलग हो गयी एवं एक साझेदार श्री सतीश चन्द्र गुप्ता की मृत्यु दिनांक 07 मई, 2021 को हो गयी। अवकाश ग्रहण साझेदार का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है। साझेदार का फर्म/साझेदारों पर या फर्म का साझेदार पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म में कुल 3 साझेदार श्री समर गुप्ता, श्रीमती उर्मिला गुप्ता ऐलियास कश्मीरी एवं श्रीमती निधि गुप्ता हैं। फर्म में एवं साझेदारों में कोई विवाद नहीं है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर ली गयी हैं।

समर गुप्ता,
साझेदार,
मेसर्स श्री ज्ञान कोल्ड स्टोरेज, उझानी,
जिला बदायूं, उ0प्र0, पिनकोड-243639।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स शारान्या एण्टरप्राईजेज, ए-216, सेक्टर-43, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0) 201301 की साझीदारी में श्री सजग गोयल, श्री संजीव गोयल, श्रीमती राजरानी गोयल एवं श्री अरविन्द मित्तल साझीदार थे। फर्म की साझीदारी में दिनांक 26 सितम्बर, 2020 को श्री राजीव गोयल सम्मिलित हुये हैं तथा श्री अरविन्द मित्तल फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हो गये हैं तथा श्रीमती राजरानी गोयल जी का स्वर्गवास होने के कारण फर्म की संशोधित साझीदारीनामा के अनुसार वर्तमान में श्री सजग गोयल, श्री संजीव गोयल एवं श्री राजीव गोयल साझीदार हैं। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।

सजग गोयल,
साझीदार,
मेसर्स शारान्या एण्टरप्राईजेज,
ए-216, सेक्टर-43, नोएडा,
जिला गौतमबुद्धनगर (उ0प्र0)-201301।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स राजेश्वरी देवी कोल्ड स्टोरेज, ग्राम सालागांव, अनूपशहर, जिला बुलन्दशहर-203390 की साझीदारी में श्री सुमित कुमार वार्ष्णेय, श्री राजेश कुमार, श्रीमती मीनू, श्रीमती अर्चना एवं श्रीमती नूतन साझीदार थे। दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को श्रीमती नूतन फर्म की साझीदारी से अपना-अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हो गये। वर्तमान में फर्म की साझीदारी में श्री सुमित कुमार वार्ष्णेय, श्री राजेश कुमार, श्रीमती मीनू एवं श्रीमती अर्चना साझीदार हैं। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।

सुमित कुमार वार्ष्णेय,
साझीदार,
मेसर्स राजेश्वरी देवी कोल्ड स्टोरेज,
ग्राम सालागांव, अनूपशहर,
जिला बुलन्दशहर-203390।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित करना है मेसर्स एफडीएस त्यागी फैब्रीकेटर्स, बी-84, सेक्टर-10, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर-201301 की साझीदारी में मौ0 सलीम, मौ0 नदीम एवं मौ0 फहीम साझीदार थे। दिनांक 24 अगस्त, 2021 को मौ0 फहीम फर्म की साझीदारी से अपना हिसाब-किताब ले-देकर अलग हो गये हैं। वर्तमान में मौ0 सलीम एवं मौ0 नदीम साझीदार हैं तथा दिनांक 24 अगस्त, 2021 की संशोधित डीड के अनुसार मौ0 सलीम एवं मौ0 नदीम का निवास स्थल "बी-84, सेक्टर-10, नोएडा, जिला गौतमबुद्धनगर" कर दिया गया

है। यह घोषणा करता हूं कि एतद्द्वारा यह प्रमाणित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं।

मौ0 सलीम,
साझीदार,
मेसर्स एफडीएस त्यागी फैब्रीकेटर्स,
बी-84, सेक्टर-10, नोएडा,
जिला गौतमबुद्धनगर-201301।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम हर्षित शुक्ल पुत्र श्री आशुतोष शुक्ल था। वर्तमान में मेरे समस्त शैक्षिक एवं राजकीय अभिलेखों में मेरा नाम शाश्वत शुक्ल पुत्र आशुतोष शुक्ल दर्ज है। मुझे इसी नाम (शाश्वत शुक्ल) से जाना-पहचाना जाय।

शाश्वत शुक्ल,
पुत्र आशुतोष शुक्ल, नि0 99/1,
पल्टन बाजार, प्रतापगढ़।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राम प्रकाश निरंजन साझेदार फर्म मेसर्स मुस्कान इण्टरप्राइजेज म0नं0 1927 गोदू कम्पाउण्ड सिविल लाइन झांसी, उ0प्र0 फर्म के अधिकृत अभिकर्ता के रूप में फर्म उपरोक्त के गठन परिवर्तन के सन्दर्भ में निम्न सूचना दे रहा हूं कि–

श्री अभय प्रताप पुत्र श्री फूल सिंह आयु लगभग 40 वर्ष निवासी 147 ग्राम रबा, पोस्ट भेड, जिला जालौन, उ0प्र0 एवं श्रीमती प्रज्ञा निरंजन पत्नी श्री अमित प्रकाश निरंजन आयु लगभग 33 वर्ष, निवासी 724 गोदू कम्पाउन्ड सिविल लाइन झांसी, उ0प्र0, दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को फर्म की साझीदारी में शामिल हो गयी हैं तथा श्री भगवान सिंह पुत्र स्व0 जय नारायण सिंह आयु लगभग 49 वर्ष, निवासी नालगंज अत्रि गार्डेन के सामने सीपरी बाजार, जिला झांसी, उ0प्र0, दिनांक 01 अप्रैल, 2021 से फर्म की साझेदारी से निवृत्त हो गये हैं अब वर्तमान में फर्म वर्तमान साझेदारों का विवरण निम्नवत् है–

1–श्री राम प्रकाश निरंजन पुत्र स्व0 द्वारिका प्रसाद निरंजन आयु लगभग 63 वर्ष, निवासी 724 गोदू कम्पाण्ड सिविल लाइन, झांसी, उ0प्र0।

2–श्री अभय प्रताप पुत्र श्री फूल सिंह आयु लगभग 40 वर्ष, निवासी 147 ग्राम रवा, पोस्ट भेड, जिला जालौन, उ0प्र0।

3–श्रीमती प्रज्ञा निरंजन पत्नी श्री अमित प्रकाश निरंजन आयु लगभग 33 वर्ष, निवासी 724 गोदू कम्पाण्ड सिविल लाइन्स झांसी, उ0प्र0।

राम प्रकाश निरंजन,
साझेदार ,
फर्म मेसर्स मुस्कान इण्टरप्राइजेज,
म0नं0 1927 गोदू कम्पाउण्ड सिविल
लाइन, झांसी उ0प्र0।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पंजीकृत फर्म मेसर्स कामदगिरी कांस्ट्रक्शन 97ए/322 सिविल लाइन, फतेहपुर के भागीदार योगेन्द्र प्रताप सिंह की दिनांक 29 अक्टूबर, 2020 को मृत्यु हो गयी है तथा फर्म की एक भागीदार श्रीमती निर्मला सिंह दिनांक 01 अप्रैल, 2021 को अपनी भागीदारी समाप्त करते हुये फर्म से अलग हो गयी हैं वर्तमान में अब उक्त फर्म में केवल दो भागीदार शेष हैं। फर्म से पृथक् हुई भागीदार तथा मृतक भागीदारी का फर्म से सम्बन्धित किसी भी प्रकार लेन-देन तथा दायित्व शेष नहीं है। फर्म के शेष दोनों भागीदारों की भागीदारी का अनुपात पचास-पचास प्रतिशत होगा।

जय करण सिंह,
भागीदार।

सूचना

सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स खगेश इन्टरप्राइजेज, कार्यालय 20, रूमा, जी0टी0 रोड, कानपुर नगर तथा शाखा 81/सी0, मित्तल टावर, नारीमन प्वाइंट, मुम्बई-400021 की पंजीकरण संख्या के-7635, दिनांक 09 सितम्बर, 2003 है उक्त फर्म भागीदारी डीड, दिनांक 04 जून, 2013 से बंद (विघटित) की जा चुकी है।

पार्टनर,
कृष्ण गोपाल अग्रवाल।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म तिरूपति डाईंग एण्ड प्रिंटिंग मिल्स फ्लैट नं0 501, टी-1, जे एम पार्क सफायर राम प्रस्थ ग्रीन सेक्टर-9 वैशाली, जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश के परिवर्तन के सम्बन्ध में आपको सूचित करना है कि हमारी फर्म की पार्टनरशिप 14 अप्रैल, 2018 को हुई थी जिसमें पहले छः पार्टनर थे। साझीदार नं0-1 श्री मनोज सिंघल पुत्र श्री आनंद प्रकाश,

साझीदार नं0-2 श्री अमित कुमार सिंघल पुत्र श्री आनंद प्रकाश सिंघल, साझीदार नं0-3 श्री शैलेन्द्र सेठ पुत्र श्री हंस राज सेठ, साझीदार नं0-4 श्री राकेश पाण्डेय पुत्र स्व0 कृष्ण देव पाण्डेय, साझीदार नं0-5 श्री मनीष कुमार पुत्र श्री जय प्रकाश शर्मा, साझीदार नं0-6 विनय शर्मा पुत्री श्री विजय कुमार शर्मा थे। यह कि फर्म की संशोधित साझीदारीनामा डीड दिनांक 07 अगस्त, 2021 की साझेदारी के अनुसार साझीदार नं0-1 श्री मनोज सिंघल पुत्र श्री आनंद प्रकाश व साझीदार नं0-2 श्री अमित कुमार सिंघल पुत्र श्री आनंद प्रकाश सिंघल स्वेच्छा से इस फर्म से अलग हो गये हैं तथा इनका फर्म से कोई लेना-देना बकाया नहीं है तथा अब इनके स्थान पर दिनांक 07 अगस्त, 2021 को नये साझेदारी में साझीदार नं0-5 श्री अवनीश कुमार गौतम पुत्र श्री धनंजय सिंह व साझीदार नं0-6 श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम प्रकाश गुप्ता स्वेच्छा से इस फर्म में नये साझेदार आये हैं तथा अब इस फर्म में अब क्रम से साझीदार नं0-1 शैलेन्द्र सेठ पुत्र श्री हंस राज सेठ, साझीदार नं0-2 श्री राकेश पाण्डेय पुत्र स्व0 कृष्ण देव पाण्डेय, साझीदार नं0-3 श्री मनीश कुमार पुत्र श्री जय प्रकाश शर्मा, साझीदार नं0-4 विनय शर्मा पुत्री श्री विजय कुमार शर्मा, साझीदार नं0-5 श्री अवनीश कुमार गौतम पुत्र श्री धनंजय सिंह, साझीदार नं0-6 श्री सुनील कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 राम प्रकाश गुप्ता हो गये हैं।

शैलेन्द्र सेठ,
साझेदार।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म आर0सी0 डेवलपर्स और बिल्डर्स 529 ख/123, प्रथम तल एफ-1, कैलाशपुरी पिकनिक स्पॉट रोड, खुर्रम नगर, लखनऊ (उ0प्र0) पिन कोड-226020 फर्म पंजीकरण संख्या 5435 में कुल पांच साझेदार हेमन्त गंगवार, राघवेन्द्रा प्रताप सिंह, अजय कुमार, राकेश कुमार, नरेश चन्द्र सक्सेना थे। फर्म के हेमन्त गंगवार, राघवेन्द्रा प्रताप सिंह, अजय कुमार अवकाश ग्रहण करते हुये ये तीन साझेदारों ने अपनी स्वेच्छा से दिनांक 15 जून, 2020 को फर्म से अलग कर लिया है। अवकाश ग्रहण साझेदारों का सारा हिसाब-किताब चुकता हो गया है। किसी प्रकार का साझेदारों का फर्म पर तथा फर्म का साझेदारों पर कोई लेन-देन बकाया नहीं है। दिनांक 15 जून, 2020 से फर्म में तीन नये साझेदार क्रमशः रजनी देवी, चन्द्रपाल सिंह, संजीव कुमार सम्मिलित हो गये हैं। वर्तमान में अब फर्म में कुल पांच साझेदार हैं–दो पुराने राकेश कुमार, नरेश चन्द्र सक्सेना व तीन नये साझेदार क्रमशः रजनी देवी, चन्द्रपाल सिंह, संजीव कुमार तथा फर्म एवं साझेदारों में किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकतायें मेरे द्वारा पूरी कर दी गयी है।

राकेश कुमार,
अधिकृत हस्ताक्षरी/साझेदार,
मे0 आर0सी0 डेवलपर्स एण्ड बिल्डर्स,
329ख/123 कैलाशपुरी, प्रथम तल,
एफ0-1, पिकनिक स्पॉट रोड,
खुर्रम नगर, लखनऊ-226020।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कुछ अभिलेखों में मेरा नाम पिंकी है और कुछ अभिलेखों में मेरा नाम जयश्री है दोनों नाम मेरे ही हैं भविष्य में मुझे जयश्री (JAISHREE) पत्नी जितेन्द्र खटीक (JITENDRA KHATEEK) पता-87/2, सुभाषपुरा ललितपुर के नाम से जाना एवं पहचाना जाये।

जयश्री,
पत्नी जितेन्द्र खटीक,
निवासिनी-87/2 सुभाषपुरा ललितपुर,
परगना, तहसील व जिला ललितपुर (उ0प्र0)।

सूचना

मैं कहकशां हाशमी पुत्री श्री आफताब अहमद हाशमी, निवासिनी-डी-55/1, सेक्टर-7, इंदिरा नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश की हूं। मेरा विवाह पूर्व नाम कहकशां हाशमी था, जो विवाह पश्चात् बदल कर कहकशां सिद्दीकी पत्नी श्री रेहान अहमद सिद्दीकी हो गया है।

कहकशां सिद्दीकी,
पत्नी श्री रेहान अहमद सिद्दीकी,
पता–डी-55/1, सेक्टर-7, इंदिरा नगर,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश, पिन-226016।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 लेबर ग्लास इण्डस्ट्रीज, ग्राम मोडा, पोस्ट गाजीपुर, जिला फिरोजाबाद में श्री तीव्र गुप्ता पुत्र श्री अनिल गुप्ता एवं श्री पार्थ गुप्ता पुत्र श्री राघव चन्द्र गुप्ता, निवासीगण-02, आनन्दलोक, एण्ड्रयूजगंज, एण्ड्रयूजगंज डिफेन्स कालोनी, साउथ दिल्ली, दिल्ली-110049, दिनांक 31 मार्च, 2021 से नये भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं तथा फर्म से पूर्व प्रथम पक्ष राम सेवक शर्मा पुत्र स्व0 छोटे लाल शर्मा,

निवासी-84, हनुमान गंज, फिरोजाबाद, दिनांक 31 मार्च, 2021 से उक्त फर्म से अलग हो गये हैं। अब फर्म में श्री प्रभाकर गुप्ता, श्री तीव्र गुप्ता व श्री पार्थ गुप्ता भागीदार हो गये हैं।

प्रभाकर गुप्ता,
भागीदार,
मे0 लेबर ग्लास इण्डस्ट्रीज, ग्राम मोडा,
पोस्ट गाजीपुर, जिला फिरोजाबाद।

सूचना

सूचित किया जाता है कि भागीदारी फर्म मे0 मॉ काली डवलपर्स, तेली पाड़ा, वृन्दावन गेट, मथुरा में परिवर्तन की सूचना इस प्रकार है–दिनांक 20 जुलाई, 2021 से पूर्व पंचम पक्ष भागीदार श्री बृज किशोर पुत्र श्री देवीदास अग्रवाल (मृतक) के स्थान पर श्री देवेश कुमार पुत्र श्री बृज किशोर, निवासी तेली पाड़ा, वृन्दावन गेट, मथुरा नये भागीदार के रूप में सम्मिलित हो गये हैं तथा पूर्व तृतीय पक्ष भागीदार श्री कृष्ण वीर सिंह चौधरी पुत्र श्री प्रेम सिंह, निवासी कृष्णापुरी, मथुरा व पूर्व सप्तम् पक्ष श्री निखिल अग्रवाल पुत्र बृज किशोर, निवासी तेली पाड़ा, वृन्दावन गेट, मथुरा, दिनांक 20 जुलाई 2021 से उक्त फर्म से अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये हैं। अब फर्म में श्रीमती सुधा अग्रवाल, श्री सुनील कुमार अग्रवाल, श्रीमती मंजू अग्रवाल, श्री गौरांग अग्रवाल व श्री देवेश कुमार अग्रवाल भागीदार हो गये हैं।

सुधा अग्रवाल,
भागीदार,
मे0 मॉ काली डवलपर्स,
तेली पाड़ा, वृन्दावन गेट, मथुरा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 गर्ग एण्ड एसोसिएट्स, 7 विनय नगर बोदला रोड, आगरा में स्थित है, एजी-14208 उपरोक्त फर्म में साझेदार श्री कन्हैया लाल गर्ग पुत्र श्री पुरुषोत्तम लाल गर्ग, श्री नरेश चन्द्र गोयल पुत्र श्री लाला राम गोयल, सुरेश चन्द गोयल पुत्र श्री लाला राम गोयल, श्रीमती चन्द्रा गर्ग पत्नी श्री कन्हैया लाल गर्ग, श्रीमती नीलम गोयल पत्नी श्री नरेश चन्द्र गोयल सभी साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 01 अप्रैल, 2015 को संचालन की थी आज दिनांक 01 अप्रैल, 2020 को श्री गर्वित गोयल नये साझेदार सम्मिलित हो गये हैं दिनांक 01 अप्रैल, 2020 नरेश चन्द गोयल एवं नीलम गोयल अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये हैं फर्म में उनका कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म को कन्हैया लाल गर्ग, सुरेश चन्द गोयल श्रीमती चन्द्रा गर्ग एवं गर्वित गोयल संचालित करेंगे।

कन्हैया लाल गर्ग,
साझेदार,
मे0 गर्ग एण्ड एसोसिएट्स,
7 विनय नगर बोदला रोड, आगरा।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मे0 जगन्नाथ इण्टरप्राइजेज, ए-12 गिर्राज वाटिका रमण रेती रोड वृन्दावन, जिला मथुरा में स्थित है। एजी-15189 उपरोक्त फर्म में साझेदार श्रीनाथ गोस्वामी पुत्र स्व0 श्याम बिहारी गोस्वामी, श्रीमती रेखा सारस्वत पत्नी श्री राम कुमार सारस्वत, श्रीमती प्रीति गोस्वामी पत्नी श्री विश्वनाथ गोस्वामी सभी साझेदारों ने अपनी फर्म दिनांक 12 दिसम्बर, 2012 को संचालन की थी आज दिनांक 31 जुलाई, 2021 को श्री मनीष कुमार एवं दिनेश नये साझेदार सम्मिलित हो गये हैं दिनांक 31 जुलाई, 2021 श्रीमती रेखा सारस्वत एवं श्रीमती प्रीति गोस्वामी अपनी स्वेच्छा से अलग हो गये हैं फर्म में उनका कोई लेन-देन बकाया नहीं है। अब फर्म को श्रीनाथ गोस्वामी, श्री मनीष कुमार एवं श्री दिनेश संचालित करेंगे।

श्रीनाथ गोस्वामी,
साझेदार,
मे0 जगन्नाथ इण्टरप्राइजेज,
ए-12 गिर्राज वाटिका रमण रेती,
रोड वृन्दावन, जिला मथुरा।

सूचना

फर्म मे0 बालाजी इन्फ्रा ओम नगर शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद पत्रावली संख्या एजी/9657 में दिनांक 29 जून, 2021 मैं जितेन्द्र कुमार पुत्र श्री उदयवीर सिंह, निवासी मोहल्ला संजय नगर एटा को साझेदारी में सम्मिलित कर लिया गया तद्दिनांक को रवि यादव पुत्र श्री कृष्ण, निवासी ओम नगर, जनपद फिरोजाबाद फर्म की भागीदारी से अपनी स्वेच्छा से पृथक् हो गये हैं वर्तमान में साझीदार अखिलेश कुमार, सत्यम कुमार धर्मेन्द्र यादव, श्रीमती अजोरा देवी, जितेन्द्र कुमार हैं तथा फर्म का नाम मे0 रवी यादव हैण्डलिंग ट्रान्सपोर्ट काण्ट्रेक्टर एण्ड सप्लायर्स से परिवर्तित कर मे0 बालाजी इन्फ्रा कर लिया गया है।

अखिलेश कुमार,
साझेदार,
मे0 बालाजी इन्फ्रा, ओम नगर,
शिकोहाबाद, जिला फिरोजाबाद।

पी0एस0यू0पी0–24 हिन्दी गजट–भाग 8–2021 ई0।
मुद्रक एवं प्रकाशक–निदेशक, मुद्रण एवं लेखन-सामग्री, उ0प्र0, प्रयागराज।